देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



हूती विद्रोहियों ने इस्राइल पर दागी... 12

इटौंजा के बगहा गांव में डंपर की टक्कर से युवक की...03




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 330

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 15 सितंबर, 2024


# केजरीवाल 17 सितंबर को दिल्ली CM पद से इस्तीफा देंगे

- इसी दिन मोदी का 74वां जन्मदिन; इस्तीफे के बाद विधायक नया मुख्यमंत्री चुनेंगे
- भाजपा ने घेरा, कांग्रेस ने उठाए सवाल; आप ने दिल्ली चुनाव के लिए रखी मांग



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

2 दिन पहले (13 सितंबर) जमानत पर जेल से बाहर आए अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि वे 2 दिन में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। केजरीवाल आम आदमी पार्टी के दफ्तर में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा- भाजपा ने मुझ पर बेईमानी, भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं, अब जनता की अदालत में मेरी ईमानदारी का फैसला होगा। दो-तीन दिन में विधायकों की बैठक में नया ष्टरू चुना जाएगा। चुनाव तक मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। मनीष सिसोदिया भी कोई पद नहीं लेंगे, उनका भी यही सोचना है। केजरीवाल के दो दिन में इस्तीफा देने के सवाल पर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा- आज रविवार है, सोमवार को ईद की छुट्टी है। वर्किंग डे 17 सितंबर को है।

इस वजह से अरविंद ने 2 दिन का समय लिया है। 17 सितंबर को ही प्रधानमंत्री मोदी का 74वां जन्मदिन है। वे इस दिन कुछ घंटे गुजरात में रहेंगे फिर ओडिशा जाएंगे।

### इस्तीफे पर 3 पार्टियों के बयान

- **बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसादः** जिस व्यक्ति ने बड़े भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाया, वह भ्रष्टाचार के साथ ऐसा समझौता करेगा। सोचा नहीं था। आज भारत के लोगों का सिर शर्म से झुक गया है।
- **कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरीः** यह उनकी इच्छा है, अगर वह जेल में सीएम रह सकते हैं, तो बाहर भी सीएम रह सकते थे। हो सकता है कि कुछ और गंभीर मामले हों, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है।
- **नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्लाः** वह चाहते हैं कि दिल्ली में चुनाव हों और वह लोगों के बीच जाना चाहते हैं। वह जनता के बीच जाना चाहते हैं ताकि वे फैसला कर सकें और यह अच्छी बात है। वह सत्ता के भूखे नहीं हैं।

### दिल्ली में 2013 से केजरीवाल की सरकार, लगातार 3 बार CM बन

- दिल्ली में फरवरी 2025 में केजरीवाल सरकार का कार्यकाल खत्म होने वाला है। केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी 2013 से दिल्ली की सत्ता में हैं।
- दिल्ली में 4 दिसंबर, 2013 को कुल 70 सीटों पर विधानसभा चुनाव हुए थे। 8 दिसंबर 2013 को नतीजे आए। इसमें भाजपा 32 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। हालांकि, बहुमत नहीं मिला। क्कको 28 और कांग्रेस को 8 सीटें मिलीं। कांग्रेस के समर्थन से अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री बनते हुए सरकार बनाई। हालांकि, 49 दिन बाद दोनों पार्टियों का गठबंधन टूट गया।
- 7 फरवरी, 2015 को दिल्ली में फिर से विधानसभा चुनाव हुए। इसमें क्कने 67 सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा सिर्फ तीन सीटों पर सिमट गई थी।
- पांच साल बाद 8 फरवरी, 2020 के विधानसभा चुनाव में क्कने कुल 70 सीटों में 62 सीटों पर जीत हासिल की है। 8 सीटें भाजपा के खाते में गईं।

### केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आगे क्या...

मुख्यमंत्री कौन होगाः केजरीवाल ने कहा कि जनता को तय करना है कि केजरीवाल ईमानदार है या बेईमान। चुनाव के बाद जनता ने चुना तो पद पर बैठूंगा। चुनाव होने तक पार्टी दो-तीन दिन में नया मुख्यमंत्री चुनेगी। सूत्रों के मुताबिक, आतिशी, कैलाश गहलोत, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज और सुनीता केजरीवाल में से कोई एक मुख्यमंत्री बन सकता है। केजरीवाल क्या करेंगेः 5 अक्टूबर को हरियाणा में वोटिंग है। राज्य में कांग्रेस से क्कका गठबंधन नहीं हुआ है। इसके बाद यहां सभी 90 सीटों पर पार्टी ने प्रत्याशी उतारे हैं। केजरीवाल का पूरा फोकस अब हरियाणा में चुनाव प्रचार पर होगा। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भी केजरीवाल प्रचार कर सकते हैं।

### 177 दिन बाद रिहाई, केजरीवाल ने जेल में 156 दिन बिताए

शराब नीति केस में मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर केजरीवाल को 21 मार्च को श्वष्ठ ने गिरफ्तार किया था। 10 दिन की पूछताछ के बाद उन्हें 1 अप्रैल को तिहाड़ जेल भेजा गया। 10 मई को 21 दिन के लिए लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए रिहा किया गया। ये रिहाई 51 दिन जेल में रहने के बाद मिली थी। 2 जून को केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया था। शराब नीति मामले में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में ष्टक्चढ्ढ ने उन्हें 26 जून को गिरफ्तार किया। 13 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दी। इस तरह से वे 156 दिन तिहाड़ जेल में बिता चुके हैं, लेकिन उन्हें रिहाई 177 दिन बाद मिली है।

### मेरी जगह कोई और सीएम होगाः अरविंद केजरीवाल

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, मैं दो दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती, मैं सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। उन्होंने कहा कि मैं और मनीष सिसोदिया जनता के बीच जाएंगे। दिल्ली विधानसभा भंग नहीं होगी। मेरी जगह कोई और सीएम होगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा, इन्होंने(भाजपा) एक और नया फॉर्मूला बनाया है जहां जहां ये चुनाव हारे वहां-वहां के मुख्यमंत्री पर फर्जी केस करके गिरफ्तार कर लो और उसकी सरकार गिरा दो। इन्होंने सिद्धारमैया, पिनाराई विजयन, ममता दीदी पर केस कर रखें हैं। ये एक विपक्ष के मुख्यमंत्री को नहीं छोड़ते सभी पर फर्जी केस करके जेल में डालते हैं और सरकार गिरा देते हैं।

### भाजपा ने बताया पीआर स्टंट, आप ने कहा अग्निपरीक्षा

उधर, अरविंद केजरीवाल की मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने की घोषणा को भाजपा ने पीआर स्टंट बताया है। भाजपा का कहना है कि केजरीवाल को कोर्ट की शर्तों ने इस्तीफे के लिए मजबूर किया है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने कहा कि मुख्यमंत्री अग्निपरीक्षा से गुजरने के लिए तैयार हैं। अरविंद केजरीवाल ने ईमानदारी का नया मानदंड स्थापित किया है।

### केजरीवाल की स्पीच, 5 मैसेज

**भगत सिंह की किताब लेकर पहुंचेः** केजरीवाल सभा में भगत सिंह की जेल में लिखी किताब भगत सिंह की जेल डायरी लेकर पहुंचे। कहा कि भगत सिंह के खत अंग्रेज बाहर ले जाते थे। मैं जेल में था, मेरी चिट्ठी एलजी तक नहीं पहुंचाई गई। मुझे धमकाया गया कि दोबारा ऐसा ना करूं।

**खुद को क्रांतिकारी मुख्यमंत्री कहाः** केजरीवाल ने कहा कि भगत सिंह के बाद, 90-95 साल बाद आजाद भारत में एक क्रांतिकारी मुख्यमंत्री जेल गया। 15 अगस्त से 3 दिन पहले एलजी से कहा था कि मेरी जगह आतिशी को तिरंगा फहराने दिया जाए। चिट्ठी एलजी तक नहीं गई।

**माता सीता की तरह मेरी अग्निपरीक्षाः** दिल्ली सीएम ने कहा कि जब 14 साल के बाद भगवान राम वनवास से लौटे तो माता सीता को अग्नि परीक्षा देनी पड़ी थी। आज मैं अग्निपरीक्षा दूंगा।

**गैर भाजपाई सीएम जेल जाएं तो इस्तीफा ना देंः** केजरीवाल ने कहा- मैं सभी नॉन भाजपा सीएम से प्रार्थना करता हूं। अगर पीएम जेल भेजें तो इस्तीफा मत देना। हम सबको मिलकर लड़ना है। बहुमत से सरकार आई और मुख्यमंत्री इस्तीफा दे दे। इनका फॉर्मूला आम आदमी पार्टी ने फेल कर दिया।

**दिल्ली विधानसभा चुनाव नवंबर में होः** केजरीवाल बोले- फरवरी में चुनाव हैं, मैं मांग करता हूं कि चुनाव नवंबर में कराए जाएं। महाराष्ट्र के साथ चुनाव हों। आपका फैसला आने तक मैं जिम्मेदारी नहीं संभालूंगा। आम आदमी पार्टी से कोई और मुख्यमंत्री बनेगा।

### केजरीवाल के इस्तीफे के मायने, 3 बातें...

**सीएम, लेकिन पावर नहींः**
दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल 177 दिन बाद जेल से जमानत पर बाहर आए। सुप्रीम कोर्ट ने शर्त रखी कि वो ष्टरू ऑफिस नहीं जाएंगे और ना ही किसी फाइल पर साइन करेंगे। यानी जेल से बाहर आने और मुख्यमंत्री रहते हुए भी उनके पास पावर नहीं रहा। सरकार कैबिनेट भरोसे चलेगी।

**5 महीने का कार्यकाल बचाः**
दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2025 में खत्म हो रहा है। यानी सरकार के पास चुनाव में सिर्फ 5 महीने ही बचे हैं। इस दौरान सरकारें लोकलुभावन चुनावी फैसले लेती हैं। केजरीवाल कोर्ट की शर्तों में बंधे। जेल से छूटने के बाद केजरीवाल के साथ सिंपथी है। दो-तीन महीने पहले दिल्ली में चुनाव की मांग कर केजरीवाल इस सिंपथी को भुनाना चाहेंगे। भाजपा ने इस्तीफा मांगा था,

**उसका भी जवाब दे सकेंगेः**
दिल्ली शराब नीति केस में नाम आने और गिरफ्तारी के बाद से ही भाजपा के नेता अरविंद केजरीवाल से मुख्यमंत्री पद छोड़ने की मांग कर रहे हैं। केजरीवाल ने अब इस्तीफे का ऐलान कर दिया है। अब वे भाजपा नेताओं के हर हमले का जवाब सकेंगे कि मैंने तो इस्तीफा दे दिया।

# यूपी के सरकारी अस्पतालों का स्टाफ भी बोलेगा, मे आई हेल्प यू



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लखनऊ

पर्चा वहां बनेगा...दवा उस काउंटर पर मिलेगी...फलां डॉक्टर वहां बैठते हैं...मरीज को भर्ती करने के लिए फाइल यहां बनवानी है... अगली बार जब आप सरकारी अस्पताल पहुंचें और वहां का स्टाफ इस तरह आपकी मदद करता दिखे तो चौंकिएगा मत। योगी सरकार द्वारा प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों के फ्रंटलाइन स्टाफ को मरीजों और तीमारदारों से बेहतर व्यवहार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि प्रदेशवासियों को अस्पताल में व्यवहार सम्बन्धी दिक्कतों का सामना न करना पड़े। योगी सरकार ने यह कदम प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्वक इलाज उपलब्ध कराने के साथ ही अस्पताल में अपनत्व का अहसास कराने के लिए उठाया है। योगी सरकार का मानना है कि इससे अस्पतालों में मरीज की तीमारदारी में लगे परिजनों को सुविधा मिलेगी और सरकारी अस्पतालों के प्रति उनके मन में एक सकारात्मक छवि बनेगी।

### चिकित्सालयों में दिया जा रहा प्रशिक्षण

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की महाप्रबंधक प्रशिक्षण डॉ. अर्चना वर्मा ने बताया कि सुरक्षा गार्ड, स्वागत कक्ष में तैनात कर्मी तथा वार्ड सहायक चिकित्सालय आने वाले व्यक्तियों के लिए प्रथम संपर्क बिंदु का काम करते हैं। मरीजों तथा उनके परिवारीजनों के प्रति अस्पताल के इन कर्मचारियों की सजगता और व्यवहार अत्यंत अहम है। उन्होंने बताया कि कई चिकित्सालयों में प्रशिक्षण शुरू हो चुका है और बाकि में भी माइक्रो प्लान बनाकर सभी फ्रंटलाइन स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### रिसेप्शनिस्ट, वार्ड सहायक, सुरक्षा गार्ड, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट और लैब तकनीशियन को दी गई ट्रेनिंग

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश के सभी फ्रंटलाइन स्टाफ (रिसेप्शनिस्ट/वार्ड सहायक/सुरक्षा गार्ड/ स्टाफ नर्स/ फार्मासिस्ट/लैब तकनीशियन) को प्रशिक्षित करने के लिए लखनऊ में मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। ये मास्टर ट्रेनर सभी जिला अस्पतालों के प्रमुख/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, स्टाफ नर्स इंचार्ज, अस्पताल मैनेजर व जिला क्वालिटी परामर्शदाता होंगे।

### दिखाई देंगे पहल के सकारात्मक परिणाम

प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मरीजों और उनके तीमारदारों को सरकारी अस्पताल में अच्छा अनुभव प्रदान करने के लिए मास्टर ट्रेनर को ट्रेनिंग दी गई है। सीएम योगी ने एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा था कि सम्मानजनक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल जन स्वास्थ्य सेवा का अहम हिस्सा है। ऐसे में चिकित्सा इकाई पर आने वाले मरीज के लिए फ्रंटलाइन स्टाफ और उसका व्यवहार अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि यहीं से अस्पताल की छवि बनती या बिगड़ती है इसलिए सम्मानजनक देखभाल प्रदान करने के लिए फ्रंटलाइन स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# आमजन की सुरक्षा प्राथमिकता, प्रत्येक व्यक्ति को बचाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी टीमः सीएम योगी

- सीएम योगी ने बहराइच में मानव-वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित परिवार वालों से की मुलाकात, घायलों का जाना हालचाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ/बहराइच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को बहराइच दौरे पर पहुंचे। उन्होंने हवाई सर्वेक्षण भी किया, फिर मानव-वन्यजीव संघर्ष में भेड़ियों के हमले में मारे गए लोगों के परिवार वालों से मुलाकात की। सीएम ने घायलों से मिलकर भी हालचाल जाना। सीएम ने सहायता राशि, घायलों को लगाए जाने वाले इंजेक्शन, पीड़ित परिवारों के स्वास्थ्य और बच्चों की पढ़ाई आदि की भी जानकारी ली। सीएम योगी आदित्यनाथ यहां मीडिया से भी मुखातिब हुए। सीएम ने कहा कि आमजन की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है, जब तक क्षेत्र खतरे से मुक्त नहीं हो जाता, वन विभाग, जिला प्रशासन-पुलिस टीम निरंतर यहां कार्य करेगी।

### वन विभाग की 165 लोगों की 25 टीम तैनात, 4 थर्मल ड्रोन से भी रखी जा रही नजरः सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने मानव वन्य जीव संघर्ष को आपदा की श्रेणी में रखा है। जनहानि पर पीड़ित परिवार को तत्काल पांच लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराते हैं। जंगली जानवरों के हमले में घायलों के लिए एंटी रैबीज वैनम उपलब्ध कराई गई है। सीएम योगी ने कहा कि आमजन की सुरक्षा के लिए यहां वन विभाग की 165 लोगों की 25 टीम तैनात है। 4 थर्मल ड्रोन लगाए गए हैं। पहली प्राथमिकता भेड़िए को रेस्क्यू करने की है। यदि उसकी हिंसक गतिविधियां बढ़ीं या उसने जनहानि का प्रयास किया तो उसे शूट करने के भी आदेश दिए गए हैं। यह अंतिम विकल्प है, इससे पहले अन्य विकल्पों पर भी कार्य किया जा रहा है।

### सूचना मिलते ही शुरू कर दी गई कार्रवाई

पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि महसी विधानसभा क्षेत्र के नदी से सटे इलाकों में दो माह से भेड़ियों के आतंक के कारण कुछ जनहानि हुई है। भेड़ियों ने कुछ बच्चों को घायल भी किया है। जनप्रतिनिधियों ने जब पहली बार इससे अवगत कराया तो मैंने प्रशासन को तत्काल अभियान चलाने का निर्देश दिया था। इसके उपरांत वन मंत्री व विभागीय अधिकारियों को टीम के साथ भेजा गया।

### अब तक 5 भेड़िए रेस्क्यू, एक की तेजी से चल रही तलाश

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस क्षेत्र के 20-25 किमी. दायरे में दो महीने में 8 जनहानि हुई। अब तक पांच भेड़िए रेस्क्यू किए गए हैं। एक अभी भी पकड़ से बाहर है। जंगली जानवरों की दृष्टि से जो क्षेत्र संवेदनशील होता है। इस सीजन में ऐसी घटनाएं प्रकाश में आती हैं।

# यात्रियों की जान से खिलवाड़ कर रहे रेलवे अधिकारी और कर्मचारी

## हरदोई में रेलवे ट्रैक पर फैक्चर होने के बाद भी रेल अधिकारियों ने दो ट्रेनों को लखनऊ की ओर रवाना कर दिया

- प्लेटफार्म पांच व तीन के खाली होने के बाद भी फैक्चर पटरी से गरीब रथ और बरेली वाराणसी एक्सप्रेस को लखनऊ की ओर रवाना कर दिया
- रेलवे विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े होने लगे हैं
- फैक्चर पटरी के चलते यदि कोई कोच डिरेल हो जाता तो ट्रेन में सवार हजारों रेल यात्रियों की जान पर बन आती

जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा

**लखनऊ।** रेलवे कर्मचारी और अधिकारी यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। हरदोई में रेलवे ट्रैक फैक्चर होने की जानकारी होने के बाद भी रेलवे स्टाफ में दो रेलगाड़ी को गुजार दिया। रेलवे कर्मियों की भर्ती की वजह से जान माल का भारी नुकसान हो सकता था।

एक के बाद एक रेल हादसों के बाद भी रेलवे स्टाफ सबक नहीं ले रहा है। हरदोई जिले में रेलवे विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। वहां रेलवे ट्रैक पर फैक्चर होने के बाद भी रेल अधिकारियों ने दो ट्रेनों को लखनऊ की ओर रवाना कर दिया। हरदोई रेलवे स्टेशन पर तैनात अधिकारियों को रेल यात्रियों की जान की बिल्कुल भी परवाह नहीं की।

प्लेटफार्म पांच व तीन के खाली होने के बाद भी फैक्चर पटरी से गरीब रथ और बरेली वाराणसी एक्सप्रेस को लखनऊ की ओर रवाना कर दिया गया। ऐसे में रेलवे विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। फैक्चर पटरी के चलते यदि कोई कोच डिरेल हो जाता तो ट्रेन में सवार हजारों रेल यात्रियों की जान पर बन आती।

### दो ट्रेनों को फैक्चर पटरी से ही गुजार दिया जबकि दो डाउन ट्रैक खाली थे

हरदोई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या चार पर शाम 7:15 पर रेल यात्रियों ने ट्रैक पर फैक्चर होने की जानकारी रेल अधिकारियों को दी थी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे रेलवे विभाग के अधिकारियों ने पीछे से आ रही दो ट्रेनों को फैक्चर पटरी से ही गुजार दिया जबकि दो डाउन ट्रैक खाली थे।

### ट्रैक पर कार्य के दौरान भी नहीं रखा गया मानकों का ध्यान

ट्रेनों के गुजरने के बाद रेलवे विभाग के अधिकारियों ने मानकों को ताक पर रखकर रेल ट्रैक पर कार्य कराया। जबकि इस दौरान रेलवे ट्रैक पर कार्य कर रहे कोई भी कर्मचारी सुरक्षा के मानक को पहने नहीं थे रेल ट्रैक कार्य के समय किसी भी रेल कर्मचारियों को ट्रैक पर कार्य के समय भी मानक भी पूरे नहीं कराये गए। बिना सेफ्टी शू, हेलमेट, जैकेट के स्वयं एडीईएन फर्स्ट और कर्मचारी रेल ट्रैक पर फैक्चर को जोड़ते हुए नजर आए। इस दौरान प्लेटफार्म नंबर तीन से कई रन थ्रू ट्रेनों को भी गुजरना पड़ा है। हरदोई में रेल कर्मचारियों की जान की परवाह किए बिना मानकों को ताख पर रखकर कार्य कराया गया।

### बरेली वाराणसी एक्सप्रेस यात्रियों की सूझबूझ और सतर्कता के चलते ट्रेन हादसे का शिकार होने से बच गई

ट्रैक पर फैक्चर होने की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे रेलवे के अधिकारियों ने पीछे से आ रही 14236 बरेली वाराणसी बरेली एक्सप्रेस को रोक दिया। बरेली वाराणसी एक्सप्रेस हरदोई आने को थी तभी रेल यात्रियों द्वारा ट्रैक पर फैक्चर देखा गया जिसके बाद बरेली वाराणसी एक्सप्रेस को आउटर पर रोक दिया। बरेली वाराणसी एक्सप्रेस लगभग आधे घंटे तक खड़ी रही जिसके बाद रेल अधिकारियों द्वारा फैक्चर ट्रैक से ट्रेन को आगे लखनऊ की ओर रवाना किया कर दिया। बरेली वाराणसी एक्सप्रेस यात्रियों की सूझबूझ और सतर्कता के चलते ट्रेन हादसे का शिकार होने से बच गई। बरेली वाराणसी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय शाम के 6:45 से 27 मिनट की देरी से शाम 7:14 पर हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंची थी। इसके बाद ट्रेन 58 मिनट की देरी से शाम 7:45 पर आगे लखनऊ की ओर रवाना की जा सकी। रेल ट्रैक पर फैक्चर के चलते पीछे से आ रही है 12204 अमृतसर सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस पर भी असर पड़ा गरीब रथ हरदोई रेलवे स्टेशन पर अपने निर्धारित समय शाम के 4:55 से 3 घंटे 7 मिनट की देरी से रात 8:02 मिनट पर हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंची। जिसके बाद ट्रेन फैक्चर ट्रैक से लगभग 16 मिनट की देरी से 8-18 पर लखनऊ की ओर रवाना हुई। ट्रैक फ़ैक्चर होने के बाद रेलवे विभाग के अधिकारी अपनी खामी को छुपाते नज़र आये।

## खतरे में है गरीबों का सेब कहे जाने वाला अमरूद

# एक दशक में आई विदेशी प्रजातियों से निमेटोड का संक्रमण तेजी से बढ़ा

- वर्तमान में करीब आधे बागान निमोटेड से संक्रमित

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अपने पोषक गुणों और वाजिब दाम में मिलने के चलते अमरूद को गरीबों का सेब कहा जाता है। पर, गरीबों के इस सेब के वजूद पर निमेटोड के संक्रमण का खतरा है। थाई पिंक और ताइवान पिंक जैसी विदेशी प्रजातियों के साथ ही यह संक्रमण भी आया। यह इतना तेजी से फैलता है कि वर्तमान में अमरूद के करीब आधे बागान इसकी चपेट में आ चुके हैं।



### प्रति 100 ग्राम अमरूद में मिलने वाले पोषक तत्व

| | |
|---|---|
| नमी | 81.7 |
| फाइबर | 5.2 |
| कार्बोज | 11.2 |
| प्रोटीन | 0.9 |
| वसा | 0.3 |

इसके अलावा इसमें कैल्शियम, फॉस्फोरस, थायमिन, राइबोफ्लेविन, नियासिन, आयरन आदि भी उपलब्ध होते हैं।

### संक्रमण का प्रबंधन मुश्किल

बागों से निमेटोड संक्रमण को खत्म करना संभव नहीं। सिर्फ इसका प्रबंधन ही एक हद तक संभव है। वह भी मुश्किल से। इसमें फ्लोपायरम का प्रयोग अपेक्षाकृत असरदार पाया गया लेकिन यह महंगा है। साथ ही इसका असर भी मात्र छह माह तक ही रहता है।

### प्रयोग का तरीका

मुख्य क्षेत्र में रोपाई से 15 दिन पहले निमेटोड संक्रमित ग्राफ्ट की मिट्टी और जड़ों को फ्लोपायरम 0.05त्न घोल से उपचारित किया जाना चाहिए। ग्राफ्ट को जितना संभव हो उतना गहरा रोपण किया जाना चाहिए और फ्लोपायरम के 0.05त्न घोल के 2 लीटर प्रति पौधे की दर पर प्रयोग किया जाना है। अमरूद के बाग की स्थापना के लिए खेत का चयन भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारी मिट्टी निमेटोड के लिए दमनकारी होती है। सबसे अच्छा तरीका यह सुनिश्चित करना है कि नए अमरूद के बाग की स्थापना के लिए चुने गए क्षेत्र में रूट-नॉट निमेटोड की अनुपस्थिति और आईसीएआर फ्यूसिकॉन्ट, सीआईएसएच बैक्टीरियल बायो-एजेंट जैसे जैव-एजेंटों का निरंतर उपयोग किया जाए। संस्थान के वैज्ञानिको ने सीडियम कैटलीनम और अंतर-विशिष्ट मोले रूटस्टॉक जैसे रूटस्टॉक्स की भी पहचान की है जो निमेटोड के प्रति उच्च स्तर की सहिष्णुता दिखाते हैं। इस रोग के प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक रूटस्टॉक्स के तेजी से गुणन पर गंभीरता से काम कर रहे है। ट्राइकोडर्मा हर्जियानम, पोकोनिया क्लैमाइडोस्पोरिया, पर्प्यूरोसिलियम लिलेसीनम, बैसिलस एमिलोलिकेफेसिएन्स जैसे जैव-नियंत्रक एजेंट भी निमेटोड संक्रमण के प्रबंधन में प्रभावी हैं। पर, बार-बार दोहराने की आवश्यकता होती है। अन्तर शस्यन और जैविक उत्पादों में सूत्रकृमि प्रतिरोधी फसलों का उपयोग मामूली रूप से प्रभावी पाया गया है। अमरूद की फसल पर संस्थान के रोग विशेषज्ञ डॉ. पीके शुक्ल द्वारा किए गए अध्ययनों से साबित हुआ है कि अमरूद की विदेशी प्रजातियां निमेटोड संक्रमण के लिए अतिसंवेदनशील हैं। जबकि इलाहाबाद सफेदा जैसी पारंपरिक किस्म और स्वदेशी रूप से जारी की गई किस्मों जैसे धवल, ललित, लालिमा, श्वेता आदि में विदेशी किस्मों की तुलना में निमेटोड के प्रति सहिष्णुता अधिक पायी जाती है। बागवानों, किसानों और किचेन गार्डन में लगाने के लिए इन्ही प्रजातियों को प्रोत्साहित किया जाय।

### अवैध रूप से पौधे बेचने वालों पर सख्ती की जरूरत

यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए की इन प्रजातियों की बिक्री केवल उन नर्सरियों से हो जिन्होंने स्रोत संस्थान से प्रौद्योगिकी प्राप्त की है। जो पौध उत्पादक अवैध रूप से इसे बेच रहे हैं, उन पर सख्ती से करवाई की जाय। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के डॉ. प्रभात कुमार के साथ वैज्ञानिकों की टीम ने रोपण सामग्री के साथ निमोटेड के प्रसार से बचने के लिए तकनीक भी तैयार की है।

# मंडलायुक्त ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया निरीक्षण बाढ़ प्रभावित लोगों को वितरित की राहत सामग्री

जन एक्सप्रेस। उरई




मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रामपुरा, पचनदा आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान माधौगढ़, रामपुरा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र वासियों को राहत सामग्री का वितरण किया और कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई राहत सामग्री आप तक पहुंचाई जा रही है। आप लोगो को घबराने की जरूरत नही है, प्रदेश सरकार जिला प्रशासन आपके साथ है। राहत शिविर केम्प परिसर में ही ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। मेडिशन किट उपलब्ध कराई जा रही है। आपको बेहतर स्वास्थ्य के लिए उन दवाइयों का प्रयोग करना है। उन्होंने कम्युनिटी किचिन में बन रहे खाने को स्वयं चखकर खाने की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में हर संभव मदद का प्रयास किया जाए। साथ ही कहा कि खाने की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि जनपद जालौन के लगभग 20 गांव बाढ़ में है, लेकिन अभी तक कोई जनहानि और पशुहानि नही हुई है। जिला प्रशासन की मदद से उनको सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया गया। जिला प्रशासन द्वारा बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई है। सभी जगह कम्युनिटी किचिन चल रही है। उन्होने कहा कि अभी पानी का स्तर घट रहा है लगभग स्थिति सामान्य है। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र जहां पानी में डूबने से फसलों को हुए नुक़सान की भरपाई हेतु प्रारंभिक सर्वे का कार्य पूरा हो गया है। लगभग जनपद में 2150 एकड़ भूमि पर कृषि के प्रभावित होने की आशंका है। जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों को फसलों में हुए नुकसान के सर्वे का आदेश दिया गया है। लेखपाल विस्तृत सर्वे रिपोर्ट तैयार कर कृषि बीमा योजना और राहत मद से कार्यवाही के निर्देश दिये गये। वहीं जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता पर पशुओं को भूसा व टीकाकरण का कार्य भी तेजी से सुनिश्चित करेंगे। जिससे पशुओं को गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार पाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा, क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# छोटी बिलहरी गांव में दलदल भरे मार्ग से निकलने को मजबूर हैं ग्रामीण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



बारिश के दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों में पानी भर जाना यह तो सामान्य सी बात है, लेकिन कीचड़ घुटनों तक हो और फिर यहां से लोगों को निकलना पड़े तो इसका सहजता से अंदाजा लगाया जा सकता है कि दिल पर क्या बीतेगी। जी हां मानिकपुर विकासखंड की ददरी माफी ग्राम पंचायत के छोटी बिलहरी गांव में कुछ ऐसे ही हालत हैं। कीचड़ भरे रास्ते से ग्रामीणों को गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। रास्ता नहीं बनने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों द्वारा कई जगह शिकायत करने के बावजूद भी रास्ते की मरम्मत नहीं होने से भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।

मानिकपुर तहसील के ददरी माफी गांव में लोगों को बारिश के दौरान घुटनों तक पानी और दलदल के बीच से होकर आवागमन करना पड़ता है। गांव में एक दशक से यह समस्या व्याप्त है। अभी तक इस समस्या से ग्रामीणों को निजात नहीं मिली पाई है। ग्रामीणों का कहना है कि नेता बस वोटों के समय बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन उसके बाद उनका इस पर ध्यान नहीं जाता है। जिसके चलते ये समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने कहा यह समस्या बारिश के चार महीने बनी रहती है। इस पर अधिकारी सहित सरपंच, सचिव भी ध्यान नहीं दे रहे।

**गांव की तरफ़ कभी नहीं आते प्रधान**

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने प्रधान, सचिव से कई बार सड़क निर्माण की बात कही, लेकिन आज तक सड़क नहीं बन पाई। इस साल भी लगातार होने वाली बारिश से दलदल हो गया है जिससे आवागमन बंद है ग्रामीणों को जरूरी कार्य से आवागमन करने पर इसी दलदल से होकर गुजरना पड़ता है। चुनाव जीतने के बाद यादाकदा ही प्रधान गांव तरफ़ आते हैं, समास्या देखने के बाद भी उनका यह समस्या नहीं दिखती है। सचिव साहब तो ग्राम सचिवलय से ही वापस हो जाते हैं। इस गम्भीर समस्या की ओर किसी का भी ध्यान नहीं है। जबकि यह रास्ता बनना बेहद आवश्यक है। स्कूली बच्चे तो कीचड़ से लथपथ होकर निकलते हैं।

# श्री रामचरितमानस मंदिर तुलसी पीठ में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रामलीला का हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव का डॉ राकेश मिश्र अध्यक्ष पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास एवं डॉ. वेद प्रकाश टंडन अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय रामलीला द्वारा तीन दिवसीय रामलीला का आयोजन तुलसी पीठ परिसर के श्रीरामचरितमानस मंदिर में जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महिला बाल विकास मंत्री भारत सरकार सुमित्रा ठाकुर, समन्वयक डॉ. वंदना टंडन, संयोजक आचार्य रामचंद्र दास द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान गुरुकुल में अध्यनरत नन्हे कलाकारों ने गणेश वंदना उपस्थित कर श्रद्धालुओं, भक्तजनों का मन मोह लिया।

श्रीरामचरित्रमानस मंदिर श्री तुलसी पीठ आमोद वन चित्रकूट जिला सतना मध्य प्रदेश में प्रथम दिवस की लीला के अवसर पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं व भक्तजनों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए डॉ राकेश मिश्र एवं डॉ वेद प्रकाश टंडन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम मानवता के मापदंड हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामचंद्र को अपने जीवन में लाएं, मानवता जीवन का मंत्र है।

उन्होंने कहा कि रामघाट पर बजरंगबली ने गोस्वामी तुलसीदास से कहा कि कल माघ अमावस्या है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जब घाट पर आएंगे तो आपको भगवान प्रभु श्रीराम के दर्शन का पुण्य लाभ अर्जित होगा। दूसरे दिवस वह पुण्य अवसर आया प्रभु श्रीराम घाट पर स्नान करके जैसे ही गोस्वामी तुलसीदास के समक्ष गए बजरंगबली ने कहा कि चित्रकूट के घाट में भई संतन की भीड, तुलसीदास चंदन घिसए तिलक देत रघुवीर जैसे ही गोस्वामी तुलसीदास ने बजरंगबली के वचनों को सुना तो गोस्वामी तुलसीदास ने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के चरण पकड लिए और दर्शन किया। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा कि हे प्रभु मैं आपके चरित्र को जन-जन तक पहुंचाऊंगा। यह कार्य श्रीराम चरितमानस महाकाव्य के माध्यम से आज घर-घर में प्रभु श्रीराम के चरित्र को लेबद्ध पूर्ण तरीके से गायन किया जा रहा है और भक्ति की गंगा में भक्ति श्रद्धा व पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। महिला बाल विकास मंत्री भारत सरकार सुमित्रा ठाकुर ने कहा कि डॉ राकेश मिश्र एवं डॉ वेद प्रकाश टंडन द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संस्कृत को बचाने के लिए किए जा रहे कार्य आगे बढाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को ऐतिहासिक बनाते हुए छात्र-छात्राओं में भगवान श्री कृष्ण के भाव को जगाने के उद्देश्य से स्कूलों में भी भगवान जन्माष्टमी मनाने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे आयोजनों से ऐसे कार्यक्रमों से संस्कृत का प्रचार प्रसार हो रहा है।

प्रथम दिवस की लीला में भारत के इतिहास में पहली बार जोडे जा रहे चित्रकूट स्थान जहां गोस्वामी तुलसीदास को इस धरा पर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम ने इस धरा पर दर्शन दिया था।

# अरुण गुप्ता बने उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष



जन एक्सप्रेस। उरई

उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री डा. दिलीप सेठ एवं हरिओम वाजपेई को फिर से प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आज उप्र उद्योग व्यापार मंडल की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें अरुण गुप्ता छिरौल्या को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं मनीष शंकर अग्रवाल व राघवेंद्र गुप्ता को जिला महामंत्री बनाया गया है। कार्यकारिणी में चौदह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सोलह मंत्री, कोषाध्यक्ष, जिला संगठन मंत्री, जिला मंत्री एवं जिला संरक्षक बनाए गए हैं। प्रदीप गुप्ता को जिला कोषाध्यक्ष, जयपाल सिंह, योगेश चंद्र, सुशील जायसवाल, प्रेमदास गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजू दीक्षित, दीपक द्विवेदी, यूसुफ अंसारी, कपिल चौहान, अनुराग बहरे, अनुराग दाऊ, रविंद्र पुरवार, अनिल कुचया, विजय विभूति सेठ, श्याम जी सोनी, अजय गुप्ता, विवेक गुप्ता, नीलम सोनी, पुरुषोत्तम दास गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। रजनीश गुप्ता, सुधीर पुरवार, विशाल विस्वारी को जिला संगठन मंत्री सहित बसंत महेश्वरी, दुर्गाबाबू अग्रवाल, इंजी. संजय गुप्ता, शांतिस्वरूप महेश्वरी, सुधीर डांगरा, लक्ष्मणदास शिवहरे, केदारी अग्रवाल, धीरेंद्र अग्रवाल को जिला संरक्षक नियुक्त किया गया है।

# नगर इकाई पहाड़ी का किया गया पुनर्गठन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा पहाडी नगर इकाई का गठन किया गया। कार्यक्रम में जिला संयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नितेश त्रिपाठी और कर्वी नगर इकाई के सह मंत्री प्रशांत त्रिपाठी की उपस्थिति रही।

जिला संयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्रों में छिपी हुई विविध प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने वाली महाविद्यालयीन गतिविधियाँ बढाने के प्रयास के साथ ही स्वयं अपनी इकाइयों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताएँ, साहित्य एवं नाट्य स्पर्धाएँ, सम्मेलन, प्रतिभा संगम, रंगतोरण, कैरियर मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास शिविर आदि आयोजन होते हैं। अभियांत्रिकी के छात्रों के तकनीकी प्रयोगों की स्पर्धा-डिपेक्स, श्सृजनश्, सृष्टि आदि। मेडिकल, भारतीय औषधिशास्त्र एवं कृषि के विद्यार्थियों के लिए क्रमशः मेडीविजन, जिज्ञासा और एग्रीविजन के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किये जाते हैं और पहाडी नगर इकाई गठन में पहाडी नगर अध्यक्ष के रूप में राजू सिंह, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार, दीपक चैरसिया, अजय पांडेय एवं नगर मंत्री शिवम चतुर्वेदी, नगर सहमंत्री ज्योति सिंह, अजीत सिंह, महेंद्र सिंह, शिवम पांडेय, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक पुष्पराज पटेल, सहसंयोजक बबलू पटेल, एसएफडी संयोजक भारत पटेल, एसएफएस सहसंयोजक किशन पटेल, एसएफडी संयोजक दीपक चतुर्वेदी, सहसंयोजक शिवनारायण, नगर सोशल मीडिया संयोजक शिवांश पांडेय, सहसंयोजक मानस त्रिपाठी, एग्री विजन संयोजक युवराज सिंह, सहसंयोजक विपिन यादव, डिवीजन

# हिंद देश का मान हूं मैं तो हिन्दी भाषा ठहरी हूं, क्यों बेबस लाचार खड़ी मैं जंजीरों में जकड़ी हूं: दिनेश दीक्षित

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** हिन्दी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन योगेन्द्र दत्त द्विवेदी एजुकेशन सोसायटी साहित्य साधना ग्रुप एवं नगर पालिका परिषद कर्वी चित्रकूट धाम के संयुक्त तत्वावधान में नगर के पुरानी कोतवाली के सामने पुरानी बाजार कर्वी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर चित्रकूट धाम के संत भागवत भूषण आचार्य ब्रजेन्द्र शास्त्री महाराज ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चित्रकूट धाम के वरिष्ठ शायर एवं गजलकार अख्तर फराज ने किया। प्रारंभिक संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज द्विवेदी एवं शायर हबीब खान ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद कवि सम्मेलन का सफल संचालन छतरपुर से पधारे युवा कवि सूरज पंडित ने किया। समाजसेवी अभिमन्यु भाई, कार्यक्रम संयोजक एवं संस्था के प्रबंधक डॉ.मनोज द्विवेदी, समाजसेवी रामबाबू गुप्ता एवं कवि शिवशंकर विश्वकर्मा, ज्योति करवरिया, विक्रम नामदेव ने मंचासीन कवि एवं कवयित्रियों का स्वागत बैज अलंकरण, माल्यार्पण, अंगवस्त्र, कामदनाथ के चित्र, प्रशस्ति पत्र एवं आत्मतोष पुस्तक भेंट कर किया। सदर विधायक अनिल प्रधान, वरिष्ठ कवि राघव चित्रकूटी, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश गौतम का भी संस्थान की ओर से स्वागत किया गया। सतना मध्य प्रदेश से पधारी वरिष्ठ गीतकार दीपा गौतम ने बेटी पर अपनी उत्कृष्ट रचना नीराजना के पुष्प सी होती हैं। बेटियां, कोमल हृदय करुणा सी होती हैं बेटियां ओजस्वी वाणी से प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। वहीं चरखारी महोबा से पधारे हास्य व्यंग के कवि प्रदीप दिहुलिया ने अपने चुटीले अंदाज में चाहते हो जीवन को सफल बनाना यदि, पत्नी की हां में हां मिलाते चले जाइए, वह दिन को को कहे जो रात,दूध को कहे जो भात, सहमति में शीश को हिलाते चले जाइए।

# अराजकतत्वों से सावधान रहते हुए मनाएं त्योहार

जन एक्सप्रेस। मऊ, चित्रकूट



मऊ थाना परिसर में उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने रविवार को शान्ति समिति की बैठक की। जिसमें साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ त्योहार मनाने पर जोर दिया गया। उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने कहा कि मुस्लिम त्योहार बारावफात, हिन्दुओं के पर्व गणेश विसर्जन और नवरात्रि का त्योहार आने वाले हैं। इन त्योहारों में शांति व्यवस्था बनाए रहें। उन्होंने कहा कि हिंदू और मुस्लिम सभी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण मनाएं। अगर कोई समस्या आती है तो तत्काल सूचित करें। उन्होंने कहा कि मुस्लिम त्योहारों के जुलूस के रास्ते में कोई समस्या हो तो तत्काल सूचित करें ताकि समय से समस्या का निस्तारण कराया जा सके। इसके बाद उन्होंने रास्तों का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही रामलीला मैदान का भी निरीक्षण किया। आगामी त्यौहारों को देखते हुए सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी बीके गौतम को दिए गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी जय करण सिंह ने कहा कि अराजकतत्वो से सावधान रहें। किसी भी अफवाह में आकर कानून को हाथ में न लें। अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर मऊ थाना प्रभारी विनोद कुमार राय समेत सम्बन्धित ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# मनाई गई डॉ रत्नप्पा भारमप्पा कुम्हार की 116वीं जयंती

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ के नेतृत्व में ग्राम कसहाई में स्वतंत्रता सेनानी संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य व प्रथम लोकसभा के सदस्य पदमश्री डॉ रत्नप्पा भारमप्पा कुम्हार की 116वीं जयंती मनाई गई। डॉ रत्नप्पा डॉ बी आर अंबेडकर के साथ संविधान के अंतिम मसौदे में हस्ताक्षर किया। संविधान में लोगों के लिए समानता एवं गरीबों के हित सम्बन्धी विचार डॉ रत्नप्पा के विचारों से प्रभावित हैं। उन्होंने भारत छोडो आंदोलन में भाग लिया। परिणाम स्वरुप वह 6 वर्षों तक भूमिगत रहे। सन 1952 में डॉ रत्नप्पा लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए। उन्होंने समाज सुधार और सामाजिक उत्थान के लिए दर्जनों संस्थाओं की स्थापना की। सहकारी समिति, स्कूल, कॉलिज की स्थापना की, महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य व महाराष्ट्र सरकार में उद्योग और खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री भी रहे। सन 1985 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रामकिशोर प्रजापति ने किया। प्रदेश मुख्य महासचिव कैप्टन संतोष प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य दशरथ प्रजापति, गौतम चक्रवर्ती, पितांबर लाल फौजी, जिलाध्यक्ष सूबेदार लोटन राम प्रजापति, गया प्रजापति, लोटन प्रजापति, अर्जुन, रिंकू, रामाआसरे, पुरुषोत्तम, नत्थू प्रजापति, प्रेम प्रजापति, शिवकरण, मनीष, अवधेश, अंगद, नंदकिशोर, कुबेर, रामखेलावन, गंगा प्रसाद, सुदामा, राम बहोरी, राजकुमार, अनरुध, इंद्र कुमार, विष्णु कांत, सलोनी सिंह, सुभद्रा देवी, संगीता, चुन्नी, सुमित्रा, कमला देवी आदि मौजूद रहे।

# हमाओ बुंदेलखंड हम लेकै रेहें: ओंकार ठाकुर




जन एक्सप्रेस। उरई

कसम राम की खाते हैं बुंदेलखंड राज्य बनाएंगे, बुंदेलखंड तो लेंगे जैसे दोगे वैसे लेंगे के उद्घोष करते हुए बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के प्रभारी ओंकार ठाकुर ने बताया कि बुंदेलखंड राज्य के लिए 20 सितंबर को ललितपुर से यात्रा निकाली जाएगी जो झांसी, राठ, महोबा, हमीरपुर, बांदा होते हुए 26 सितंबर को चित्रकूट के टाउन हाल में समाप्त होगी। सभी जनपदों में इस दौरान बुंदेलखंड राज्य निर्माण के समर्थन के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा।

बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा एवं बुंदेलखंड अधिकार मंच के संयुक्त तत्वावधान में ओंकार ठाकुर की अगुवाई में प्रेस वार्ता हुई जिसमें ओंकार ठाकुर ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य के लिए अब आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी। जनप्रतिनिधियों, राजनैतिक एवं गैर राजनैतिक संगठनों की मदद से बुंदेलखंड पृथक राज्य के लिए हुंकार भरी जाएगी। अमित खंगार ने कहा कि आज बुंदेलखंड की पच्चीस प्रतिशत आबादी दो वक्त की रोटी के लिए मारी मारी फिर रही है। बुंदेलखंड के पढ़ेलिखे युवाओं का भविष्य गर्त में है। निश्चित तौर पर बुंदेलखंड की जनता आज अलग बुंदेलखंड राज्य चाह रही है। रेहान सिद्दीकी ने कहा कि आज तक सभी राजनैतिक दलों ने बुंदेलखंड में मात्र छलावा किया है। बुंदेलखंड को लूटने का काम राजनैतिक दल अभी तक करते चले आ रहे हैं इसलिए हम सभी को एक होकर बुंदेलखंड राज्य बनाए जाने की मांग को लेकर संघर्ष करना है। हर हाल में हमें बुंदेलखंड राज्य लेकर रहना है। वार्ता के दौरान हरिओम, सुधीर, राजेश वर्मा, पवन गुप्ता, संजय गुप्ता, अनिल अटरिया आदि मौजूद रहे।

# न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

मऊ ब्लाक के खण्ड प्रेरक रामनारायण सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि ब्लाक के शौचालय लाभार्थियों की द्वितीय किश्त की मांग सूची 383 में 23 लाभार्थियों के नाम द्वितीय किश्त के लिए दोबारा मांग सूची में शामिल होने के कारण उस पर कार्यवाही की जा रही है। जबकि यह सूची खण्ड प्रेरक ग्राम प्रधान, सचिव, सहायक विकास अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई जानी थी। सहायक विकास अधिकारी द्वारा उसे जबरन बली का बकरा बनाया जा रहा है। आरोप लगाया कि उससे सुविधा शुल्क मांगा जा रहा था। अस्पर्थता जाहिर करने पर जिला पंचातय राज अधिकारी को गलत सूचना दे दी गयी। इसके चलते उन्होंने कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता ने मामले की जांच कराते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# चुर्खी जिला पंचायत सदस्य ने बाढ़ प्रभावित गांवों में बांटी राहत सामग्री

जन एक्सप्रेस। उरई



यमुना नदी से आई बाढ़ से प्रभावित हुए गांव का दौरा करने चुर्खी जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र के गांव पहुंचे। जहां पर उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और हर संभव मदद का भरोसा दिया। ग्रामीणों की समस्याओं को जिला प्रशासन से अवगत कराने की बात कही।

बता दें कि पिछले दिनों हुई भारी बारिश के चलते यमुना नदी में अचानक बाढ़ से कई गांव प्रभावित हो गए। ग्रामीणों को अपना सामान लेकर राहत कैंपों में जाना पड़ा है। इसी को लेकर जिला पंचायत सदस्य चुर्खी निशा कृष्ण गोपाल यादव कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम सिमरा, पाल, खडगुई, जीतमऊ, सरेनी आदि गांवों का दौरा करके वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी परेशानियों को सुना और समझा। वहीं जिला पंचायत सदस्य ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता दिलाने का भर्षकश प्रयास करेंगे। वही जो भी अपने स्तर से मदद होगी वो भी हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के साप्ताहिक उत्सव अभियान में स्कूल छात्राओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति उत्तर प्रदेश तथा वात्सल लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के साप्ताहिक उत्सव अभियान का आयोजन जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायत तथा विभिन्न विद्यालयों में 25 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में चित्रकूट के विद्यालय एबेनेजर जूनियर हाईस्कूल में जीवन कौशल एवं डिजिटल कौशल पर बालिकाओं को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा ही जीवन की शैली को सिखाता है। माता-पिता पाठशाला की पहली सीढी है, उनकी ही प्रेरणा से जीवन कौशल की शुरुआत होती है। बाल अधिकार परियोजना के को आर्डिनेटर आदित्य मिश्रा ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। इसलिए बेटियों को भी पढने का अवसर दीजिए। अगर बेटियां पढाओगे तो अपने ही देश का स्वाभिमान बढाओगे। डिजिटल कार्यों के लिए कंप्यूटर, मोबाइल फोन जैसे उपकरणों का प्रयोग करना ही डिजिटल कौशल है। बेटियां हमारे देश की अभिमान हैं, उनकी सुरक्षा को लेकर हम सबको आगे आना है। साथ ही बच्चों को सही स्पर्श एवं गलत स्पर्श के विषय में भी जागरूक किया गया। बालिकाओं के लिए भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव के विषय में विस्तृत चर्चा करते हुए बालिकाओं को जागरूक किया गया। एनएफएस एच 5 आंकडों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 15.8 प्रतिशत बाल विवाह की दर राष्ट्रीय दर 23.3 प्रतिशत से कम है फिर भी आज 15.8 प्रतिशत लडकियों की शादी हो जाती है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 के आंकडों के अनुसार उत्तर प्रदेश में करीब हर 6 में से एक लडकी बालिका वधू है। जहां लडकियों का विवाह 18 वर्ष से कम आयु में हो जाता है। बाल विवाह रोकने के लिए भारत सरकार द्वारा सन 2006 में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 बनाया गया है, जो नवंबर 2007 में जम्मू कश्मीर को छोडकर पूरे देश में लागू किया गया है। यह कानून बाल विवाह उत्सव तथा उससे सम्बन्धित सभी अनुसांगिक को प्रतिबंधित करता है। बाल विवाह प्रतिषेध नियम के अंतर्गत बाल विवाह एक गैर जमाती एवं संज्ञेय अपराध है।

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | सोमवार | 16 सितंबर 2024 | 03

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 26°C |
| कानपुर | 30°C | 26°C |
| देहरादून | 29°C | 24°C |
| नई दिल्ली | 32°C | 26°C |

# यूपी: अवध के कई जिले बाढ़ की चपेट में, नेपाल में हुई भारी बारिश से उफनाईं नदियां, गांवों से हो रहे हैं पलायन

*** यूपी में अवध क्षेत्र के कई जिले एक साथ बाढ़ की चपेट में हैं। राप्ती और सरयू दोनों नदियां उफान पर है। नेपाल की पहाड़ियों में हुई बारिश का असर इन नदियों पर पड़ रहा है।**

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



यूपी के कई जिले एक साथ बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। नेपाल की पहाड़ियों पर हुई भारी बारिश का असर बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती और बाराबंकी आदि जिलों पर पड़ रहा है। नेपाल में हो रही बरसात के कारण कुसुम बैराज से राप्ती नदी में पानी छोड़ा जा रहा है।

इससे राप्ती नदी का जलस्तर एक बार पुनः रविवार को खतरे का निशान पार कर गया। इधर सरयू नदी भी उफान पर है। बहराइच जिले में बांध में रिसाव की भी खबरें आईं। पहाड़ियों पर लगातार हो रही बरसात व नेपाल के बैराजों से करीब आठ लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से बाराबंकी में सरयू नदी उफनाकर गांवों में तबाही मचा रही है। केदारीपुर गांव नदी में बह गया है तो 78 गांव वाला बेलहरी गांव भी नदी में समा रहा है। 2014 में नदी का जलस्तर इसी तरह से बढ़ गया था। शनिवार रात से नदी के ईद-गिर्द करीब एक करीब डेढ़ किमी दूर तटबंध तक पानी आ गया। केदारीपुर व बेलहरी गांव की करीब 500 बीघा जमीन नदी में समा गई है। यहां तेजी से कटान हो रही है। इन दोनों गांवों के लोग ईट बचाने के चक्कर में मकान तोड़ सुरक्षित स्थान पर ले जा रहे हैं। एडीएम अरूण कुमार ने अधिकारियों के साथ कटान से प्रभावित गांव देखे। उन्होंने बताया कि प्रभावित इलाकों पर नजर रखी जा रही है। (यहां देखें - तस्वीरें- लाल निशान से 90 सेंटीमीटर ऊपर पहुंचा सरयू का जलस्तर, 22 गांव पानी से घिरे) नेपाल के पहाड़ों पर हुई मूसलाधार बारिश से सरयू उफान पर है। सरयू का पानी जिले के मिहिपुरवा, नानपारा और महसी तहसील में तबाही मचा रहा हैं।

रविवार की सुबह बाढ़ के पानी के दवाब से बेलहा- बहरौली तटबंध पर दो स्थानों पर रिसाव शुरू हो गया। जिसके बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गई। सूचना पर पहुंचे कर्मचारी रिसाव बंद करवाने में जुट गए हैं।

# करोड़ों रुपए की कीमती ऊसर की जमीन बेचकर प्रॉपर्टी डीलरों ने कमाई मोटी रकम

*** सलेमपुर पतौरा में खसरा संख्या 811स रकबा 78 विश्वा पर प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा कि गई प्लाटिंग कब चलेगा बाबा का बुलडोजर**

**जन एक्सप्रेस / अभिमन्यु कुमार रावत**




लखनऊ। नगर निगम जोन-6 की ग्राम पंचायत सलेमपुर पतौरा में स्थित खसरा संख्या 811स रकबा करीब 78 विश्वा जो राजस्व अभिलेखों के दस्तावेजों में ऊसर के नाम दर्ज है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि प्रॉपर्टी डीलर उदयपाल यादव, दिनेश कुमार यादव व चीनू गुप्ता द्वारा क्षेत्रीय संबंधित अधिकारियों से सांठगांठ कर ऊसर कि कीमती जमीन पर अवैध कब्जा कर और प्लॉटिंग में तब्दील कर बेच डाली। जिससे नगर निगम राजस्व का करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है, जिसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को थी पर किसी अधिकारी ने कोई कार्यवाही नहीं कि।

अब देखना यह है कि नगर निगम जोन-6 के अधिकारी बाबा का बुलडोजर चला कर अपनी कीमती जमीन को सुरक्षित करायेंगें या नहीं 811 में करीब एक बीघा जमीन हमारी है जिसे हमने व दिनेश ने बेचा है बाकी छोड़ दिया था, चीनू गुप्ता ने बढ़कर प्लॉटिंग कर दी यह कहकर कि हमारा नंबर कम है और बेच दिया- प्रॉपर्टी डीलर उदय पाल यादव मामला मेरी जानकारी में है और यह बड़ा मामला है क्योंकि नगर निगम की 78 बिस्वा जमीन पर प्लाटिंग कर बेचने का काम किया गया है। जिस पर जल्द कार्यवाही कर ऊसर कि जमीन को सुरक्षित कराया जाएगा और बेचने वाले प्रॉपर्टी डीलरों पर कार्यवाही की जाएगी- नगर निगम लेखपाल अनुपम कुमार इसी संबंध में जब चीनू गुप्ता से संपर्क करने के लिए उनके फोन नंबर पर फोन किया गया पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# यूपी का मौसम : बंगाल की खाड़ी में फिर उठी हलचल, मानसून में आया बदलाव, इन जिलों में बारिश की संभावना



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से सक्रिय मानसून शनिवार व रविवार को थमा रहा। हालांकि इस दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आसमान में बादल डेरा जमाए रहे। बारिश थमने से उमस भरी गर्मी तो रही लेकिन तापमान में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं रहा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार तटवर्ती पश्चिम बंगाल के ऊपर कम दबाव क्षेत्र के विकसित होने और एक नए वेदर सिस्टम के बनने से पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का मौसम प्रभावित होने की संभावना है।जिसके असर से सोमवार व मंगलवार के दौरान दक्षिणी और पूर्वी उत्तर प्रदेश समेत वाराणसी और प्रयागराज मंडल में कहीं कहीं भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है। यूपी के कई जिले एक साथ बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। नेपाल की पहाड़ियों पर हुई भारी बारिश का असर बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती और बाराबंकी आदि जिलों पर पड़ रहा है। नेपाल में हो रही बरसात के कारण कुसुम बैराज से राप्ती नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। इससे राप्ती नदी का जलस्तर एक बार पुनः रविवार को खतरे का निशान पार कर गया। इधर सरयू नदी भी उफान पर है। बहराइच जिले में बांध में रिसाव की भी खबरें आईं। पहाड़ियों पर लगातार हो रही बरसात व नेपाल के बैराजों से करीब आठ लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से बाराबंकी में सरयू नदी उफनाकर गांवों में तबाही मचा रही है। केदारीपुर गांव नदी में बह गया है तो 78 गांव वाला बेलहरी गांव भी नदी में समा रहा है। 2014 में नदी का जलस्तर इसी तरह से बढ़ गया था। शनिवार रात से नदी के ईद-गिर्द करीब एक करीब डेढ़ किमी दूर तटबंध तक पानी आ गया। केदारीपुर व बेलहरी गांव की करीब 500 बीघा जमीन नदी में समा गई है। यहां तेजी से कटान हो रही है। इन दोनों गांवों के लोग ईट बचाने के चक्कर में मकान तोड़ सुरक्षित स्थान पर ले जा रहे हैं। एडीएम अरूण कुमार ने अधिकारियों के साथ कटान से प्रभावित गांव देखे। उन्होंने बताया कि प्रभावित इलाकों पर नजर रखी जा रही है।

# राजधानी में 254, प्रदेश में 3000 यूनिट रक्तदान

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

बछरावा विकास खंड ग्राम सुधौली में डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक का सीईओ संजय कुमार ने किया शुभारंभ लखनऊ उत्तर प्रदेश के ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में योगी सरकार एक बड़ी पहल की है। इस पहल के तहत प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में 'डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक' खोले जा रहे हैं अन्य 19 जनपदों की तरह रायबरेली के बछरावां विकास खंड ग्राम पंचायत सुंदौली में आज परियोजना के नए केंद्र की शुरुआत कंपनी के सीईओ संजय कुमार ने की। डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक' एक तरह से प्राइमरी हेल्थ सेंटर है, जहां न केवल ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शहर के बड़े डॉक्टर से परामर्श मिलेगा, बल्कि हेल्थ केयर असिस्टेंस के साथ ही लैबोरेटरी की भी सुविधा मिलेगी. आपको बता दें कि निजी निवेश के माध्यम से योगी सरकार यह पहल कर रही है. इसका उद्देश्य गांवों और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारना है, ताकि रियायती दरों पर लोगों को गंभीर से गंभीर बीमारियों में चिकित्सीय परामर्श के साथ ही दवाइयां और पैथोलॉजी टेस्ट की सुविधा मिल सके.। बता दें कि ओबदु ग्रुप इस पूरे प्रोजेक्ट को धरातल पर उतार रही है. ग्रुप के फाउंडर और सीईओ संजय कुमार ने बताया, डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा हो रहा है और इस परियोजना को ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र की सभी श्रेणी के लोग स्वीकार कर रहे हैं उन्होंने बताया कि मात्र 30 से 40 रूपये में खून की जांच और 5 मिनट में इसका रिजल्ट आना ग्रामीण क्षेत्र वासियों के लिए एक बहुत बड़ा बदलाव है। जिसकी वजह से ग्रामीणों का समय बर्बाद होने से तो बचता ही है बल्कि उनको ज्यादा आर्थिक हानि भी नहीं होती है। डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक में मिलने वाली सुविधाओं में डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक में इलाज के दौरान सभी प्रकार की दवाइयां क्लिनिक के अंदर ही मरीज को बहुत कम रेट पर उपलब्ध कराई जाएंगी ।

# मुहम्मद साहब के जीवन के सभी कार्य खुदा पाक को राज़ी करने का जरिया: खालिद रशीद

**लखनऊ।** इस्लामिक सेन्टर ऑफ इण्डिया के अन्तर्गत दारूल उलूम फरंगी महल में माह-ए-रबी उल अव्वल की मुनासिबत से ग्यारहवें जलसे सीरतुन्नबी (सल्ल0) व सरीत-ए-सहाबा रजि0 व तहफ्फुज़े शरीअत'' का आयोजन किया गया। जलसे को खिताब करते हुए इमाम ईदगाह व काजी शहर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि अल्लाह ने अपने अन्तिम रसूल हजरत मुहम्मद स? को सारी दुनिया के लिए रहमत का नबी बनाकर भेजा। आप की लाई हुई शरीअत खुदा पाक की आखिरी शरीअत है। अब कयामत तक कोई नई शरीअत नही आयेगी। आप स0 ने इस्लाम की दावत रहती दुनिया तक के लिए दी। मौलाना ने कहा कि रसूल पाक सल्ल0 की पैरवी करने वाले दुनिया के हर भाग में हैं।

# इटौंजा के बगहा गांव में डंपर की टक्कर से युवक की हुई मौत



*** परिजनों ने बगहा जमखनवां सड़क जाम कर, घंटों किया हंगामा**

*** विधायक अन्य जनप्रतिनिधियों ने मौके पर परिजनों से व्यक्त की संवेदनाएं, जताया दुःख**

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बगहा गांव में मिट्टी खनन में चल चल रहे डंपर से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। बता दे कि बीकेटी तहसील क्षेत्र के इटौंजा थाना अंतर्गत बगहा गांव में आकाश मोर्य पुत्र रामकुमार मौर्य जानवर चराने ले जा रहें थे तभी करौंदी की तरफ से आ रहे मिट्टी खनन में चल रहे डंपर ने आकाश मौर्य कों टक्कर मारी दी मौके पर आकाश की मौत हो गई। वहीं घटना की जगह मौजूद ग्रामीणों एवं प्रत्यक्षदर्शियों ने डंपर चालक को दौड़ाकर रूकवा कर चालाक को पकड़ लिया और 112 पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर सूचना की। इसी सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर चालक ड्राइवर को पकड़ कर थाने लिए चली गई। वहीं मृतक आकाश मौर्य के परिजनों व ग्रामीणों ने बगहा से जमखनवां जाने वाली सड़क मार्ग पर जहां यह घटना घटित हुई उस जगह पर शव रखकर सड़क को घंटों जाम कर हंगामा व प्रदर्शन करते रहें। इस दौरान पुलिस ने परिजनों को समझाने का पूरा प्रयास किया लेकिन घटना से आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने पुलिस की एक नहीं सुनी और अपना दर्द बयां करते रहें आक्रोशित भीड़ ने नारेबाजी भी की। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने परिजनो से संवेदनाएं व्यक्त की। इटौंजा पुलिस परिजनों को मनाती रही लेकिन गुस्साए परिजनों ने पुलिस की एक नहीं सुनी और परिजनों के उग्र होने के बाद बीकेटी एसीपी मौके पर पहुंचकर परिजनों से बात की तथा बीकेटी एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी मौके पर पहुंचे परिजनों को शांत करवाया और आश्वासन दिया की कड़ी कार्यवाहीं की जायेंगी हर संभव मदद प्रशासन द्वारा देने का आश्वासन दिया गया। वहीं शाम लगभग पांच बजे पुलिस ने मृतक आकाश मौर्य के शव का पंचायतनामा की कार्यवाहीं कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर इटौंजा पुलिस ने चालक व रॉयल्टी धाराक पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज़ किया है तथा डंपर चालक अभिषेक यादव ग्राम सुभान नगर कों गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आकाश मोर्य पुत्र रामकुमार मौर्य दो भाई थे जिसमें से आकाश मौर्य छोटा था।

## फास्ट फॉरवर्ड

# गांव में दो दिन से रेल पटरी वाले पत्थर घरों में जा रहे फेंके



**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत महोना चौकी क्षेत्र के नगर चौगवां गांव में ग्रामीण महिलाओं एवं गांव के बुजुर्ग लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि नगर चौगावां गांव में बीते दो दिनों से रात्रि एक से लेकर तीन बजे तक कुछ अराजक तत्व जो कि गांव में रेल पटरी पर पड़ने वाले पत्थर घर में फेंकते हैं जिससे कि गांव की एक महिला चोटिल हो गई। वहीं बीती रात को नगर चौगावां के ग्रामीणों ने एक संदिग्ध व्यक्ति जोकि गांव में टहलते देखा पकड़ लिया और पकड़े गए व्यक्ति को ग्रामीणों ने महोना चौकी पुलिस को सौंप दिया। वहीं कुछ गांव महिलाओं ने आरोप लगाया कि पुलिस गस्त नहीं करती है जिससे कि रात्रि में कुछ अराजक तत्वों द्वारा गांव के घरों में पत्थर फेंके जाते हैं जिसमें एक बुजुर्ग महिला की बहू घायल हो गई। घर में फेंका गया पत्थर महिला के सिर में जा लगा महिला तीन बजे रात में आंगन में लेती थी। वहीं पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति को पकड़ कर कार्यवाहीं की गई है।

# जुलूस मद्हे सहाब आज, इस्तिक़बाल के लिए तैयारियाँ मुकम्मल

**लखनऊ।** रसूल पाक सल्ल0 के आशिकों और सहाबा रजि0 के मद्दाह करने वालों की मोहब्बतों व अकीदतों का ऐतिहासिक जुलूस मदहे सहाबा रजि0 इस्लामी और मिल्ली शान व शौकत के साथ हर वर्ष 12 रबी उल अव्वल को सुबह 09 बजे अमीनुद्दौला पाक अमीनाबाद से निकल कर ईदगाह ऐशबाग़ लखनऊ पहुंचता है। यहाँ इसका इस्तिकबाल मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के कार्यकर्ताओं और दारूल उलूम फरंगी महल के अध्यापकों के साथ बहुत शानदार इस्तिकबाल करते हैं। जुलूस की आमद के बाद जोहर की जमाअत होती है।

# यूपी: कई पीसीएस अधिकारियों के तबादले, पेपर लीक मामले की आरोपी अंजू कटियार बनीं राजस्व परिषद में ओएसडी

*** यूपी में रविवार को कई पीसीएस अधिकारियों के तबादले हुए इसके पहले शक्रवार को प्रदेश में 29 आईएएस अधिकारियों के तबादले हुए थे।**

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**




यूपी में रविवार की सुबह कई पीसीएस अधिकारियों के तबादले हुए।अंजू कटियार को राजस्व परिषद में ओएसडी बनाया गया है। अंजू कटियार यूपीपीएससी द्वारा आयोजित एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने के मामले की आरोपी हैं। तब अंजू कटियार आयोग में परीक्षा नियंत्रक थीं। मामले में आने के बाद वह निलंबित और गिरफ्तार हो गईं थीं। आठ माह जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर हैं। अब उन्हें यह पद दिया गया है। संजीव ओझा प्रयागराज मेला प्राधिकरण बनाए गए। महेंद्र कुमार श्रीवास्तव राज्य चीनी निगम मुंडेरवा बनाए गए। इसी तरह अरुण कुमार को एडीएम बदायूं बनाया गया।देवेंद्र पाल सिंह को सिटी मजिस्ट्रेट बदायूं बनाया गया। शशि भूषण को अपर आयुक्त मुरादाबाद मंडल बनाया गया। सुभाष चंद्र यादव को एडिशनल कमिश्नर वाराणसी मंडल बनाया गया है।अजय कुमार तिवारी को सीआरओ प्रतापगढ़ बनाया गया है। भगवान शरण को एडिशनल कमिश्नर चित्रकूट धाम मंडल बनाया गया है। रमेश यादव को अपर आयुक्त सहारनपुर मंडल बनाया गया है।प्रियंका को अपर आयुक्त झांसी मंडल बनाया गया है। शमशाद हुसैन को अपर आयुक्त आजमगढ़ मंडल बनाया गया है । राकेश कुमार गुप्ता को आयुक्त वाराणसी मंडल बनाया गया है।

राज्य सरकार ने शुक्रवार रात 13 जिलों के डीएम समेत 29 आईएएस अधिकारियों की जिम्मेदारी में बदलाव किया था। जारी सूची के अनुसार, हमीरपुर के डीएम राहुल पांडेय को हाथरस में इसी पद पर भेजा गया है। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक अंजनी कुमार सिंह को मैनपुरी का डीएम बनाया गया है। शाहजहांपुर के डीएम उमेश प्रताप सिंह को विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, अमरोहा के डीएम राजेश कुमार त्यागी को विशेष सचिव पंचायतीराज, हाथरस के डीएम आशीष कुमार को विशेष सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग एवं अपर महानिरीक्षक निबंधन और मेरठ के नगर आयुक्त अमित पाल को उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण के पद पर तैनाती दी गई है। विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म डॉ. मन्नान अख्तर को विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं प्रबंध निदेशक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रोमोट फार्मा बनाया गया है। अयोध्या के सीडीओ ऋषि राज को नगर आयुक्त फिरोजाबाद, बलरामपुर के सीडीओ संजीव कुमार मौर्या को नगर आयुक्त बरेली, सोनभद्र के सीडीओ सौरव गंगवार को नगर आयुक्त मेरठ, आगरा के संयुक्त मजिस्ट्रेट कृष्ण कुमार सिंह को अयोध्या का सीडीओ, प्रयागराज की संयुक्त मजिस्ट्रेट जागृति अवस्थी को सोनभद्र का सीडीओ और उन्नाव के संयुक्त मजिस्ट्रेट हिमांशु गुप्ता को बलरामपुर का सीडीओ बनाया गया है। फतेहपुर की डीएम सी इंदुमती को विशेष सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग, विशेष सचिव नगर विकास विभाग धर्मेंद्र प्रताप सिंह को शाहजहांपुर का डीएम, आजमगढ़ के डीएम विशाल भारद्वाज को कुशीनगर का डीएम बनाया गया है।

# मोक्ष की प्राप्ति के लिए उत्तम त्याग नितांत आवश्यक

**लखनऊ।** दसलक्षण पर्व के अष्टम दिन आज उत्तम त्याग धर्म की पूजा की गई। जैन मंदिर इंदिरा नगर मे रविवार अवकाश होने के कारण भक्तों की भारी भीड़ रही। बाल ब्रह्मचारिणी शुभी दीदी ने बताया की उत्तम त्याग करने को शास्त्रों मे का गया है एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से श्रावक उत्तम त्याग चार प्रकार के दान कर के कर सकता है। सर्वपप्रथम औषधि दान अर्थात किसी भी जरूरत मंद को औषधि प्रदान कर अथवा निशुल्क औषधालय आदि का संचालन कर इस पुण्य को प्राप्त किया जा सकता है उन्होंने यह भी बताया की औषधि दान करने वाला व्यक्ति निरोगी काया को प्राप्त करता है। दूसरा दान है शास्त्र दान , अर्थात धार्मिक पुस्तकों का प्रकाशन निशुल्क शिक्षण संस्था एवं बच्चों को पुस्तके प्रदान कर सकते हैं। तीसरा दान है अभय दान अर्थात जीवों की रक्षा का भाव एवं चतुर्थ है आहार दान। जो की मुनियों आर्यिकाओं अथवा श्रेष्ठ श्रावकों को आहार देकर किया जा सकता है। इससे पूर्व प्रातः काल श्री जिनेन्द्र भगवान ।

# रक्तदान की परम्परा को जारी रखें डिप्लोमा इंजीनियर्स : कुँवर बृजेश सिंह

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ लखनऊ मण्डल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हृदय सम्राट स्व. आर.के. दत्त के परिनिर्वाण दिवस पर रक्तदान, वृक्षारोपण, दरिद्रनारायण भोज और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मण्डल स्तर पर विश्वेश्रैया प्रेक्षागृह लोक निर्माण विभाग में इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग कुँवर बृजेश सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंनें अपने सम्बोधन में कहा कि इस जीवनदायी रक्त को एकत्रित करने का एकमात्र उपाय है रक्तदान। स्वस्थ लोगों द्वारा किये गये रक्तदान का उपयोग जरूरतमंद लोगों को खून चढानें के लिये किया जाता है। अनेक कारणों से जैसे उन्नत सर्जरी के बढतें मामलों तथा फैलती जा रही जनसंख्या में बढती जा रही बीमारियों आदि से खून चढाने की जरूरत में कई गुना वृद्धि हुई है। लेकिन रक्तदाताओं की कमी वैसी ही बनी हुई है। लोगों की यह धारणा है कि रक्तदान से कमजोरी आती है, पूरी तरह बेबूनियाद है। आजकल चिकित्सा क्षेत्र में कॉम्पोनेन्ट थैरेपी विकसित हो रही है, इसके अन्तर्गत रक्त की इकाई से रक्त के विभिन्न घटकों को पृथक कर जिस रोगी को जिस रक्त की आवश्यकता है दिया जा सकता है इस प्रकार रक्त की एक इकाई कई मरीजों के उपयोग में आ सकती है। डिप्लोमा इंजीनियर्स का यह कार्य समाज के साथ विभाग के लिए उपलब्धि है। शासकीय दायित्वों के साथ रक्तदान की परम्परा को जारी रखें। डिप्लोमा इंजीनियर इंजीनियरिंग विभागों की रीड है और यह वह पहली कड़ी है जहां से विकास धरातल पर उतरता है। अभियंता दिवस के अवसर पर आयोजित बृहद रक्तदान कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता इंजीनियर संजीव भारद्वाज ने कहा कि यह नेक कार्य आपके सामाजिक चिन्तन का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन से समाज को बेहतर दिशा मिलती है। इस अवसर पर केजीएमयू की ब्लड एवं ट्रांसफ्यूजन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर तूलिका चन्द्रा जी ने रक्तदान की महत्ता और रक्तान करने के फायदे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान से दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा कम होता है। रक्तदान से रक्त की चिपचिपाहट कम होती है।

# हिंदी दुनिया की तीसरी राष्ट्र भाषा है: कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



हिंदी प्रचार प्रसार सेवा संस्थान द्वारा मातृभाषा हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाने के लिए अयोध्या के तुलसी स्मारक भवन (शोध संस्थान) अयोध्या धाम में हिंदी दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री व प्रभारी मंत्री अयोध्या सूर्य प्रताप शाही ने माता सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर ज्योति प्रज्वलित करके कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री ने हिन्दी दिवस पर अपने उद्बोधन में कहा कि कहा कि अगर किसी भाषा को लोग अनिवार्य रूप से समझते हैं तो वह हिंदी है। आज पूरे देश मे हिंदी बोलने वालों की संख्या अधिक है अगर ठीक से प्रयास हो गया तो यही सही समय है ,हम हिंदी को राष्ट्र भाषा बना सकते हैं, इस अभियान में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने की आवश्यकता है ,हिंदी दुनिया की तीसरी राष्ट्र भाषा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में यह सपना जल्द पूरा होगा, हिंदी राष्ट्र भाषा बनने से अब कोई रोक नही पायेगा।

इस दिशा में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई व वर्तमान प्रधानमंत्री मोदी जी ने काफी हद तक प्रयास कर रहे हैं, अयोध्या के मेयर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी आम जनमानस के हृदय में बसी हुई है आज विश्व के अरबो लोग हिंदी जानते और बोलते हैं इसके विकास को कोई नहीं रोक पाएगाद्य परियोजना अधिकारी ए. के.पांडेय ने कहा कि हिंदी हम भारतीयों के हृदय में रची बसी है हिंदी में जो माधुर्य है वह किसी अन्य भाषा में नहीं है इसको वैधानिक तौर पर जिस दिन राष्ट्रभाषा घोषित कर दिया जाएगा उस दिन समस्त विश्व को भारतीय संस्कृति सभ्यता से परिचित होने में कोई नहीं रोक पाएगाद्य समारोह की अध्यक्षता करते हुए सहजनवां गोरखपुर की चेयरमैन श्रीमती संजू सिंह ने कहा कि हिंदी आज समस्त विश्व में दूसरी भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है।

समारोह का संचालन करते हुए संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ0 सम्राट अशोक मौर्य ने मंत्री जी से अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हिंदी भवन वाचनालय बनवाए जाने की मांग की,जिस पर मंत्री महोदय ने घोषणा की वह मुख्यमंत्री से यह मांग पूरी करवायेगें, समारोह मे उपस्थित समस्त साहित्य प्रेमियों का अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह आदि देकर स्वागत किया गयाद्यसमारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित उप सूचना निदेशक संतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि हमें हिन्दी को दैनिक उपयोग में लाना होगा, हिन्दी व्याकरण का ज्ञान अर्जित करना होगा तभी सही मायने में हिन्दी राष्ट्र भाषा बन सकती है। जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि हिन्दी भाषा हमारे विदेशों में भी बोली जाती, हिन्दी सभी जानते है हिन्दी को राजकीय भाषा की मान्यता पहले है लेकिन राष्ट्र भाषा अभी तक नहीं बन पाई है जिससे लगता है कि हमारे प्रयास में कोई कमी है जिसको सुधारना होगा और हिन्दी भाषा बोलने के लिए जनमानस में जागरूकता लानी होगी तभी हमारा प्रयास सार्थक होगा। संस्थान के संरक्षक प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाने के लिए सभी लोग पूरे मनोयोग से कार्य करें जिससे जल्द से जल्द हिन्दी राष्ट्र भाषा घोषित हो सके7 जिससे अयोध्या की धरती से देश को एक सशक्त संदेश जाए और हिंदी देश की राष्ट्रभाषा व विश्व की संपर्क भाषा बन सके, जिससे हमारी संस्कृति और सभ्यता सुरक्षित रह सके।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करने वालों में साहित्यकार वेद भाष्यकार डॉ0 देवी सहाय दीप जी, समाजसेवी शरद पाठक **बाबा**, डॉ0 एस. पी. द्विवेदी, जिला अध्यक्ष अजय मौर्य, महिला शाखा जिला अध्यक्ष काजल पाठक, राष्ट्रीय सचिव आचार्य शशि मौर्य, चक्रवर्ती मौर्य। कार्यक्रम के अंत में समाज के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं को डॉ0 शिवबरन मौर्य **साहित्य भूषण सम्मान** व डा0रामरती कुंवरि मौर्य **साहित्य गौरव सम्मान** से अलंकृत किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से शिक्षक धीरेंद्र प्रताप सिंह, मनीषा दीदी, डॉ0 हरि प्रसाद मौर्य, डॉ0 राजेंद्र मौर्य, पत्रकार आकाश सोनी, डॉ0 देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, समाजसेवी संदीप मध्यान, सहित सैकड़ों साहित्य प्रेमियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में शामिल प्रमुख रूप से राजेन्द्र तिवारी, आचार्य स्कंद दास, सुबोध श्रीवास्तव, जे.पी.गुप्ता, गीता मिश्रा डॉ0 कल्पना कुशवाहा, कृष्ण चंद्र मौर्य, केशव प्रसाद मौर्य सहित सैकड़ों साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

## सहकार भारती का दो दिवसीय प्रदेश अधिवेशन संपन्न

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** सहकार भारती उत्तर प्रदेश का 5 वां दो दिवसीय प्रदेश अधिवेशन संपन्न हुआ। दो दिवसीय प्रदेश अधिवेशन में सहकार भारती यूपी की संगठनात्मक चर्चा हुआ और आगामी 3 वर्ष के लिए कार्ययोजना तैयार हुआ। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ,महामंत्री का निर्वाचन हुआ। निर्वाचन अधिकारी राष्ट्रीय मंत्री दीपक चौरसिया ने घोषणा किया कि निर्विरोध रूप से प्रदेश अध्यक्ष डा. अरुण सिंह और प्रदेश महामंत्री के रूप में अरविंद दूबे निर्वाचित हुए।वही राष्ट्रीय महामंत्री डा उदय जोशी ने कर्मवीर सिंह को संगठन प्रमुख और विजय पाण्डे को सह संगठनप्रमुख घोषित किया। इसके साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी की भी घोषणा हुई। आपको बताते चले कि सहकार भारती राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाला अनुसांगिक संगठन है।

## मुस्कान पुनर्वास केंद्र में कैंपस इंटरव्यू हुआ




जन एक्सप्रेस। अयोध्या

दिव्यांग मूक एवं बधिर बच्चों की शिक्षा एवं व्यवसाय तथा नौकरी के लिए निरंतर प्रयासरत मुस्कान पुनर्वास केंद्र अयोध्या में भारत पेट्रोलियम की ओर से दिव्यांग बच्चों का नौकरी हेतु साक्षात्कार हुआ। उक्त अवसर पर दिव्यांग मूक बधिर 50 बच्चों ने भाग लिया। साक्षात्कार सांकेतिक भाषा में प्रबंधक राघवेंद्र अवस्थी द्वारा लिया गया ये साक्षात्कार अयोध्या मंडल एवं गोंडा जिले के लिये लिया गया। इस अवसर पर गोंडा जिले से कोऑर्डिनेटर विकास सिंह तथा सेल्स ऑफिसर रोहित रेवार उपस्थित थे। अभी अयोध्या के लिए कृष्णा एवं शरद तिवारी का चयन हुआ है तथा गोंडा के लिए संदीप एवं ऋषभ का चयन किया गया। अन्य बच्चों को प्रशिक्षण हेतु भेजा गया। वहीं पर 20 मूक बधिर बच्चे अमेजॉन में नियुक्त हुए हैं तथा कुछ बच्चे अमेजॉन में नौकरी का प्रशिक्षण ले रहे हैं जिन्हें 2 माह के प्रशिक्षण के बाद नौकरी मिल जाएगी। संस्था की निदेशक डॉ रानी अवस्थी ने बताया कि हमारे मुस्कान पुनर्वास केंद्र में दिव्यांग मूक बधिर बच्चों को शत प्रतिशत नौकरी देकर समाज में पुनर्वासित किया जा रहा है। उक्त अवसर में संस्था की प्रधानाचार्य संगीता भी उपस्थित थी।

# आर.जी.आई.पी.टी. में नवागत छात्रों के लिए अनुगम-2024 का आयोजन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



जायस राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान आरजीआईपीटी बहादुरपुर जायस में शनिवारअनुगम-2024 का आयोजन किया गया। इसका आयोजन मुख्य रूप से बी.टेक. के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अकादमिक सत्र 2024-25 में नामांकन लिये छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का स्वागत करने के उद्देश्य से किया गया। इसके माध्यम से नवागंतुकों को पढ़ाये जाने वाले पाठ्यक्रमों, इसमें विभिन्न प्राध्यापकों की भूमिका, संस्थान में छात्रों के लिए उपलब्ध सुविधाएं एवं छात्रावास, मेस, केन्द्रीय पुस्तकालय आदि के उपयोग की विधि एवं संबंधित नियमों से अवगत कराया गया। इस वर्ष में बी.टेक. में कुल 520 छात्रों ने नामांकन लिया है जिनमें 110 छात्राएँ हैं।

अनुगम-2024 का शुभारम्भ, विशिष्ट अतिथि मानवी, साफ्टवेयर इंजीनियर, गूगल इंडिया, संस्थान के निदेशक प्रो. आलोक कुमार सिंह, अधिष्ठाता प्रो. चंचल कुण्डु, अधिष्ठाता- डॉ. देबाशीष पाण्डा, विभागाध्यक्ष- डॉ. अतुल शर्मा तथा अध्यक्ष- स्नातक प्रवेश समिति- डॉ. कौशिक गुहा बिस्वास द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में संस्थान के संचालक मंडल के अध्यक्ष प्रो. अनिरुद्ध बी. पंडित एवं मुख्य अतिथि असित कुमार, प्रमुख- राष्ट्रीय डेटा रीपोजिटरी, हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय, नोएडा ने ऑनलाइन रूप से कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए, संस्थान के निदेशक प्रो. आलोक कुमार सिंह ने कहा कि अनुगम-2024 का आयोजन इस वर्ष नामांकन लिए बच्चों व उनके अभिभावको के लिए स्वागत सह परिचय कार्यक्रम के रूप में किया गया है ताकि उन्हें संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं एवं संबंधित प्राध्यापकों से परिचय कराया जा सके। प्रो. सिंह ने आगे कहा कि संस्थान युवाओं को अनंत अवसर प्रदान करता है जहाँ उन्हें अपार अध्ययन संसाधन एवं रचनात्मक सुविधाएँ प्राप्त होती हैं और उसके माध्यम से वे अपने जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। अधिष्ठाता प्रो. चंचल कुंडु ने छात्रों को संस्थान द्वारा प्रदान किये जा रहे विभिन्न अकादमिक पाठ्यक्रम, छात्रवृति, मोड्यूलर कोर्स आदि की जानकारी दी। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रो. अनिरुद्ध बी. पंडित ने कहा कि इंजीनियर एक समाधान प्रदाता के रूप में कार्य करता है।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन अयोध्या के श्री राम मंत्रार्थ मंडपम में संपन्न

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



क्षत्रिय महासंघ भारत का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 14 15 सितंबर अयोध्या में श्री राम मंत्रार्थ मंडपम में संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता चंद्रबली सिंह ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन क्षत्रिय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन सुरेश सिंह परमार जी ने किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री शेर बहादुर सिंह जी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया क्षत्रिय वंश की दुर्दशा एवं व्याप्त कुरीतियों पर चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने क्षत्रिय वंश के संगठन की आवश्यकता एवं संगठन के विस्तार पर व्यापक चर्चा की।

दूसरे दिन दिनांक 15 सितंबर को कार्यक्रम की शुरुआत देव पूजन एवं महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण से शुरू हुआ। क्षत्रिय महासंघ के कार्यक्रम में वंश के उद्धार एवं कल्याण के लिए कई प्रस्ताव पारित किए गए। क्षत्रिय महसंघ के कार्यक्रम में अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी धर्मेंद्र प्रताप सिंह सभापति सहकारी बैंक अयोध्या एवं आलोक सिंह रोहित प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष अयोध्या ने भी संबोधित किया क्षत्रिय महासंघ जिला अध्यक्ष अयोध्या प्रवीण सिंह एडवोकेट ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## भाजपा के जिला शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के द्वारा मोबाइल पर मिस कॉल करके सदस्यता अभियान की की गई शुरुआत

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ रायबरेली के जिला सयोजक दिलीप द्विवेदी ने शिक्षक प्रकोष्ठ के जनपद के समस्त पदाधिकारी की बैठक का आयोजन वैदिक इंटर कॉलेज रायबरेली में किया। इस बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने किया बैठक का प्रारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्लन के साथ हुआ। उक्त बैठक में भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता की वर्तमान स्थिति एवं सदस्य बढ़ाने पर जोर दिया गया। पार्टी का सदस्य बनने के लिए पार्टी द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर 8800002024 में मिस कॉल करने हेतु पदाधिकारी को अवगत कराया गया। सभी उपस्थित जनों को सदस्यता फार्म उपलब्ध कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर जिला संयोजक दिलीप द्विवेदी द्वारा शिक्षक प्रकोष्ठ की तरफ से स्वागत किया गया तथा संगठन के सभी पदाधिकारी ने भी जिला अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उक्त बैठक में जिला सहसंयोजक श्रवण कुमार अवस्थी, नागेन्द्र बहादुर सिंह, चंद्र प्रकाश पांडे, डॉक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह, अजय अवस्थी, इश्वरी प्रसाद तिवारी, रमेश चंद्र द्विवेदी, राजेन्द्र कुमर पाण्डेय, सूर्यकांत मिश्रा, अमरेश सिंह, सुनील सिंह, रामेन्द्र मिश्र, मनीष मिश्र, अतुल शुक्ल, विनीत मौर्य, प्रेम शंकर मिश्रा, विजय कुवर चौधरी, रतन सिंह, आशीष मिश्रा, शशिकांत तिवारी, भैरो प्रसाद मिश्र, सुनील द्विवेदी, रमेश चंद्र द्विवेदी, संजय मौर्य, नवनीत प्रकाश, उमाशंकर, संतोष मिश्रा, चंद्रधर शर्मा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रदेश सचिव ने अपनी विधानसभा में किसनो की समस्याओं को सुना समाधान का दिया आश्वासन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने ऊंचाहार विधानसभा के बाबा कापुरवा,मुराईन का पुरवा, चड़रई, सवैया हसन, सवैया मीरा, पूरे चांदन आदि गांव में चौपाल, नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी एवं कांग्रेस पार्टी की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जी लगातार आप सबकी चिंता कर रहे हैं,इस देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए,बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के बने संविधान को बचाने के लिए लगातार राहुल जी संघर्ष कर रहे हैं।मोदी सरकार देश के संविधान को खत्म करने का प्रयास कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि ऊंचाहार की जनता अपने मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। इसका सबसे बड़ा कारण है कांग्रेस की 35 सालों से उत्तर प्रदेश में सरकार न बन पाना।ऊंचाहार की जनता आज भी पाषाण कालीन जीवन जीने के लिए मजबूर हैं, आज छुट्टा जानवरों से किसान हमारा परेशान है, सरकार को इनकी समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है, बिजली की समस्या लगातार बढ़ रही है और बिजली का बिल उपभोक्ताओं को कई गुना बढ़ के जमा करना पड़ता है।श्री सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास है कि ऊंचाहार को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाए,आप सब मेरे परिवार की तरह हैं।मैं हमेशा आपके सुख-दुख में साथ खड़ा रहूंगा।इसके बाद श्री सिंह ने भागीपुर निवासी श्री विनोद सिंह एवं शिवचरण सिंह के यहां लाखों की चोरी विगत दिनों हुई थी,परिवारजनों से मिलकर पूरी जानकारी ली और पुलिस अधिकारियों से फोन करके जल्द से जल्द खुलासा करने के लिए कहा।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व खंड विकास अधिकारी आरके सिंह, रामदत्त पांडे, डॉक्टर पाल, दशरथ सरोज आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सरयू नदी का रौद्र रूप: नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 42 सेमी ऊपर, बाढ़ को लेकर अलर्ट

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 42 सेमी ऊपर पहुंच गया है। नदी के जलस्तर में प्रतिघंटे एक सेमी का इजाफा हो रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश और बनबसा और कर्तनीय घाट बैराज से पानी छोड़े जाने के चलते नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जलस्तर में इजाफा होने से अयोध्या और गोंडा क्षेत्र के कई गावों में बाढ़ का संकट बन गया है।सरयू के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। बाढ़ खंड और जिला प्रशासन के अधिकारी पल-पल नजर रखे हुए हैं। नदी का रौद्र रूप देखकर कछार में रहने वाले लोग अपने घरों के जरूरी सामान और जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने लगे हैं।जानकारी के मुताबिक, गिरिजा बैराज से लगातार लाखों क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिससे सरयू नदी के जल स्तर में बढ़ोतरी हो रही है।जलस्तर में और इजाफा होने की संभावना केंद्रीय जल आयोग अयोध्या के प्रभारी डॉ. अमन चौधरी ने बताया- बनबसा और कर्तनिया घाट से पानी छोड़ने का सिलसिला जारी है, जिसके चलते जल स्तर में और इजाफा होने की संभावना है। जलस्तर में अभी 24 घंटे और बढ़ोतरी होगी।प्रतिघंटे बढ़ रहा सरयू का जलस्तर।सरयू का जलस्तर खतरे के निशान को पार करते हुए खतरे के निशान से 42 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। अयोध्या में खतरे का निशान 72.300 मीटर है। रविवार दोपहर जलस्तर 93.15 सेमी पहुंच गया है। प्रति घंटे पर प्रतिघंटे बढ़ रहा सरयू का जलस्तर।सरयू का जलस्तर खतरे के निशान को पार करते हुए खतरे के निशान से 42 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। अयोध्या में खतरे का निशान 72.300 मीटर है। रविवार दोपहर जलस्तर 93.15 सेमी पहुंच गया है। प्रति घंटे पर एक सेंटीमीटर के रफ्तार से सरयू का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। रुदौली तहसील एरिया में बाढ़ से पांच हजार परिवार प्रभावित है।रुदौली तहसील क्षेत्र में हर साल बाढ़ प्रभावित गांवों के रुदौली तहसील एरिया में बाढ़ से पांच हजार परिवार प्रभावित है।रुदौली तहसील क्षेत्र में हर साल बाढ़ प्रभावित गांवों के लगभग 5 हजार परिवारों को बाढ़ से प्रभावित होते हैं। जलभराव की स्थिति में आवागमन बंद होने से आवश्यक वस्तुओं के खरीदारी के लिए एक मात्र साधन नाव है।कैथी मांझा के निवासियों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। चारों तरफ जलभराव से आने-जाने का रास्ता बंद हो जाता है। पिछले दो दिनों में जलस्तर को देखते हुए सरयू के कछार में बसे कैथी मांझा, अब्बुपुर, सल्लाहपुर व महंगू का पुरवा के ग्रामीणों में बाढ़ के अंदेशे को लेकर ग्रामीणों में दहशत है।बाढ़ का पानी निचले हिस्सों में आना शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि अगर इसी तरह पानी बढ़ता रहा तो शीघ्र बाढ़ का पानी गांव में घुसने लगेगा।

## छात्रसभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए प्रवीण प्रताप सिंह

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर राष्ट्रीय अध्यक्ष छात्र सभा डा इमरान ने अपनी कार्यकारणी में प्रवीण प्रताप सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नामित किया, अपने मनोनयन पर प्रवीण प्रताप सिंह ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी व राष्ट्रीय अध्यक्ष छात्र सभा डा इमरान जी ने जो विश्वास मुझ पर किया है उनके विश्वास पर खरा उतरने का काम करूंगा आज भाजपा सरकार छात्र संघ का चुनाव नही कराना चाहती उसकी मंशा है कोई छात्र नेता महाविधालय से न निकले, लेकिन उनकी इस मंशा को कभी पूरा नहीं होने देंगे हम समाजवादी साथी, जल्द एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इनके मनोनयन पर सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, पूर्व विधायक आनंदसेन यादव, पूर्व विधायक सै अब्बास अली जैदी रुश्दी, हाजी फिरोज खान गब्बर, जिला अध्यक्ष पारस नाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, जिला महासचिव बख्तियार खान, महासचिव हामिद जाफर मीसम, प्रदेश सचिव राम अचल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ मो सुहैल सहित सभी ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## ई पी एस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ,रायबरेली की मासिक बैठक व आम सभा का सफल आयोजन सम्पन्न



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

ई पी एस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति, रायबरेली की मासिक बैठक/आम सभा का भव्य व सफल आयोजन रामा कृष्णा पब्लिक इण्टर कालेज, इन्दिरा नगर, रायबरेली में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जे पी त्रिपाठी द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के एस तिवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि ओम शंकर तिवारी थे। कार्यक्रम में श्री राजीव भटनागर राष्ट्रीय सचिव/मीडिया प्रवक्ता,श्री आर एन द्विवेदी प्रदेश संयुक्त सचिव, सुभाष चौबे मीडिया प्रभारी, दिलीप पाण्डेय प्रदेश कोषाध्यक्ष, पी सी कुरील पूर्व अध्यक्ष निगम महासंघ, ए पी सिंह मंडल उपाध्यक्ष, अशोक बाजपेई मंडल सचिव, मेवाराम शुक्ल संरक्षक लखनऊ, डी डी यादव जिलाध्यक्ष लखनऊ, राम दरश, जिला सचिव लखनऊ, राज कुमार क्षेत्रीय मंत्री कर्मचारी संयुक्त परिषद आदि ने सभा को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में सी पी तिवारी संरक्षक, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी उपाध्यक्ष, अखिलेश कुमार अवस्थी उपाध्यक्ष, जानकी प्रसाद श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अमेठी, जे पी चौधरी कार्यवाहक अध्यक्ष, विश्वनाथ गॉधी उपाध्यक्ष, आर बी वर्मा उपाध्यक्ष, जगराम वर्मा उपाध्यक्ष, राजीव सन्तोषी उपाध्यक्ष, राम किशुन पटेल कोषाध्यक्ष लम्बू बाजपेई, अली हसन सहित शताधिक सदस्यों का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

## टाटशाह वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

आख़री पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद साहब स0अ0 की यौमे पैदाइश जश्न ईद ए मिलादुन्नबी के मुबारक मौके के 1 दिन पूर्व आज टाटशाह वेलफेयर सोसाइटी फैज़ाबाद की तरफ से जिला अस्पताल अयोध्या के ब्लड बैंक पर एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टाटशाह वेलफेयर सोसाइटी के सरपरस्त मौलाना मुख्तार उल हसन बगदादी एवं संचालन डा0 मोहम्मद नाज़िम ने किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अयोध्या चन्द्र विजय सिंह ने किया। जिलाधिकारी ने सोसाइटी की सराहना करते हुए कहा कि यदि लोग विभिन्न धार्मिक त्योहारों के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित कराएं तो बड़ी संख्या में लोगों को भला हो सकता है।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे हज़रत मौलाना मुफ़्ती शमशुल क़मर क़ादरी अलीमी इमाम मरकज़ी मस्जिद टाट शाह व ईदगाह ने सोसायटी द्वारा कायम की गई इस परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करने से रक्त दान की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के आयोजक टाटशाह वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद क़मर राईन ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हज़रत मोहम्मद साहब के जन्मदिन की खुशी में 1 दर्जन से अधिक नौजवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।रक्तदान शिविर में हज़रत मौलाना कारी रईस खान साहब, मोहम्मद कमर राईन, पार्षद मोहम्मद अपील बब्लू, मरकज़ी जामा मस्जिद टाटशाह कमेटी के सेक्रेटरी सिराजुल हक,आज़म कादरी, इमरान अहम उर्फ वक़ार भाई,एडवोकेट इस्माइल सिद्दीकी,शादमान खान, शारिब हुसैन, सिराज अहमद, मोहम्मद आसिफ चांद, असलम पठान, मोहम्मद ग़फ़्फ़ार, अशफाक अहमद, उमर अत्तारी, टीपू सुल्तान, अब्दुल्ला क़मर, मोहम्मद आक़िब अमीन, हुमाम क़मर प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## होमगार्ड द्वारा दूसरी शादी किए जाने पर पत्नी ने एसपी से की शिकायत

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली ऊंचाहार।** निवासी होमगार्ड की पत्नी ने अपने पति के खिलाफ दूसरी शादी किए जाने व प्रताड़ित किए जाने के मामले को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की। जनपद के ऊंचाहार थाना क्षेत्र अन्तर्गत नई बस्ती अमिलिहा गांव की रहने वाली इंद्राणी त्रिपाठी पत्नी धर्मेश कुमार त्रिपाठी ने अपने पति धर्मेश कुमार त्रिपाठी के खिलाफ घरेलू हिंसा, उत्पीड़न व दूसरी शादी किए जाने के मामले को लेकर एसपी से शिकायत की है। पीड़िता ने बताया कि इससे पहले भी संबंधित थाने में मामले का शिकायती पत्र दिया गया था लेकिन थाने की पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई। पीड़िता के मुताबिक पति-पत्नी के बीच विवाद का यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है फिर भी उसके पति धर्मेश त्रिपाठी द्वारा दूसरी महिला से विवाह किया जा रहा है।

# विपक्ष द्वारा फैलाए गए झूठ, भ्रम और देश व समाज को तोड़ने की राजनीति को करेंगे बेनकाब: डॉ. भोला सिंह

जन एक्सप्रेस। गौरीगंज,अमेठी



जनपद मुख्यालय गौरीगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर सदस्यता अभियान को लेकर एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने की। बैठक के मुख्य अतिथि डॉ. भोला सिंह सांसद लोकसभा बुलंदशहर एवं राष्ट्रीय महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा रहे। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि हम फिर एक बार सदस्यता अभियान के माध्यम से हर व्यक्ति व हर वर्ग को भाजपा से जोड़ने का काम करेंगे।हम केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व नीतियों को लेकर जनता के बीच पहुंचेंगे।साथ ही विपक्ष द्वारा फैलाए गए झूठ,भ्रम और देश व समाज को तोड़ने की राजनीति को बेनकाब करने का काम करेंगे।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में देश व प्रदेश की तस्वीर बदली है।जनअपेक्षाओं को पूरा करने का काम हुआ है।अब सदस्यता अभियान के माध्यम से जनमानस को भाजपा परिवार से जोड़ना है।प्रत्येक बूथ पर दो सौ सदस्य बनाने है।हमको बूथ तक ही नहीं हर घर तक पहुंचना है।उन्होंने कहा सदस्यता पार्टी संगठन के विस्तार का एक बड़ा अवसर है।हमें शिक्षक, व्यापारी, चिकित्सक, अधिवक्ता साहित्यकार, चित्रकार, कलाकार, खिलाड़ी,पूर्व सैनिक सहित समाज के विभिन्न वर्गों को भाजपा की विचारधारा से जोड़कर सदस्य बनाना है।इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं तथा जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए सौ प्रतिशत योगदान देने का आह्वान किया एवं सदस्यता अभियान को गति देने की रणनीति बनाई।और उपस्थित कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान भी किया।जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक का संचालन जिलामहामंत्री सुधांशु शुक्ला ने किया।बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर पांडे, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी,जिला मंत्री नीलम भारती जिला उपाध्यक्ष गिरीशचंद्र शुक्ला, केशव सिंह, भागीरथी मौर्य, राकेश बहादुर सिंह, मनोज जायसवाल,अतुल सिंह भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा, पंकज सिंह, सूर्यनारायण तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार हल्के बादल छाए रहने के कारण मध्य से तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.4 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*







# महाराष्ट्र मंडल खलासी लाइन में 101वें गणेश महोत्सव पर गायन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**गायन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



खलासी लाइन स्थित महाराष्ट्र मंडल इस वर्ष 101 वां सार्वजनिक गणेश उत्सव बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मान रहा है। इसी कड़ी में बीते दिन शनिवार की रात संगीत प्रतियोगिता का अंतिम चक्र का आगाज हुआ। शास्त्री गायन एवं भजन गायन में फाइनलिस्ट 12 प्रतिभागियों ने अपनी अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इन प्रतिभागियों की प्रस्तुति को देखकर कार्यक्रम पर मौजूद सभी श्रोतागण मंत्र मुक्त हो गए। गायन प्रतियोगिता की शुरुआत से पूर्व मां कामाख्या फ्रेगरेंस तिरंगा अगरबत्ती के मुख्य अतिथि पंडित नरेंद्र शर्मा जी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। गायन प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अपनी अव्वल प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागियों में वर्षा पाठक, मृदुल अवस्थी, हर्ष मुद्गल, शिवम सेन, कनिष्क कैटवॉस, को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित नरेंद्र शर्मा ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम प्रमुख रूप से आदित्य केलकर, जयंत जोग, सुधाकर गॉडसे, संजय फड़के, अजय तांबे, प्रवीण फड़के, व संस्था के अध्यक्ष अशोक कुलकर्णी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन कुमारी अक्षरा एवं पलक दाहले द्वारा किया गया। इसी प्रकार शहर के विभिन्न हिस्सों में गणेश महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। गणेश महोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कहीं पर जागरण तो कहीं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। वही कानपुर शहर में गणेश महोत्सव के आयोजन को लेकर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस मुस्तैद नजर आई। सुरक्षा की दृष्टि से शहर के जाने-माने गणेश महोत्सव स्थान पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।

# बिठूर के गांव मे दिखा मगरमच्छ, ग्रामीणों ने रस्सी से बांधा



### वन विभाग की प्रतिक्रिया

मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू किया और उसे अपने कब्जे मे लेकर गंगा नदी मे छोड़ने की बात कही। वन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि गंगा नदी मगरमच्छ का प्राकृतिक आवास है और बाढ़ या पानी के स्तर मे बढ़ोतरी होने के कारण मगरमच्छ अक्सर गांवों की ओर निकल आते हैं। ऐसे मे विभाग का प्रयास होता है कि मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से पकड़कर दोबारा गंगा मे छोड़ दिया जाए।

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के बिठूर इलाके मे उस समय हड़कंप मच गया जब एक गाँव के अंदर मगरमच्छ देखा गया। यह घटना कल सुबह की है जब गांव के लोग अपने दैनिक कार्यों के लिए घर से बाहर निकले तो उन्हें एक बड़ा मगरमच्छ गांव की गलियों मे घूमता हुआ दिखा।

मगरमच्छ को देखते ही ग्रामीणों मे अफरा-तफरी मच गई और सभी लोग इधर-उधर भागने लगे। हालात को देखते हुए कुछ साहसी ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाई और लाठी-डंडों से मगरमच्छ को काबू करने की कोशिश की। ग्रामीणों ने मगरमच्छ को किसी तरह रस्सी से बांध दिया। लेकिन उसका मुंह नही बांध पाए। इसके बाद तत्काल पुलिस और वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम को पहुंचने मे लगभग 6 घंटे का समय लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को मगरमच्छ के पास से हटाया और स्थिति को नियंत्रित किया। वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को कब्जे मे लिया और उसे सुरक्षित तरीके से गांव से बाहर ले गई।

### गंगा किनारे के गांव मे मगरमच्छ का खतरा

यह घटना कानपुर के बिठूर के मैनावती मार्ग के पास स्थित संभलपुर गांव की है। गांव के प्रधान दीपक ने बताया कि सुबह ग्रामीणों ने जब अपने घरों से बाहर कदम रखा तो उन्होंने गांव के अंदर मगरमच्छ को देखा। जिससे गांव मे हड़कंप मच गया। सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गए और स्थिति को देखते हुए कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए मगरमच्छ को नियंत्रित किया। हालांकि उसका मुंह नही बांध पाने के कारण स्थिति खतरनाक बनी रही। गांव प्रधान ने बताया कि यह गांव गंगा नदी के किनारे बसा हुआ है और इस समय गंगा अपने उफान पर है। इसके चलते अक्सर जलीय जीव-जंतु, खासकर मगरमच्छ और सांप, गांवों मे घुस आते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह पहली बार नही है जब गांव मे मगरमच्छ देखा गया हो। इससे पहले भी कई बार ऐसे जलीय जीव गांव मे देखे जा चुके हैं।

### वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह

वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी और बताया कि अगर दोबारा कोई ऐसी घटना होती है तो तुरंत विभाग को सूचित किया जाए ताकि समय पर कार्यवाही की जा सके। ग्रामीणों ने वन विभाग से आग्रह किया है कि बाढ़ के मौसम मे गांव के आसपास अधिक सतर्कता बरती जाए ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# पहले भी रची गई थी रेल पलटाने की साजिश

**कालिंदी एक्सप्रेस के बहाने पुराने ट्रेन हादसों की भी जांच शुरू**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश का राजफाश करने में लगी पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी के साथ ही सुरक्षा एजेंसियों ने कालिंदी एक्सप्रेस के बहाने पुराने रेल हादसों की भी जांच फिर से शुरू कर दी है। जांच अधिकारी उन मामलों के साजिशकर्ताओं की भी कुंडली खंगालने में जुट गई है।

फतेहपुर, कानपुर, लखनऊ और कानपुर देहात समेत आसपास के अन्य जिलों के उन लोगों की कुंडली भी खंगाल रही है, जो पुराने रेल हादसों की जांच के दौरान शक के दायरे में आए थे। इन लोगों की गतिविधियां और सामाजिक स्तर को देखा जा रहा है। दरअसल घटना के सात दिन बाद भी पुलिस और जांच एजेंसियों के हाथ खाली है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों, घटनास्थल और आस पास के गांव के हिस्ट्रीशीटरों और बदमाशों समेत लगभग 30 लोगों से पूछताछ की गई। साथ ही तमाम बिंदुओं पर काम हो चुका है, लेकिन कोस ठोस सुराग न मिलने की वजह से अब साजिशकर्ता तलाश शुरू की गई है। जांच अधिकारी यह देखना चाह रहे हैं कि पुराने मामलों की जांच में क्या हुआ और उनके घटनास्थलों के आसपास क्या कोई मौजूद था। अधिकारियों का लग रहा है कि उन घटनाओं से कड़ियों को जोड़ने पर असल कहानी तक पहुंचा जा सकता है।

### मिलिट्री इंटेलीजेंस से मदद लेंगी सुरक्षा एजेंसियां

कालिंदी एक्सप्रेस पलटाने की साजिश के बारे में कोई जानकारी न होने की वजह से अब सुरक्षा एजेंसियों ने मिलिट्री इंटेलीजेंस से मदद लेने का फैसला किया है। जांच अधिकारियों की मानें तो सेना की इंटेलीजेंस टीम देश की सबसे बड़ी टीम है। रेलवे के माध्यम से सेना के बड़े अधिकारियों को शामिल करने की योजना है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो बुधवार को एनआईए की टीम मिलिट्री इंटेलीजेंस के साथ मिलकर जांच का काम शुरू कर सकती है।

### खुफिया को किया गया अलर्ट

त्योहारों से ठीक पहले इस तरह की घटना को देखते हुए अलर्ट जारी कर दिया गया है। सेंट्रल और कमिश्नरेट की स्थानीय खुफिया एजेंसियां घनी आबादी वाली बस्तियों में सुरागरसी कर रही है। माना जा रहा है कि लगातार कई साजिशें फेल होने के बाद दहशतगर्द कुछ और साजिश रच सकते है। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है।

# भारी बारिश का अनुमान: मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** एक तरफ बांग्लादेश की क्रिकेट टीम कानपुर के ग्रीनपार्क मैदान पर टेस्ट मैच खेलने की तैयारी में जुटी है तो बांग्लादेश के ऊपर बने हवा के निम्न दबाव से पूरे उत्तर प्रदेश में भारी बारिश का अनुमान है। महानगर में तीन दिनों तक जमकर बारिश के बाद अब 17 और 18 सितंबर को भी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश के लिए अलर्ट जारी किया है। मानसून की विदाई वाले समय में इस तरह से लगातार बारिश होने की वजह यागी तूफान को बताया जा रहा है। यह तूफान बंगाल की खाड़ी से होकर चीन की ओर निकल गया है, लेकिन उसके अवशेष अभी भी हैं। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन पांडेय के अनुसार, पांच सितंबर के बाद से मानसून के लौटने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। ऐसे में निम्न दबाव का क्षेत्र कमजोर होने लगता है और पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने लगती है।



जिससे पश्चिम से ठंडी हवाएं आना शुरू हो जाती हैं। लेकिन इस बार उल्टा हो रहा है। निम्न दबाव का क्षेत्र अधिक सक्रिय है, जबकि पश्चिमी विक्षोभ की हवाएं बेअसर पड़ रही हैं। पूर्वानुमान है कि यह सिलसिला 30 सितंबर तक जारी रह सकता है। 17 और 18 को कानपुर और इसके आसपास के क्षेत्रों में 50 मिमी से अधिक बारिश हो सकती है। निम्न दबाव का यह क्षेत्र अभी बांग्लादेश से सटे गांगिया पश्चिम बंगाल से आगे बढ़ा है। जिसे 15 सितंबर की रात तक उप्र में प्रवेश करने की संभावना है। निम्न दबाव के क्षेत्र और यागी तूफान के असर से 16 से 19 सितंबर तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में अलग-अलग दिनों में बारिश होगी। इस बार मानसून पूर्व की अपेक्षा लंबा खिंचने की संभावना है। ये क्षेत्र हैं- महाराजगंज, कुशीनगर, गोरखपुर, चंदौली, देवरिया, बलिया, मऊ, गाज़ीपुर, जौनपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशांबी, चित्रकूट, बांदा, लखनऊ, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर, रायबरेली, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रतापगढ़, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़, जौनपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली वाराणसी, गाज़ीपुर, मऊ बलिया, कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, फर्रूखाबाद, हरदोई, जालौन, इटावा, औरैया, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर, लखनऊ, उन्नाव, फतेहपुर, रायबरेली, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रतापगढ़, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़, जौनपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली वाराणसी, गाज़ीपुर, मऊ, बलिया।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, सुइथाकला, जौनपुर।

पत्रांक: 385/आंकिक आपूर्ति/निविदा/2024-25 दिनांक 12.09.2024

## शार्ट टर्म निविदा

वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना/अनुरक्षण मद के अन्तर्गत विकास खण्ड कार्यालय में कराये जाने वाले विभिन्न कार्य पर सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.09.2024 से 27.09.2024 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 12:00 बजे तक विकास खण्ड सुइथाकला कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 27. 09.2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी द्वारा निविदादाताओं के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म का मूल्य 500.00 रु0 है। निविदा निम्न है-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|
| 1. | खण्ड विकास अधिकारी कक्ष का विस्तारीकरण/छत मरम्मत का कार्य | 40 एमएम0 ईट गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेंट, मोटा बालू, महीन बालू, पत्थर गिट्टी, पुट्टी, पेंट, सरिया गेट |
| 2. | एन0आर0एल0एम0 आफिस की मरम्मत | 40 एमएम0 ईट गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेंट, मोटा बालू, महीन बालू, पत्थर गिट्टी, पुट्टी, पेंट, सरिया गेट |
| 3. | बी0डी0ओ0 आवास एवं टाइप-2 आवास पर मरम्मत 2 यूनिट | 40 एमएम0 ईट गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेंट, मोटा बालू, महीन बालू, पत्थर गिट्टी, पुट्टी, पेंट, सरिया गेट |
| 4. | जनरेटर रूम मरम्मत | 40 एमएम0 ईट गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेंट, मोटा बालू, महीन बालू, पत्थर गिट्टी, पुट्टी, पेंट, सरिया गेट |
| 5. | शौचालय मरम्मत | 40 एमएम0 ईट गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेंट, मोटा बालू, महीन बालू, पत्थर गिट्टी, पुट्टी, पेंट, सरिया गेट |
| 6. | सहायक विकास अधिकारी (पं0) कक्ष की मरम्मत एवं वायरिंग | 40 एमएम0 ईट गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेंट, मोटा बालू, महीन बालू, पत्थर गिट्टी, पुट्टी, पेंट, सरिया, वायर, गेट |

**प्रतिबन्ध एवं शर्तें:-**

1. निविदा के साथ 2 प्रतिशत धनराशि आहरण न दर पर एफडीआर संलग्न करना अनिवार्य होगा, निविदादाता को निविदा प्रपत्र के साथ पंजीकृत जी0एस0टी0एन0 व पैन नम्बर की प्रमाणित टेण्डर के साथ संलग्न करना होगा एवं शेष 8 प्रतिशत धनराशि निविदा स्वीकृत होने के पश्चात एफडी0आर के रुप में जमा करना अनिवार्य होगा। जो खण्ड विकास अधिकारी सुइथाकला के नाम बन्धक होगी, को स्वीकार किया जायेगा एवं जिसे निर्माण कार्य समाप्ति के पश्चात नियमानुसार वापस की जायेगी।
2. समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार खण्ड विकास अधिकार सुइथाकला में निहित होगा।
3. निविदा फार्म/प्रपत्र निर्धारित तिथि तक कार्यालय अवधि में श्री मनोज कुमार लेखाकार से निविदा शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।
4. आपूर्तिकर्ता को 2 प्रतिशत आयकर देना होगा जो भुगतान हेतु प्रस्तुत बिल से कटौती कर लिया जायेगा।
5. आपूर्तिकर्ता को भुगतान करते समय नियमानुसार एस0जी0एस0टी0 1 प्रतिशत एवं सी0जी0एस0टी0 1 प्रतिशत की कटौती की जायेगी।
6. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरुप न पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**सुइथाकला, जौनपुर**


# गंगा में डूबे गुरुकुल के छात्र का घटना के दो दिन बाद भी नहीं मिला शव



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**बिठूर।** आदित्य तिवारी पुत्र संतोष तिवारी निवासी पहाड़पुर थाना दोष पुर जिला सुल्तानपुर उम्र 13 वर्ष जो पुराने बिठूर स्थित स्वामी महेशा नंद विद्या पीठ गुरुकुल में पढाई करता था। 13 सितंबर की दोपहर करीब 4:00 बजे सुंदर घाट जो इस गुरुकुल से सटा हुआ बना है। इसी स्थान पर गंगा स्नान करते समय छात्र गंगा नदी में डूब गया था। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था।

सूचना मिलते ही बिठूर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से छात्र के शव की गंगा नदी में तलाश भी की थी। लेकिन घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक गुरुकुल के छात्र का कोई पता नहीं चला है। सूत्रों के मुताबिक जहां पर गुरुकुल में पढ़ने वाला छात्र डूबा है उस स्थान पर किसी पर्व या मेले में कोई बाहरी व्यक्ति गंगा स्नान करने नहीं आते हैं। सुंदर घाट पर केवल पुराने बिठूर के ही पुराने लोग कभी कभार गंगा स्नान करते हैं।

# सीएसजेएमयू में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 22.18 लाख रुपये ठगे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




कानपुर में एक युवती से उसके परिचित युवक ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में नौकरी दिलाने और पीएचडी कराने का झांसा देकर 22.18 लाख रुपये ठगी कर ली। रुपये हड़पने से पहले आरोपी युवक ने युवती को विश्वविद्यालय का फर्जी नियुक्ति पत्र व पीएचडी की फर्जी डिग्री भी लाकर दे दी। युवती जब नियुक्ति पत्र लेकर नौकरी ज्वाइन करने पहुंची तो उसे खुद के साथ हुई ठगी का पता चला।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर के आदेश पर स्वरूपनगर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आर्यनगर की रहने वाली तान्या दीक्षित ने बताया कि उसके परिचित सी ब्लॉक पनकी निवासी विक्रम सिंह का घर पर आना जाना था। वह अपनी मां तृप्ति सिंह और महिला मित्र प्रियंका सेंगर को लाता था। विश्वविद्यालय में पीएचडी धारक को नौकरी मिलने की बात पर विक्रम ने पहुंच का हवाला देते हुए पीएचडी कराने और नौकरी लगवाने की बात कही। इसके एवज में 22 लाख रुपये का खर्च बताया।

विश्वविद्यालय में नौकरी के झांसे में आ गई। विक्रम ने पीएचडी अलीगढ़ स्थित मंगलायत यूनिवर्सिटी से कराने व विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी लगवाने के नाम पर तान्या से कई किश्तों में 22.18 लाख रुपये ले लिए और ज्वाइनिंग भी जुलाई में कराने का वायदा किया। कुछ दिन बाद उसे डाक से विश्वविद्यालय की तरफ से एक नियुक्ति पत्र मिला। उसी के बाद विक्रम ने अपने मोबाइल से व्हाट्सएप पर उसे पीएचडी की डिग्री भी भेज दी।

नियुक्ति पत्र लेकर जब नौकरी ज्वाइन करने विश्वविद्यालय पहुंची तो रजिस्ट्रार ने नियुक्ति पत्र और उसमें दर्ज हस्ताक्षर फर्जी बताए। पीड़िता ने एडिशनल पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था हरीश चंदर से मामले की शिकायत की जिसके बाद स्वरूपनगर पुलिस ने विक्रम सिंह, उसकी मां तृप्ति सिंह, महिला दोस्त प्रियंका और बहन सान्या के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# आसान नही है हरियाणा की सत्ता में पुर्नवापसी

**हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने को आतुर भाजपा के सामने इस बार चुनौतियां कम नहीं हैं, वही कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से अति-उत्साहित दिखाई दे रही है, आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने में जुटी है। हरियाणा में तू डाल-डाल, मैं पात-पात की कशमकश जोरों से चल रही है। विनेश और बजरंग पहलवान को शामिल करके कांग्रेस खुशियां मना रही थी, लेकिन 'आप' से हो रहा समझौता टूटते ही कांग्रेस की खुशियां कुछ हद तक फीकी दिखाई देने लगीं।**

इस बार हरियाणा के चुनावों पर समूचे देश की नजरें लगी हैं। हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है। आप ने प्रत्याशियों की दो-दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान भी कर दिया है। फिर भी दोनों दलों में कुछ लोग हैं, जो अभी गठबंधन की उम्मीद छोड़ने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि यही गठबंधन कांग्रेस की जीत का बड़ा कारण माना जा रहा है। इस गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक छंटते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन भाजपा की जीत अभी भी निश्चित नहीं मानी जा रही है। भले ही 'आप' को दूर रखकर हरियाणा कांग्रेस की राज्य इकाई खुश हो रही हो, लेकिन इसका फायदा भाजपा को ही होने वाला है क्योंकि 'आप' प्रत्याशियों को जहां भी, जितने भी वोट मिलने वाले हैं, वे जाएंगे कांग्रेस के खाते से ही। इस त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिलेगा। हरियाणा कांग्रेस एवं उसके नेता प्रारंभ से ही स्वतंत्र चुनाव लड़ने के पक्ष में रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, दस वर्षों की सत्ता-विरोधी लहर के मद्देनजर भाजपा 2019 से कमजोर स्थिति में है, जब उसे 90 सीटों की विधानसभा में 40 सीटें ही मिल पाई थीं। हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनावों के नतीजे भी संकेत दे रहे हैं जहां पिछली बार की दसों सीटों की जगह उसे सिर्फ 5 सीटें मिलीं। आप को कांग्रेस के साथ गठबंधन में यहां एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मौका मिला था, लेकिन वह हार गई थी। इसी स्थिति को देखते हुए ही प्रदेश कांग्रेस आप के साथ गठबंधन को पूरी तरह गैर जरूरी मान रहा है। लेकिन कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व राजनीति गणित को देखते हुए आप के साथ गठबंधन को लेकर निरन्तर प्रयास करता रहा। यही कारण दोनों दल गठबंधन के लिए बातचीत की मेज पर बैठे। राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उनकी प्राथमिकता यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के इंडिया गठबंधन की एकजुटता और उसकी मजबूती में किसी तरह की कमी न दिखे ताकि केंद्र सरकार और भाजपा पर उसका दबाव बना रहे। हरियाणा में आप पार्टी कोई चमत्कार घटित करने की स्थिति में नहीं है। उसकी भूमिका सत्ता के गणित को प्रभावित करना मात्र है। कुछ सीटें उसके खाते में जा सकती है, जिसका रोल भविष्य की सत्ता की राजनीति में हो सकता है। अरविन्द केजरीवाल के जातीय गणित के कारण 'आप' पार्टी कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचा सकता है तो कुछ नुकसान भाजपा का भी कर सकती है। कम वोटों के अंतर से होने वाली जीत-हार में 'आप' पार्टी का असर साफ दिखने वाला है। देर से ही सही, हो सकता है कांग्रेस नेतृत्व को यह बात समझ में आ जाए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी होगी। हालांकि चुनाव परिणाम आने पर ही असल माजरा समझ आएगा, लेकिन यह तय है कि भाजपा को दस साल के राज के बावजूद कमजोर नहीं माना जा सकता। लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों में आई कमी के बाद विपक्ष को जो थोड़ी धार मिली है, उसका जो मनोबल बढ़ा था, उसके मद्देनजर ये चुनाव अहम माने जा रहे हैं। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा के चुनाव भी ज्यादा दूर नहीं हैं। ऐसे में हरियाणा विधानसभा चुनाव में अगर इंडिया गठबंधन साथ मिलकर मजबूती से लड़ता और अच्छी जीत दर्ज करा पाता तो उसका असर न केवल आने वाले विधानसभा चुनावों पर बल्कि पूरे विपक्ष के मनोबल पर पड़ने वाला था।

### एक्सप्रेस आलेख

**आज किसी भी निवेशक को अपने इंसेंटिव्स के लिए परेशान नहीं होना पड़ता। ऑनलाइन ही सारे काम हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश ने सेमीकण्डक्टर नीति को लागू किया है। नीति में सेमी कण्डक्टर क्षेत्र के निवेशकों के लिए आकर्षक प्राविधान किए गए हैं। सरकार ने एक साथ कई मोर्चे पर कार्य शुरू किया है। योगी आदित्यनाथ ने इसे अपनी निगरानी में रखा है। यही कारण है कि नौकरशाही भी इसी के अनुरूप मुस्तैदी दिखाने लगी है। औद्योगिक विकास का पूरा रोडमैप तैयार किया गया है। बिल गेट्स की संस्था प्रदेश में अनेक समस्याओं के समाधान में योगदान करेगी। सरकार के कदमों से प्रदेश में निवेश का माहौल कायम हुआ। केवल प्रचार के लिए औद्योगिक नीति नहीं बनाई, बल्कि बाधक तत्वों को पहले दूर किया।**



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

# सेमीकण्डक्टर संबंधी संसाधन

**ऑनलाइन पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से निवेश की प्रक्रिया को सबसे आसान बनाया गया है। पहले भी सिंगल विण्डो सिस्टम की बात की जाती थी, लेकिन हमने इसे गंभीरता से लागू किया। आज किसी भी निवेशक को अपने इंसेंटिव्स के लिए परेशान नहीं होना पड़ता। ऑनलाइन ही सारे काम हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश ने सेमीकण्डक्टर नीति को लागू किया है। नीति में सेमी कण्डक्टर क्षेत्र के निवेशकों के लिए आकर्षक प्राविधान किए गए हैं।**

जनधन खातों के साथ शुरू हुआ डिजिटल इंडिया अभियान निरंतर प्रगति पर है। दिल्ली से भेजी गई धनराशि जरूरतमंदों तक शत प्रतिशत पहुंचने लगी। सब्सिडी,भरण पोषण भत्ता,किसान सम्मान निधि,उपज का भुगतान बिना बिचौलियों के होने लगा। डिजिटल इंडिया के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचने लगा है।समाज के अन्तिम पायदान तक के लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया। डीबीटी के माध्यम से शासन की योजनाओं को अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा स्थित इण्डिया एक्सपो मार्ट का उद्घाटन किया। उद्योग जगत को भी नया आयाम मिला है। औद्योगिक नीति के द्वारा निवेशकों के लिए अपेक्षित सुविधाओं का इंतजाम किया गया।देश-विदेश के निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के इच्छुक हैं।उत्तर प्रदेश में कानून का राज है, निवेश अनुकूल आकर्षक सेक्टोरल नीतियां हैं। पिछले वर्ष सम्पन्न यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से अब तक प्रदेश को चालीस लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले थे। इसमें से इस वर्ष फरवरी माह तक राज्य ने दस लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में सफलता प्राप्त की है। ऑनलाइन पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से निवेश की प्रक्रिया को सबसे आसान बनाया गया है। पहले भी सिंगल विण्डो सिस्टम की बात की जाती थी, लेकिन हमने इसे गंभीरता से लागू किया। आज किसी भी निवेशक को अपने इंसेंटिव्स के लिए परेशान नहीं होना पड़ता। ऑनलाइन ही सारे काम हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश ने सेमीकण्डक्टर नीति को लागू किया है। नीति में सेमी कण्डक्टर क्षेत्र के निवेशकों के लिए आकर्षक प्राविधान किए गए हैं। सरकार ने एक साथ कई मोर्चे पर कार्य शुरू किया है। योगी आदित्यनाथ ने इसे अपनी निगरानी में रखा है। यही कारण है कि नौकरशाही भी इसी के अनुरूप मुस्तैदी दिखाने लगी है। औद्योगिक विकास का पूरा रोडमैप तैयार किया गया है। बिल गेट्स की संस्था प्रदेश में अनेक समस्याओं के समाधान में योगदान करेगी। सरकार के कदमों से प्रदेश में निवेश का माहौल कायम हुआ। केवल प्रचार के लिए औद्योगिक नीति नहीं बनाई, बल्कि बाधक तत्वों को पहले दूर किया। इसमें सबसे




**भारत दुनिया का आठवां देश है जहां ग्लोबल सेमीकण्डक्टर इण्डस्ट्री से जुड़ा आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत डिजाइनिंग की दुनिया में बीस प्रतिशत प्रतिभा का योगदान करता है। ऐसे इनीशिएटिव्स से सेमीकण्डक्टर और साइंस सेक्टर में इनोवेशन्स का दायरा बहुत ज्यादा बढ़ने वाला है।**

प्रमुख भ्रष्टाचार की संभावना के मार्गों को बंद करना था। शुरुआत यहीं से होती है। लेकिन पहले उद्योग की मंजूरी लेने में ही दम निकल जाती थीं। कई विंडो से फाइल गुजरती थी। प्रत्येक विंडो पर बाधाओं का अंबार रहता था। फाइल कैसे आगे बढ़ती थी, यह बताने की जरूरत नहीं है। सरकार औद्योगिक विकास की दर बढ़ाने के लिए इंडस्ट्रियल एसोसिएशन 'फिक्की' की भी मदद ली। इसके अलावा आईआईटी कानपुर जैसी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा। सरकार ने उत्तर प्रदेश के निर्यात को भी दुगना करने का लक्ष्य निर्धारित किया। प्रत्येक जिले को एक-एक उत्पाद आवंटित किया जा रहा है। इन उत्पादों से उनकी पहचान जुड़ेगी। स्थानीय उद्योग को कौशल विकास से जोड़ा गया। निर्यातकों को सभी संभव सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित हुआ। हाईवे पर विभिन्न उत्पादों के औद्योगिक सेक्टर विकसित किये जा रहे है। वस्तुतः हाईवे पर ऐसी योजना बहुत पहले बनाई जानी चाहिए थी। इससे इन मार्गों पर सुविधाओं का विकास होगा। औद्योगिक सेक्टर की स्थापना होने से आयात निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भी निवेशकों ने उत्तर प्रदेश के प्रति उत्साह प्रदर्शित किया था। यहां भी मुख्यमंत्री ने निवेश के लिए कारपोरेट जगत के लोगों से सीधा संवाद किया था। इनमें उन देशों के लोग भी शामिल थे, जिन्होने योगी सरकार की औद्योगिक नीति को बहुत व्यावहारिक और बेहतर बताया था। इसके अलावा योगी से अब तक दर्जनों विदेशी राजदूत मिल चुके हैं। इनके देशों ने उत्तर प्रदेश में निवेश करने की योजना बनाई है।औद्योगिक विकास के साथ के साथ शहर और ग्रामीण इलाकों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के विषय को भी जोड़ा गया है। पूर्वांचल चालीस वर्षो से जापानी इंसेफलाइटिस से जूझ रहा था। योगी आदित्यनाथ ने बिलगेट्स और उनकी टीम से इस संबन्ध में भी चर्चा की थी। इसमें उन्होंने भी सहयोग दिया। शुद्ध पेयजल और मेडिकल सुविधाओं, अनुसन्धान आदि में बिलगेट्स की संस्था सहयोगी बनी थी। पर्यटन को उद्योग के रूप में विकसित करने की शुरुआत की गई। वह पहले ही कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश विश्व पर्यटन के नक्शे पर बेहतर जगह बना रहा है। अब तक ताजमहल को लेकर हम खुश थे। अब इसमें अनेक केंद्र जुड़ गए है। भारत दुनिया का आठवां देश है जहां ग्लोबल सेमीकण्डक्टर इण्डस्ट्री से जुड़ा आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत डिजाइनिंग की दुनिया में बीस प्रतिशत प्रतिभा का योगदान करता है। ऐसे इनीशिएटिव्स से सेमीकण्डक्टर और साइंस सेक्टर में इनोवेशन्स का दायरा बहुत ज्यादा बढ़ने वाला है। सेमीकण्डक्टर से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी बहुत फोकस किया जा रहा है। देश में डाइमेंशनल पावर भी है। इनमें देश की रिफॉर्मिस्ट गवर्नमेंट, ग्रोइंग मैन्युफैक्चरिंग बेस और एस्पेरेशनल मार्केट सम्मिलित हैं।भारत की एस्पेरेशनल और टेक ओरिएण्टेड सोसाइटी यूनीक है। भारत के लिए चिप का मतलब सिर्फ एक टेक्नोलॉजी ही नहीं है। यह करोड़ों एस्पेरेशन्स को पूरा करने का माध्यम है। आज भारत चिप का बहुत बड़ा उपभोक्ता है। भारत आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक सेक्टर में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ा रहा है। सेमीकॉन इण्डिया प्रोग्राम एक अद्भुत योजना है। इसके तहत, फ्रण्ट इण्ड फैब्स, डिस्प्ले फैब्स, सेमीकण्डक्टर पैकेजिंग, कम्पाउण्ड सेमीकण्डक्टर्स, सेन्सर्स और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग के लिए फाइनेंशियल सपोर्ट दिया जा रहा है।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | त्रयोदशी 15:10 तक |
| नक्षत्रः | धनिष्ठा 16:33 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | सोमवार |
| योगः | सुकर्मा, 11:42 तक |
| सूर्योदयः | 05:52 |
| सूर्यास्तः | 18:09 |
| चंद्रमाः | कुम्भ राशि में |
| राहुकालः | 07:24-08:57 |
| विक्रमी संवत्ः | 2081 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:36-12:25 |

## जन एक्सप्रेस

### बाकी मुद्दे गौड़ हुए !

*जाति-जाति चिल्ला कर ।*
*कर रहे सब काम ।।*
*बाकी मुद्दे गौड़ हुए ।*
*अब असली पैग़ाम ।।*
*गली अगर ना दाल तो ।*
*है पुनः विश्राम ।।*
*कर सब कुछ प्रयोग ।*
*हैं रहे नाकाम ।।*
*करने को सब सार्वजनिक ।*
*मन इनका ललचाया ।।*
*है फ़िलहाल महफ़िल ।*
*सत्ता की सब माया ।।*
*होगा कितना कारगर ?*
*पकड़ा जो हथियार ।।*
*लगता विघ्न आनी हैं ।*
*अड़चनें हज़ार ।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस कविता

*जाते ही माँ के सारे दिल भी बट गए।*
*पर्दे रिश्तों के भी सारे परे हट गए*
*जाते ही माँ के दिल भी सारे बट गए।*
*मुद्दतों बाद मिलनें से संभला नही जुनूँ*
*देखा मुझे तो दौड़ गले से लिपट गए।*
*वक्त बुरा हो तो साथ देता नहीं कोई*
*सूरज निकलते ही काले साये छट गए।*
*दौरे मुसीबत मिली दोस्तों की फेहरिस्त*
*कुछ नाम उभर गए कुछ नाम मिट गए।*
*जब यूं प्यार का सूरज निकल आया*
*सारे विरह के सांवले बादल छट गए।*
*दिल में जो चढ़ा रंग बहार का संजीव*
*बाहों में तेरे प्यार के मौसम सिमट गए।*

-संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**'भूल' होना 'प्रकृति' है, 'मान' लेना 'संस्कृति' है और उसे 'सुधार' लेना 'प्रगति' है**

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# शरीर में पानी जमा होने (वाटर रिटेंशन) की समस्या



**आपके** शरीर में भी सूजन बढ़ने लगी है? क्या आपका वजन अचानक बढ़ने लगा है? ऐसे में आपको वाटर रिटेंशन की समस्या हो सकती है। यह समस्या तब होती है, जब पानी शरीर से निकलने के बजाय इकट्ठा होने लगता है। मेडिकल भाषा में इसे एडिमा कहा जाता है। कुछ समय के लिए होने पर यह समस्या नॉर्मल मानी जाती है। लेकिन अगर एक सप्ताह से ज्यादा परेशानी होने पर यह बड़ी परेशानी बन सकती है। लेकिन क्या आप जानते हैं इस समस्या को खुद कंट्रोल भी किया जा सकता है। अगर आप कुछ टिप्स अपनाते हैं, तो आप वाटर रिटेंशन से डील कर सकते हैं। आइये इस लेख में जानें इससे डील करने के तरीके।

**नोएडा के फोर्टिस हॉस्पिटल के लिवर ट्रांसप्लान्ट और जीआई सर्जरी विभाग के डायरेक्टर व चेयरमैन डॉक्टर विवेक विज के मुताबिक** यह आंतरिक समस्या की वजह से भी हो सकती है। हार्मोन्स में बदलाव होने या ज्यादा नमक के सेवन से आपको यह समस्या हो सकती है। इन समस्याओं की वजह से शरीर में वाटर लेवल बैलेंस नहीं होता है, जिससे आपको रिटेंशन की समस्या हो सकती है।

**वाटर रिटेंशन से डील करने के लिए अपनाएं ये टिप्स-**

**सबसे पहले इसकी वजह जानें**

वाटर रिटेंशन को कंट्रोल करने के लिए इसके होने की वजह जानना जरूरी है। डॉक्टर से सलाह लें और समझें आपको यह समस्या क्यों हो रही है। सही दवा और ट्रीटमेंट मिलने से आप इस समस्या से राहत पा सकते हैं।

**बॉडी को हाइड्रेट रखें**

वाटर रिटेंशन में बॉडी को हाइड्रेट रखना जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे बॉडी में जमा नमक और टॉक्सिन बाहर आ जाते हैं। इससे शरीर में जमा पानी कम होने लगता है और सूजन भी कंट्रोल होती है। इसलिए इस समस्या में अपना वाटर इंटेक कम करने की गलती न करें।

**डाइट में सोडियम अवॉइड करें**

वाटर रिटेंशन की समस्या में बॉडी को सोडियम पचाने में मुश्किल होने लगती है। ऐसे में सोडियम शरीर में इकट्ठा होने लगता है। इसलिए अपनी डाइट में लो सोडियम वाला नमक इस्तेमाल करें। पैकेज्ड फूड और हाई सोडियम वाली चीजें बिलकुल अवॉइड करें।

**डाइट में हर्बल टी शामिल करें**

अपनी डेली डाइट में हर्बल टी जरूर शामिल करें। आप डॉक्टर की सलाह पर कोई भी हर्बल टी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इससे शरीर से एक्स्ट्रा पानी और नमक बाहर आता है।

**पोटेशियम का सेवन करें**

पोटेशियम का सेवन बढ़ाने से आप वाटर रिटेंशन की समस्या कम कर सकते हैं। अपनी डाइट में उन खाद्य पदार्थों को ज्यादा शामिल करें, जिसमें पोटेशियम ज्यादा होता है। इससे शरीर को टॉक्सिन निकालने में मदद मिलती है। इससे बॉडी में जमा एक्स्ट्रा वाटर भी कम होने लगेगा।

***अगर समस्या एक सप्ताह से ज्यादा हो गया है, तो बिना देरी किये डॉक्टर से संपर्क करें। इससे आप समस्या बढ़ने से रोक सकते हैं।***

### एक्सप्रेस विशेष

# बुढ़ापे का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच बनाने की सराहनीय पहल



ललित गर्ग

**वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर तो काला दाग है ही, शासन-व्यवस्थाओं के लिये भी लज्जाजनक है। हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं।**

**केंद्र** सरकार ने अब सत्तर साल से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 'आयुष्मान भारत' योजना में शामिल करने का निर्णय लिया है, जो सुखद एवं स्वागतयोग्य कदम है। अपने देश के करीब साढ़े चार करोड़ परिवार के छह करोड़ बुजुर्ग इस योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज करा सकेंगे। दरअसल वर्ष 2018 में शुरू हुई आयुष्मान भारत योजना में अब तक केवल गरीब परिवार ही शामिल हो सकते थे, जिन्हें पांच लाख का कैशलेस कवर दिया जाता था। अब इस सार्वभौमिक स्वास्थ्य योजना का लाभ सभी बुजुर्गों को दिया जाएगा। इस योजना से हम एक ऐसी दुनिया बना सकेंगे जहाँ हर बुजुर्ग अपने बुढ़ापे को गरिमा, आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वस्थता के साथ जी सकेंगे। इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी जनकल्याणकारी सरकार को साधुवाद दिया जाना चाहिए। पारिवारिक एवं सामाजिक घोर उपेक्षा एवं उदासीनता के कारण बुढ़ापा अपने आप में एक रोग ही बनता गया है। जब आय के स्रोत सिमट जाते हैं और बच्चों से पर्याप्त मदद नहीं मिलती तो शरीर में रोग दस्तक देने लगते हैं, फिर महंगे इलाज की चिंता और बढ़ जाती है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने इस स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार की नयी पहल का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हुआ तो यह फैसला इस आयुवर्ग के बुजुर्गों की सेहत को लेकर सुरक्षा कवच का काम करेगा। यह जरूरत इसलिए भी महसूस की जा रही थी क्योंकि आने वाले बीस वर्ष में भारत की बुजुर्ग आबादी तीन गुना होने की संभावना है। नये भारत-विकसित भारत की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण एवं उचित स्वास्थ्य-सेवाओं को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सृसंस्कृत परिवार परम्परा पर तो काला दाग है ही, शासन-व्यवस्थाओं के लिये भी लज्जाजनक है। हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्धों की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलाने एवं उनके स्वास्थ्य विषयक खर्चो एवं चिन्ताओं को दूर करने के लिये केन्द्र सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय लाभ देने का फैसला लिया है, वह सराहनीय एवं प्रासंगिक निर्णय है। इस फैसले की जरूरत इसलिए थी क्योंकि सामाजिक सुरक्षा के मामले में भारत बहुत पीछे है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 2019-21 की रिपोर्ट से पता चलता है कि देश में ऐसे परिवारों की संख्या केवल 41 प्रतिशत है, जिनके कम से कम एक सदस्य का स्वास्थ्य बीमा हो। बिहार, महाराष्ट्र जैसे बड़ी आबादी वाले राज्यों में तो यह राष्ट्रीय औसत के करीब आधे के बराबर है। स्वास्थ्य बीमा को लेकर यह उदासीन रवैया हमारी उस आदत की वजह से है, जिसमें ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि जब बीमारी आएगी तो देखा जाएगा। बहुत से लोग जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा को एक ही चीज समझ लेते हैं। लेकिन, जब बीमारी सिर पर आती है, तो पूरे घर के बजट को तहस-नहस एवं असंतुलित कर देती है। सरकार का मौजूदा कदम कई परिवारों को ऐसे आर्थिक दुष्चक्र में फंसने से बचा सकता है। भारत में इलाज दिनों-दिन महंगा होता जा रहा है। जब आय के स्रोत सिमट जाते हैं और बच्चों से पर्याप्त मदद नहीं मिलती तो शरीर में रोग दस्तक देने लगते हैं, फिर महंगे इलाज की चिंता और बढ़ जाती है। अकसर भारत में कर्मचारी व आम लोग सोचते हैं कि वे जीवन भर आयकर चुकाते हैं, लेकिन बुढ़ापे में सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा ना के बराबर होती है। लेकिन अब मोदी सरकार ने लोकतंत्र के सामाजिक कल्याणकारी स्वरूप को तरजीह दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उसने वृद्धों को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू किया है। इन योजनाओं को लागू करने की जरूरत इसलिये सामने आयी है कि वृद्धों को आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा, बंधन माना जाने लगा है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते पारिवारिक-सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। सरकार का हालिया फैसला इसी दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन यह भी सुनिश्चित करना होगा कि योजना को सही ढंग से लागू किया जाए। मुफ्त उपचार से भी बड़ी जरूरत सत्तर साल की उम्र पार वरिष्ठ नागरिकों की नियमित सेहत जांच की है। अस्पतालों की भीड़ में जांच कराना इनके लिए मुश्किल भरा हो सकता है।

# दलित किशोर को पुलिस ने थाने में 5 दिन रखा, छोड़ते ही हुई उसकी मौत, आखिर क्या हुआ?





* पुलिस की पिटाई में हुई दलित किशोर की मौत ने हड़कंप मचा दिया है
* आरोप है कि 3 पुलिसकर्मियों ने दलित किशोर के साथ थाने में कई दिनों तक मारपीट की

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** चौंका देने वाला मामला सामने आया है। यहां पुलिस की पिटाई में हुई दलित किशोर की मौत ने हड़कंप मचा दिया है। आरोप है कि 3 पुलिसकर्मियों ने दलित किशोर के साथ थाने में कई दिनों तक मारपीट की। इसके बाद जब पीड़ित घर पहुंचा तब उसकी तबियत खराब हो गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, ये पूरा मामला फरधान थाना क्षेत्र के सिसावां कलां गांव से सामने आया है। यहां एक दुकान से कुछ सामान चोरी हो गया था।दुकान मालिक ने गांव के ही रहने वाले नाबालिक दलित युवा और उसके 2 साथियों पर चोरी का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस मामले में दलित किशोर समेत उसके दोनों साथियों को पकड़ लिया था।

आरोप है कि पुलिस ने दलित किशोर के दोनों साथियों को तो छोड़ दिया। मगर दलित किशोर को नहीं छोड़ा। आरोप ये भी है कि पुलिस ने थाने के अंदर उसके साथ 5 दिन तक मारपीट की फिर उसे छोड़ दिया।घर पहुंचते ही उसकी तबियत बिगड़ गई।

उसे जिला अस्पताल से डॉक्टर ने इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया. यहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने किया विरोध प्रदर्शन बता दें कि पीड़ित परिजनों ने फरधान थाने के सामने बैठकर विरोध प्रदर्शन किया है। परिवार ने आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दलित किशोर की पुलिस पिटाई से हुई मौत के मामले में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक रामशरण, विनय तिवारी, जिला अध्यक्ष रामपाल यादव सहित कई समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भी फरधान थाने के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली से असम को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया है। इस पूरे मामले पर लखीमपुर खीरी जिले के एसपी गणेश प्रसाद शाह ने बताया, मामले की पूरी गंभीरता के साथ जांच करवाई जा रही है। फिलहाल पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। जांच में जो भी सामने आएगा, उसी हिसाब से कार्रवाई की जाएगी परिजनों से भी बात की जा रही है।

# पत्नी समेत चार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज

* कोर्ट के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच




जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

सदर कोतवाली के गांव सरपता निवासी सूरज के फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मृतक की पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव परसदहा निवासी सुनीता देवी ने बताया कि उसने अपने पुत्र सूरज कुमार का विवाह गांव पनगीपुरवा निवासी लक्ष्मी देवी के साथ 31 मई 2022 को किया था। विवाह के बाद से पुत्र सूरज और बहू के बीच संबंध मधुर नहीं थे। दोनों के बीच अक्सर लडाई झगडा हुआ करता था। बहू लक्ष्मी करवा चौथ पर जेवरात लेकर मायके गयी थी। उसके बाद सूरज के काफी प्रयास के बाद विदा होकर घर नहीं आई, इससे सूरज मानसिक रूप से काफी परेशान रहता था। 9 नवंबर 23 की सुबह सूरज अपनी ससुराल पत्नी को विदा कराने गया था। उसी दिन रात करीब 9 बजे वापस आया और कमरे में लेट गया।

वह काफी परेशान था। सुबह 10 बजे जब सूरज देर तक नही उठा तो उन्होंने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई आवाज नहीं आई। शंका होने पर कमरे की खिड़की तोड़कर देखा तो पुत्र का शव छत के कुंडे से लटक रहा था। उनके बेटे ने पत्नी लक्ष्मी देवी व ससुराल के अन्य लोगों की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने अगले दिन शव का पोस्टमार्टम कराया, लेकिन तहरीर देने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवी, भारत प्रसाद, अरविंद कुमार और अमित कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कैशियर ने कंपनी की तिजोरी से 5.67 लाख रुपये निकाल कर हड़पे मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

इंस्ट्राकाट सर्विसेज कंपनी ने कंपनी के कैशियर पर तिजोरी से 56,7102 रुपये चोरी कर हड़पने का आरोप लगाया है। सदर कोतवाली पुलिस ने कंपनी की तहरीर पर आरोपी शहर के मोहल्ला अर्जुन पुरवा निवासी जतिन वर्मा के खिलाफ अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज की है।

दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि इन्स्ट्राकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का गोला रोड पर कार्यालय है, जिसमें मोहल्ला अर्जुनपुरवा निर्मल नगर निवासी जतिन वर्मा कैशियर के पद पर नियुक्त था। उसका मुख्य काम उपभोक्ताओं के बुक कराए गए उत्पाद को ग्राहकों को अपने होम डिलीवरी मैन के जरिए ऑनलाइन आर्डर पर पार्सल की डिलीवरी करवाने का था। ग्राहकों से कैश ऑन डिलीवरी पर मिली धनराशि को कार्यालय में कैश काउंटर के केबिन में जमा करते थे। अगले दिन ही जमा की गई धनराशि को कंपनी के बैंक खाते में जमा करवाया जाता था। कैश ऑन डिलीवरी की धनराशि को जमा करने एवं उसके रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी जतिन वर्मा को दी गई थी। कम्पनी के वित्त अधिकारियों ने ऑडिट करने पर पाया कि आरोपी जतिन वर्मा ने कंपनी के कार्यालय में जमा नकद धनराशि को कंपनी के बैंक खाते में जमा नहीं किया। कम्पनी के कैश तिजोरी से 16, 17, 20, 22 व 26 फरवरी 2024 के दौरान कुल रुपये 567102 रुपये निकालकर चोरी कर लिए। अब आरोपी जतिन वर्मा धनराशि वापस नहीं कर रहा है। वह 28 फरवरी 2024 से कंपनी कार्यालय में अनुपस्थित है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत की धारा में रिपार्ट दर्ज की गई है। छानबीन की जा रही है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विद्यालय में हिंदी दिवस

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



रविवार को विद्या भारती विद्यालय पंडित दीनदयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ( यूपी बोर्ड ) लखीमपुर खीरी में वन्दना सभा में हिंदी दिवस का कार्यक्रम मनाया गया जिसका शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर योगेंद्र प्रताप सिंह जी ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन और दीप प्रज्जवलन कर किया इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री रमेश चंद्र पाठक जी ने बताया प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 को ही संविधान सभा ने यह निर्णय लिया था कि हिन्दी केन्द्र सरकार की आधिकारिक भाषा होगी। चूंकि भारत मे अधिकतर क्षेत्रों में हिन्दी भाषा बोली जाती थी, इसलिए हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और इसी निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थापित करवाने के लिए काका कालेलकर, हजारीप्रसाद द्विवेदी, सेठ गोविन्ददास आदि साहित्यकारों को साथ लेकर व्यौहार राजेन्द्र सिंह ने अथक प्रयास किये।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने बताया गांधी जी ने सर्वप्रथम 1917 में ही हिंदी को राष्ट्रभाषा की मान्यता दी। उसके बाद 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने इसे राजभाषा की मान्यता दी।

इसके उपरान्त विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने विद्यालय के समस्त भैया-बहनों आचार्य बंधु और आचार्या बहनों को हिंदी दिवस पर शपथ दिलाई कि हम हिन्दी का प्रयोग अपने दैनिक जीवन में करेंगे, हिन्दी में बोलेंगे, हिन्दी में लिखेंगे, हिन्दी में ही हस्ताक्षर करेंगे। हिन्दी हमारी प्रत्येक गतिविधि में समाई रहेगी जय हिंद जय हिंदी इस अवसर पर विद्यालय में सुलेख प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## बाढ़ के पानी में बहे युवक का शव हुआ बरामद

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

कोतवाली तिकुनियां की ग्राम पंचायत खमरिया कोयलार निवासी हसीब रजा ( 19 ) शनिवार की सुबह पशुओं के लिए चारा लेने अपने खेत को गया था।वह चारा लेकर वापस आते समय गांव के निकट बनी रपटा पुलिया को पार करते समय तेज धार में बह गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों और तैराकों की मदद से उसकी पानी में काफी तलाश कराई, लेकिन शाम तक उसका कोई पता नहीं चल सका। रविवार को सुबह आठ बजे पुलिया से 200 मीटर दूरी पर हसीब का शव गन्ना के खेत में फंसा बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बाघ को रेस्क्यू करने की प्रक्रिया के दौरान लोगों को उक्त क्षेत्र में जाने से रोका गया

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

रविवार को मोहम्मदी रेंज के अन्तर्गत बाघ प्रभावित क्षेत्र ग्राम मूड़ा अस्सी, मूडा जवाहर में बाघ को पुनः लोकलाइज कर लिया गया है। बाघ को पकड़ने हेतु उक्त स्थल पर पिंजरे लगाये गये हैं। डा.दया, पशुचिकित्सक एवं डा.नितेश कुमार कटियार, पशुचिकित्सक कानपुर चिड़ियाघर वनकर्मियों के साथ क्षेत्र को आइसोलेट करते हुये बाघ को ट्रैंक्युलाइज करने का प्रयास कर रहे हैं। बाघ को रेस्क्यू करने की प्रक्रिया के दौरान लोगों को उक्त क्षेत्र में जाने से रोका गया है। वन कर्मी इमलिया, अजान, मूड़ा जवाहर, घरथनियां एवं, बघमरा सहित समीपवर्ती ग्रामों में मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के दृष्टिगत संवाद स्थापित कर रहे हैं। क्षेत्र में हुयी बारिश के कारण क्षेत्र में कांम्बिंग प्रभावित हो रही है,किन्तु रविवार की जल्द सुबह बाघ की नयी लोकेशन पर बाघ को पकड़ने हेतु पड्डे को बांधा गया है। बाघ को जल्द से जल्द लोकलाइज कर ट्रैंक्युलाइज करने के लिए 10 नये आइवी कैमरे लगाये हैं। मोहम्मदी एवं गोला के बाघ प्रभावित क्षेत्रों में मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में बाघ मित्र ग्रामीणवासियों को वन्यजीव एवं जनमानस सुरक्षा के उपाय सुझायेंगे। ग्राम के चौराहों, नुक्कड़ों एवं पंचायत भवनों में गोष्ठियां आयोजित की जा रही हैं। जनजागरूकता कार्यक्रम में प्रशासन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के साथ डब्लूडब्लूएफ- इण्डिया संस्था के श्री रोहित रवि आर्डिनेटर का सहयोग लिया जा रहा है। डीएफओ संजय विश्वाल द्वारा स्वयं बाघ को पकड़ने हेतु किये जा रही कार्यवाही का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा कांबिंग कर रही, टीमों को उचित दिशा निर्देश दिये गये। जनमानस से अपील करते हुए कहा कि उक्त क्षेत्र में कहीं भी वन्यजीव देखे जाने अथवा पगमार्क मिलने पर तत्काल वनकर्मियों को सूचित करें। वनकर्मियों के पहुंचे तक क्षेत्र में न जायें। सूर्यास्त के बाद खेत खलियान में न जायें। खुले में शौच के लिए कदापि न जायें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### महिला द्वारा पुलिस कर्मी पर लगाए गए कतिपय आरोप जांच में निकले निराधार

जन एक्सप्रेस । हरदोई। प्रकरण के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आवेदिका व उसका पुत्र सूरज अवैध शराब बनाकर बेचने का काम करते है। आवेदिका के विरुद्ध वर्ष 2020 में मु0अ0सं0 501/2020 धारा 60 आबकारी अधिनियम व वर्ष 2024 में मु0.अ0.सं0. 220/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत है। आवेदिका पुलिस पर अनावश्यक दबाव बनाने के लिए मिथ्या आरोप लगाकर प्रार्थना पत्र देती रहती है। पूर्व में भी आवेदिका द्वारा कई बीट आरक्षियो के विरुद्ध मिथ्या आरोप लगाकर शिकायती प्रार्थना पत्र दे चुकी है। दिनांक 13.09.24 को थाना स्थानीय पर सूरज पुत्र कमलेश निवासी बरुआर थाना टड़ियावां जनपद हरदोई के द्वारा अवैध कच्ची शराब बेचने सम्बन्धी सूचना प्राप्त हुई थी। प्राप्त सूचना पर मुख्य आरक्षी जगदीश प्रसाद, आरक्षी ओम प्रकाश बिंद, आरक्षी मोहित गोस्वामी ग्राम बरूआर में जांच हेतु मौके पर गए थे। पुलिस को देखकर सूरज मौके से फरार हो गया। तत्समय सूरज उपरोक्त के घर में रखे कूलर के ऊपर रखी पन्नी में अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। आवेदिका पुलिस पर अनावश्यक दबाव बनाने के उद्देश्य से मिथ्या आरोप लगाकर प्रार्थना पत्र/ट्वीट कर रही है। लगाए गए आरोप असत्य/निराधार है।

### लड़की को भगा ले जाने का आरोप, 1 गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हरदोई। कासिमपुर कोतवाली थाना इलाके में लड़की को भगा ले जाने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते 15 अगस्त को एक व्यक्ति ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया था कि नेक्का उर्फ जयप्रकाश पुत्र सेवकराम निवासी फरीदपुर थाना सुरसा हरदोई उसकी बहन को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी नेक्का उर्फ जयप्रकाश को गिरफ्तार कर लड़की को सकुशल बरामद कर लिया है।

### अरवल पुलिस ने की सघन चेकिंग व पैदल गस्त



जन एक्सप्रेस । हरदोई। अरवल। पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए नियमित पैदल गस्त की जा रही है। इसी कड़ी में अरवल थाना प्रभारी सोमपाल गंगवार द्वारा रविवार की शाम चौंसार में गंभीर पुल पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया और बाइक चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पुलिस बल के साथ पैदल गस्त की गई। पैदल गस्त के दौरान अरवल थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार, कांस्टेबल रीतेश शाक्य, विशाल कुमार, कंचन, विकास चित्तौडिया मौजूद रहे।

### हरपालपुर कोतवाली में व्यापारी व बैंकर्स की गोष्ठी सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । हरदोई। हरपालपुर। जनपद में कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने थाना मुख्यालय पर क्षेत्र के समस्त व्यापारी, बैंकर्स व पेट्रोल पंप संचालको के अलावा जनसेवा केंद्रों के संचालको की समस्याओं को लेकर उनका समाधान करने हेतु एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में उपस्थित सभी सम्भ्रांतजनो व अन्य की कोई समस्या का न होना बताया गया। इसी सम्बंध में एक रजिस्टर बनाकर गोष्ठी में उपस्थित होने बाले लोगो का नाम पता व मोबाइल नम्बर भी अंकित किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने गोष्ठी में उपस्थित लोगो से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत थाने पर अवगत कराएं शांति व सुरक्षा के साथ साथ कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने में सभी लोग सहयोग दें।

### बांधो से पानी छोड़े जाने के बाद नदियों में जलस्तर बढ़ने की संभावना

जन एक्सप्रेस । हरदोई। सवायजपुर। रविवार की शाम नरौरा बांध से गंगा नदी में 167780 क्यूसेक तथा बिजनौर बैराज से 143578 क्यूसेक व हरिद्वार बांध से 92663 क्यूसेक पानी छोड़े जाने की जानकारी मिली है जबकि रामगंगा नदी में 26 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इस समय गंगा नदी का जलस्तर 137.10 मीटर है, तथा रामगंगा नदी का जलस्तर 135.90 मीटर है। गंगा व रामगंगा नदियों में बांधो व बैराजो से पानी छोड़े जाने के बाद क्षेत्र की रामगंगा व गंगा नदियों के जलस्तर में बढोत्तरी होने की संभावना बलवती हो गयी है।

# जेहादियों के आर्थिक बहिष्कार करने हेतु भारतीय बजरंग दल के तत्वाधान में बैठक सम्पन्न






जन एक्सप्रेस । हरदोई

**सवायजपुर।** भारतीय बजरंग दल नें रूपापुर के एक गेस्ट हॉउस सनातन स्वाभिमान सभा का आयोजन किया। जिसमे मुख्य अतिथि एडवोकेट हाई कोर्ट पुष्करव्रत प्रदेश विधि प्रमुख बजरंग दल व अयोध्या धाम से आये मुख्य वक्ता जितेंद्र शास्त्री नें दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा नाहिल नें कहा वो समय आ गया है ज़ब हम सभी जाति पाती छुआछूत क़ो छोड़कर हिन्दू बनकर संगठित होकर रहें नहीं तो वो दिन दूर नहीं है ज़ब जेहादी हिन्दुओं क़ो बांटकर उन पर अत्याचार और राज्य करेंगें। मुख्यवक्ता जितेंद्र शास्त्री नें कहा हमारे पूर्वज हजारों बर्षों से अधिक समय तक जिहाद की महामारी से लड़ते हुये बलिदान हुये हैं कश्मीर जैसी हालत पूरे भारत में बनते जा रहें हैं, हमें होने समाज क़ो जाग्रत करके इस जिहादी आंधी से लड़ने के लिये तैयार रहना होगा। उन्होंने हिन्दुओं क़ो संदेश दिया जेहादियों का आर्थिक बहिष्कार करो रोजमर्रा की वस्तुएँ हिन्दू भाइयों से ही खरीदें। प्रदेश मंत्री मुनिराज सिंह नें कहा हरदोई का असली नाम हरीद्वय होना चाहिए यहाँ भगवान नरसिंघ और भगवान वामन नें जन्म लिया हैं अगले वर्ष से वामन, और नरसिंघ भगवान के के जन्म दिवस गाँव गाँव झांकी निकालेंगें. उन्होंने कहा समय आने पर हम भगवान बामन की तरह अनुनय विनय करेंगें अगर नहीं सुधरे तो नरसिंघ बन करो जिहादियों पर बार भी करेंगें इसके बाद जिला महामंत्री रोहित सिंह के अनुमोदन पर प्रदेश अध्यक्ष नें हरदोई बजरंग दल का विस्तार किया जिसमे डॉ.रामानंद शुक्ला क़ो जिलाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर भैसी नगला प्रधान अनूप शुक्ला, फरिगहना प्रधान रामकुमार, विमल मिश्रा, अभय सिंह, संतोष सिंह, जीतबहादुर सिंह, नरेश भदौरिया, शिवम शुक्ला, सुशील सिंह, उदयवीर भदौरिया समेत क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहें।

## सदस्यता अभियान के लिए विजय शुक्ला रिंकू ने जनसंपर्क किया



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान प्रथम चरण 01 सितम्बर 2024 से 25 सितंबर तक चलेगा। पार्टी ने 11 2024 सितंबर से 17 सितंबर 2024 तक सदस्यता अभियान शुरू किया है उसी के निमित्त नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने नगर के त्रिलोक गिरि शक्ति केन्द्र के बूथ संख्या 191 से विशेष सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। विशेष सदस्यता अभियान में समाज के प्रतिष्ठित व्यापारी, अधिवक्ता, शिक्षक, सरकारी कर्मचारी, किसान, विद्यार्थियो एवं प्रभावशील व्यक्तियों से जनसंपर्क कर पार्टी की नीतियों को बताया तथा भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलवाई।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, शक्ति केन्द्र प्रभारी धीरज बाजपेयी, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना, सभासद धर्मेन्द्र जायसवाल, शक्ति केन्द्र संयोजक शिवम गुप्ता गुरुजी, पूर्व शक्ति केन्द्र संयोजक हरिओम मिश्रा, बूथ अध्यक्ष गोविन्द कुमार, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## परगना क्लब खैरगढ़ टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी टीम को हराकर खिताब जीत लिया



जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

कस्बे में चल रहे दो दिवसीय कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन का फाइनल मैच खेला गया गया। इसमें 16 टीमों ने भाग लिया। चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम द्वारा देकर पुरस्कृत किया गया।बावन द्ववा दशी के मौके पर आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट का फाइनल मैच आज शाम को खेला गया, जिसमें परगना क्लब खैरगढ़ टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी जय हिंद क्लब मिर्जापुर टीम को हराकर खिताब जीत लिया। मैच में परगना क्लब खैरीगढ़ टीम के खिलाड़ियों ने अपनी रणनीति और टीम वर्क से विपक्षी टीम को हराया। मैच के रेफरी कुलविंदर सिंह, परमजीत सिंह रहे। जिसमें विजेता टीम परगना क्लब खैरीगढ़, द्वितीय स्थान जय हिंद क्लब मिर्जापुर ने प्राप्त किया, जिसमें प्रथम पुरस्कार इक्यावन सौ रुपए की राशि और द्वितीय पुरस्कार एकत्तीस सो रुपए की नगद धनराशि प्रदान की गई। फ़ाइनल मैच के मुख्यातिथि भायुमो की जिलाध्यक्ष विनोद लोधी रहे। पृस्कार वितरण मोहम्मद क़य्यूम ने किया। थानाध्यक्ष अमित कुमार भदौरिया पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। इस दौरान सुनील बत्रा प्रदीप पुरवार, बालकुमार वर्मा अनुदीप दीक्षित, ओमी गुप्ता सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## पाली में गणेश महोत्सव का हुआ समापन, नम आंखों से दी गई बप्पा को विदाई





जन एक्सप्रेस । हरदोई

**पाली।** कस्बे के मां दुर्गा मंदिर ( भूदर वाली मठिया) पर चल रहे गणेश महोत्सव का शनिवार को गणपति विसर्जन के साथ समापन हो गया है। विसर्जन यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई बस स्टैंड चौराहे से गुजरकर गर्रा पुल पर पहुचीं। इस दौरान अबीर- गुलाल की मस्ती के बीच ढोल नगाड़ों की धुन पर भक्त थिरकते नजर आए। चारों तरफ गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा।

विसर्जन यात्रा में आकर्षक झांकिया चर्चा का विषय रही। पाली कस्बा के मोहल्ला बिरहाना स्थित मां दुर्गा मंदिर पर 07 सितंबर को सात दिवसीय गणेश महोत्सव की शुरुआत हुई थी। शनिवार को गणेश महोत्सव के समापन पर सुबह 11 बजे मथुरा से आये आचार्य रामजी द्वारा विधि विधान से हवन पूजन कराया गया। उसके बाद विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा मां दुर्गा मंदिर से शुरू हुई। ढोल नगाड़ों की धुन पर भक्त थिरकते नजर आए। शोभा यात्रा नगर के बिरहाना, सुलह सरायं, बेनीगंज, बाजार, पटियानीम, सराय सैफ, आदि मोहल्लों से होकर शाम करीब 5 बजे गर्रा नदी पर पहुचीं। जहां विधि विधान से पूजन व आरती उतारी गई। भक्तों ने अगले वर्ष तुम जल्दी आना की मनोकामना के साथ गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया। शोभा यात्रा में सुंदर झांकिया आकर्षण का केंद्र रही। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पाली के अलावा शाहाबाद, मझिला, पचदेवरा व पीएसी बल के अलावा प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द्र पांडेय, कस्बा इंचार्ज शिवशंकर मिश्रा पुलिस बल के साथ तैनात रहे। इस मौके पर गोपाल वाजपेयी, आकाश गुप्ता, शिवम तिवारी सूरज शुक्ला, अतुल वाजपेयी, मोहन कटियार, अरविंद वाजपेयी, कन्हैया, नीरज, रंजन, आदि सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## हर शिकायत पर सुनिश्चित कराई जाएगी प्रभावी कार्रवाई : मुख्यमंत्री, सीएम योगी ने जनता दर्शन में करीब 300 लोगों की सुनीं समस्याएं

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया हर व्यक्ति की समस्या का समाधान कराना संवेदनशील सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हर समस्या का निराकरण कराया जाएगा। हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। जनता दर्शन में लोगों की समस्या सुनने के साथ ही सीएम योगी पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते रहे कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। इसमें किसी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए।रविवार सुबह जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजय नाथ स्मृति भवन के सामने किया गया। जनता दर्शन में आए लोगों को हमेशा की



तरह कुर्सियों पर बैठाया गया था। इन लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एक कर और ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने लोगों के प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि किसी की भी जमीन पर कब्जा नहीं होना चाहिए। यदि कोई दबंग या भू माफिया ऐसी हिमाकत कर रहा हो तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। सीएम योगी ने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति ही मानक होनी चाहिए।

### इलाज में धनाभाव नहीं होगा बाधक

जनता दर्शन में हर बार की तरह कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।

# शासन की नितियों का धरातल पर क्रियान्वयन प्राथमिकता- डीएम

## नवागत जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने किया कार्यभार ग्रहण

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

जनपद के नवागत जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने रविवार की शाम कोषागार कार्यालय के डबल लॉकर कक्ष में पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया।जनपद आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दी गई। तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की नीतियों को धरातल पर लाकर क्रियान्वयन करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं से लाभार्थियों को शत-प्रतिशत आच्छादित करना प्राथमिकता होगी।
शिकायतों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएगा। शिक्षा और स्वास्थ्य के संदर्भ में शासन के नियम को सुनिश्चित किया जाएगा। पात्र लाभार्थियों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत दिए जाने का कार्य किया जाएगा। प्रार्थना पत्रों का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण तरीके से किया जायेगा।
कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत नवागत जिलाधिकारी के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में उपस्थित अधिकारियों के साथ एक संक्षिप्त बैठक भी की गई। बता दें कि कुशीनगर के नवागत जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज जिलाधिकारी आजमगढ़ के पद से स्थानांतरित होकर कुशीनगर आए हैं।



2013 में आईएएस काडर प्राप्त हुआ।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी कुशीनगर वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा,वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार यादव, उप जिलाधिकारी कप्तानगंज योगेश्वर सिंह,एसडीएम तमकुही राज विकास चंद्र, एसडीएम कसया परितोष मिश्रा, एसडीएम हाटा प्रभाकर सिंह तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के द्वारा नवागत जिलाधिकारी का बुके देकर स्वागत किया गया।

# महाराजगंज पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी अन्तर्जनपदीय चोर को धर दबोचा

जन एक्सप्रेस । महाराजगंज

मोटरसाइकिल चुराकर नेपाल में बेंचने वाले शातिर वाहन चोर को कोल्हुई पुलिस ने धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्त के पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद हुई। कोल्हुई थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार राय ने बताया कि क्षेत्र के जिगिनिहा के पास बैरियर पर चेकिंग के दौरान थाना कोल्हुई पर पूंजीकृत 219/2024 धारा 303 (2) बीएनएस से सम्बन्धित चोरी की गई मोटरसाइकिल यूपी 56ए एस 7907 को बरामद किया ।अभियुक्त की पहचान अर्जुन साहनी पुत्र हीरालाल साहनी 25 वर्षीय निवासी ग्राम सहजनवा बाबू टोला देउरवा घाट थाना बृजमनगंज के रूप में हुई है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि बाइक चुराकर वह भारत नेपाल सीमा पार कर बेंचता था।जिसके बदले उसे अच्छे पैसे मिलते थे। भारत की चोरी वाली बाइक को



नेपाल में पकड़ा भी नहीं जाता उसके कागज आसानी से बन जाते हैं। अभियुक्त की निशांदेही पर नेपाल राष्ट्र से उसके द्वारा चोरी की गयी पल्सर मोटरसाइकिल को देउरवा घाट मोड़ के पास स्थित झोपड़ी से बरामद कराया तथा 13 जुलाई को बहदुरी बाजार से चोरी गई थी। मोटरसाइकिल संख्या क्र3क्र9787 सुपर स्पलेन्डर प्लस के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमा 225/2024 धारा 303(2) बीएनएस को अभियुक्त अर्जुन साहनी द्वारा स्वंय चोरी करने की बात कबूल किया गया और उक्त वाहन को चोरी के पश्चात नेपाल राष्ट्र में ले जाकर बेचता था। उपनिरीक्षक अवधेश कुमार यादव, उपनिरीक्षक राजीव कुमार सिंह, उपनिरीक्षक जयराम प्रसाद, उपनिरीक्षक राहुल यादव, उपनिरीक्षक हरीश कुमार मौर्या, हेड कांस्टेबिल साहब यादव, आरक्षीगण अमित यादव द्वितीय व प्रिन्स उपाध्याय रहे।

## फरेन्दा जिले में जुड़ने की खबर मिलते ही कैम्पियरगंज तहसील वासियों में फैला आक्रोश

# सीएम से मिलेगा कैंपियरगंज तहसील क्षेत्र का प्रतिनिधिमंडल

जन एक्सप्रेस । कैम्पियरगंज गोरखपुर

कैंपियरगंज तहसील क्षेत्र को नवसृजित होने वाले जिला फरेन्दा में जोड़ें जाने की खबर शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल होते ही यहां के लोग काफी आक्रोशित हो उठे हैं। कैम्पियरगंज तहसील क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि इस तहसील क्षेत्र को संभावित नवसृजित जिले फरेन्दा में जोड़ा जाता है तो यहां के लोगों को बहुत सी कठिनाईयों से



गुजरना होगा और पहले से ही उपेक्षित रहे इस क्षेत्र (कैम्पियरगंज) का सर्वांगीण विकास पूरी तरह से अवरूद्ध हो जायेगा।

### नवसृजित जिले से जोड़ना कैंपियरगंज के लिए होगा अभिशाप

तहसील क्षेत्र वासियों का मानना है कि फरेन्दा का यदि जिला मुख्यालय कैम्पियरगंज और फरेन्दा के बीच स्थापित हो तभी इसे फरेन्दा जिले में जोड़ना कुछ हद तक उचित एवं उपयोगी साबित हो सकेगा वरना यदि इससे इतर कहीं और मुख्यालय बनता है और इस तहसील क्षेत्र के वासियों को जबरदस्ती फरेन्दा में जोड़ा जाता है तो यह हमारे लिए एक अभिशाप साबित हो जायेगा।

### बीस वर्ष पूर्व निवर्तमान राज्यपाल ने कैंपियरगंज को जिला घोषित करने की किया था कवायद

इस सम्बन्ध में तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र पाठक, ओमप्रकाश लाल, वरिष्ठ पत्रकार धर्मेन्द्र त्रिपाठी,सुरेन्द्र सिंह, समाजसेवी सुरेन्द्र प्रताप सिंह आदि दर्जनों लोगों का कहना है कि आज के करीब बीस वर्ष पहले स्थानीय तहसील मुख्यालय पर तत्कालीन राज्यपाल महामहिम मोतीलाल बोरा जी ने मंच पर मौजूद जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कैम्पियरगंज बस चौराहे पर स्व. मुख्यमंत्री वीरबहादुर सिंह जी की मूर्ति अनावरण समारोह में जनमानस को संबोधित करते हुए कहा था कि वह दिन दूर नहीं होगा जब स्व. वीर बहादुर सिंह जी के सपने को साकार करने को लेकर एक दिन कैम्पियरगंज तहसील को जिला घोषित किया जाएगा। तभी से यहां के लोगों में वीर बहादुर सिंह के इस कर्म क्षेत्र को जिला घोषित किए जाने का सपना सभी के दिलों दिमाग में संजोए जाने लगा था और जब इस गृह जनपद क्षेत्र के सांसद रहे योगी आदित्यनाथ जी ने मुख्यमंत्री की शपथ ली तो यहां के लोगों में कैम्पियरगंज तहसील को जिला घोषित होने की आस और मजबूत हो गई थी और यह पूरा विश्वास था कि योगी जी इस तहसील को पूर्वांचल राज्य के 76वें जिलें के रूप में शामिल कर उसकी घोषणा कर इस क्षेत्र वासियों को सरप्राइज गिफ्ट देकर पीढी दर पीढी सबके दिलो-दिमाग में बस जायेंगे क्योंकि सरकार कोई भी हो यह क्षेत्र हमेशा योगी आदित्यनाथ जी को अपना अभिभावक मानता रहा है लेकिन जैसे ही इसे फरेन्दा में जोड़ें जाने जैसी एक शासकीय पत्र संभावित नव सृजित जिला फरेन्दा में जोड़ें जाने को लेकर वायरल हुई तो इस क्षेत्र के लोगों के सपने एवं उम्मीदों पर बज्रपात होने जैसी मायूसी छा गई है। यहां के लोग अब ठगे ठगे से महसूस करने लगें हैं, यहां तक कि लोगों ने अपने लोकप्रिय नेता एवं अभिभावक रुपी मुख्यमंत्री के प्रति गुस्सा जाहिर कर रहे हैं और उनसे मिलकर कैम्पियरगंज तहसील को जिला घोषित किए जाने अथवा कैम्पियरगंज एवं फरेन्दा के मध्य मुख्यालय हर हाल में स्थापित किए जाने की गारंटी दिये जाने की स्थिति में ही फरेन्दा में जोड़ें जाने का प्रस्ताव रखेंगे और यदि ऐसा नहीं होता है तो कैम्पियरगंज तहसील क्षेत्र को गोरखपुर जिले में ही जुड़े रखें जाने की मांग करने की बात कह रहे हैं। लोगों ने बताया कि इस सम्बन्ध में शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री से मिलकर वायरल होने वाले नवसृजित जनपद फरेन्दा के खबर के सम्बन्ध में सत्यता की जानकारी करते हुए अपने तहसील क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार होने से दु:ख व्यक्त करते हुए अपनी मांगों को हर हाल में पूरा किए जाने के लिए सादर अनुरोध करेगा।

# शहर के ट्रांसफार्मरों की बढ़ेगी क्षमता, 4 उपकेंद्रों के 40 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत




जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

शहर की बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए चार उपकेंद्रों दुर्गाबाड़ी, राप्ती नगर ओल्ड, मोहद्दीपुर व इंड्रस्ट्रियल एरिया के पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाएगी। इससे इलाके के लगभग 40 हजार उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज व बिजली कटौती की समस्या से छुटकारा मिलेगा। वहीं, टाउनहॉल से जिला अस्पताल तक खंभे हटाकर 33 हजार वोल्ट के केबिल को अंडरग्राउंड बिछाया जाएगा। इससे सुरक्षा के साथ-साथ सड़क से अतिक्रमण भी हटेगा। इन कार्यों के लिए जल्द ही कार्यदायी संस्था नामित कर कार्य शुरू कराया जाएगा।

### ओवरलोडेड उपकेंद्रों की बढ़ाई जाएगी क्षमता

शहर के दुर्गाबाड़ी, राप्तीनगर, मोहद्दीपुर और इंडस्ट्रियल एरिया उपकेंद्रों पर लोड अधिक है। शहर के अति व्यस्त इलाके में बिजली आपूर्ति करने वाले इन उपकेंद्र क्षेत्र के करीब 40 हजार उपभोक्ता गर्मी के दिनों में लो वोल्टेज व कटौती से परेशान रहते हैं। इसके अलावा शहर में 40 ट्रांसफॉर्मर ऐसे हैं, जो पहले से ओवरलोड हैं। इनसे जुड़े उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए क्षमता वृद्धि आवश्यक है।

### लगेंगे नये ट्रांसफार्मर, उपकेंद्रों की बढ़ाई जाएगी क्षमता

दुर्गाबाड़ी व राप्तीनगर के उपकेंद्र में 20 एमवीए की जगह 30 एमवीए के ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। वहीं मोहद्दीपुर व इंड्रस्ट्रियल एरिया उपकेंद्र की क्षमता 10 एमवीए से बढ़ाकर 20 एमवीए की जाएगी। इस पर 7 करोड़ 15 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके साथ ही 250 केवीए के 40 नए डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। इस पर 5 करोड़ 18 लाख रुपये खर्च होंगे। जिला अस्पताल से टाउनहॉल तक 33 हजार वोल्ट के तारों को अंडरग्राउंड किया जाएगा। इस पर 50 लाख रुपये खर्च होंगे।

### लोकल फाल्ट और लो बोल्टेज से मिलेगा छुटकारा

अधीक्षण अभियंता लोकेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि लोकल फॉल्ट व लो-वोल्टेज की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए योजना बनाकर शासन को भेजी गई थी। शासन ने योजना को मंजूर करते हुए 27.07 करोड़ अवमुक्त किए हैं। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरा कर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# समाज के प्रति संवेदनशीलता रखें ब्राह्मण : गोलू मिश्रा

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

ब्राह्मण समाज के लोगों को अपने समाज के प्रति संवेदनशील होने की जरूरत है। सभी वर्गों को साथ लेकर सभी के कल्याण की बात को करने वाले हमारे समाज के लोग ही आज बिखरे हुए हैं इनको अपने समाज के विषय में भी सोचने की जरूरत है इसलिए समाज के लोगों में एकजुटता जरूरी है क्योंकि एकता में ही बल होता है। कप्तानगंज विकास खंड के एस आर चिल्ड्रेन एकेडमी पड़ौली में रविवार को ब्राह्मण समाज के लोगों की आहूत की गई बैठक को संबोधित करते हुए उक्त बातें अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के जिलाध्यक्ष अजय उर्फ गोलू मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाला हमारा ब्राह्मण समाज आज अपने संस्कारों और समाज से भटकने के कारण ही कमजोर दिखाई दे रहा है और देश में उपेक्षित होने का दंश झेल रहा है जिस



दिन ब्राह्मण समाज के लोग अपने संस्कार के साथ अपने समाज के प्रति संवेदनशील हो जाएंगे उस दिन से ही इस धरा पर पुनः सनातन का ध्वज फराएगा। इसी कड़ी में विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार पाण्डेय ने कहा कि ब्राह्मण एक विचारधारा है ब्राह्मण बंधुओं को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाए के साथ ही साथ अपने समाज के साथ भी कंधा से कंधा मिला कर चलने की जरूरत है। बैठक को सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राधेश्याम पाण्डेय, जिला प्रभारी संतोष पाण्डेय, जिला संयोजक विपिन मणि त्रिपाठी, सिद्धांत शुक्ला, घनश्याम मिश्रा, सहायक अध्यापक संतोष मिश्रा आदि ने भी अपने विचारों को व्यक्त करते हुए ब्राह्मण समाज के इस बैठक को संबोधित कर समाज के लोगों में एकता लाने पर बल दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित सुनील ओझा के द्वारा मंगलाचरण और स्वस्तिवाचन के साथ शंखनाद से प्रारंभ हुआ बैठक की अध्यक्षता नरेंद्र पाण्डेय व संचालन विधान सभा अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय ने की। इस अवसर पर पंडित हरिओम मिश्रा, दिनेश दीक्षित, चंद्रप्रकाश पाण्डेय, अखिलेश पाण्डेय, विनय शुक्ला, सच्चिदानंद गिरि, दिग्विजय नाथ पाण्डेय, संतोष मिश्रा, अवनिंद्र पाण्डेय,नवनीत मिश्रा, केशवदत्त मिश्रा, श्यामबदन उपाध्याय, नवीन पाण्डेय, अनुज मिश्रा, सर्वदेव मिश्रा, रविंद्र त्रिपाठी आदि ब्राह्मण उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में महिला से लूटी चेन वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में लुटेरों ने एक बार फिर घर से बाहर निकलने वाली महिलाओं को दहशत में डाल दिया है। बदमाशों ने शुक्रवार की शाम तिवारीपुर इलाके के सूर्य विहार पुलिस चौकी के पास एक महिला से सोने की चेन लूट ली। महिला पैदल ही अपने घर जा रही थी। तभी पीछे आए लूटेरे ने महिला के गले पर झपट्टा मार उनकी चेन लूट ली और फरार हो गया।
यह पूरी वारदात वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें दो लुटेरे बेखौफ तरीके से महिला के गले से चेन छीनते नजर आ रहे हैं। हैरानी वाली बात यह है कि पीड़िता ने तत्काल इसकी शिकायत सूर्य विहार पुलिस चौकी पर दी, लेकिन परिवार का आरोप है कि घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की और न ही उसकी कॉपी दी गई।
सुनसान जगह पर लूट की वारदात दरअसल, शुक्रवार की शाम करीब 6¬30 बजे पेसिफिक हॉस्पिटल के पास सुनीता सिंह नाम की महिला बाजार से अपने घर लौट रही थीं, तभी दो लुटेरे उनके पीछे लग गए। सुनसान जगह का फायदा उठाते हुए लुटेरों ने चेन छीन ली और फरार हो गए।
इस बीच, एक समाजसेवी ने एसपी सिटी अभिनव त्यागी को व्हाट्सएप पर घटना की वीडियो और डिटेल्स भेजी। एसपी सिटी ने तुरंत कॉल बैक किया और एफआईआर दर्ज कराने का आश्वासन दिया।

# उत्साह पूर्वक लोग ग्रहण कर रहे हैं भाजपा की सदस्यता : डाक्टर शलभ मणि त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस । देवरिया

भारतीय जनता पार्टी देवरिया नगर द्वारा नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा की अध्यक्षता में अटल सदस्यता महापर्व के अंतर्गत बाबा भीमराव अंबेडकर एवं स्वामी विवेकानंद शक्ति केंद्र में वृहद सदस्यता अभियान चलाया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवरिया सदर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक डाक्टर शलभ मणि त्रिपाठी रहे । अभियान के तहत उपरोक्त शक्ति केंद्रों के घर-घर लोगों से संपर्क करके 217 लोगों को भारतीय जनता पार्टी परिवार का सदस्य बनाया गया।
सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि लोग बड़े ही उत्साह और उमंग से पूरे परिवार के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर



रहे हैं । , डॉक्टर भीमराव अंबेडकर शक्ति केंद्र में लोगों का उत्साह भाजपा के प्रति देखते ही बनता है , उन्होंने कहा कि नगर से 30 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य है इसी कड़ी में रविवार को भीमराव अंबेडकर शक्ति केंद्र में 217 लोगों को सदस्य बनाकर एवं स्वामी विवेकानंद शक्ति केंद्र में 78 लोगों को सदस्य बनाकर कार्यकर्ताओं की लगन और मेहनत से बहुत ही जल्द 30000 से ऊपर सदस्य देवरिया नगर में बनेंगे। अभी तक पूरे नगर में 12000 से अधिक सदस्य देवरिया नगर में बनाए जा चुके हैं। इस महापर्व में मुख्य रूप से नगर महामंत्री सुधीर मद्धेशिया, दुर्गेश त्रिपाठी, रविंद्र राव, अजय सिंह, रवि शंकर नाथ त्रिपाठी, दीपू यादव, अमन वर्मा, बजरंगी मणि, पवन जायसवाल, बोनी बाबा, शक्ति केंद्र संयोजक श्री राम प्रजापति संदीप सिंह, सभासद प्रतिनिधि निरंजन शुक्ला, संजय पांडे, अजीत मिश्रा, दीपक श्रीवास्तव, नागेंद्र गुप्ता , आनंद दिक्षित, चंदन तिवारी, मिथिलेश मिश्र, बृजेश प्रजापति, शैलेंद्र सिंह, राज दिक्षित, अमन शुक्ल, वीरेंद्र सिंह, विंदेश पांडे आदि कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

# डूब रहे बच्चे की बचाई जान, अपनी जान गंवाया

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

जनपद के कोल्हुई कस्बे के दुर्गा मंदिर के पास स्थित अमृत सरोवर में डूबने से एक किशोर की हुई मौत, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस। बताया जाता है कि जलालुद्दीन पुत्र सलमान चौदह वर्षीय करीब ढाई बजे घूमने के लिए अमृत सरोवर की तरफ गया था। हाथ में चिप्स का पैकेट लेकर पोखरे की सीढ़ियों पर बैठ कर खा रहा था। उसी दौरान देखा कि एक छोटा बच्चा पानी में डूब रहा था और कोई बचाने के लिए आगे नहीं आया। खुद के जान की बाजी लगाकर बच्चे को बचाने के लिए सलमान पानी में छलांग लगा देता है।किसी तरह बच्चे को गहरे पानी से बाहर की तरफ फेक देता है।इस दौरान खुद गहरे पानी में चला जाता है।मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया है।जब तक कोई बचाने के लिए पहुँचता सलमान गहरे पानी में डूब चुका और तैराकी जानने वाले लोग पानी में जाकर खोजबीन शुरू कर दिये।करीब आधे घंटे के बाद बीच पोखरे से शव को निकाला गया।मौके पर पहुँची पुलिस जीवित होने के आस में लक्ष्मीपुर सीएचसी लें गई।जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मौत की पुष्टि होते ही परिजनों से लेकर पूरे गांव में कोहराम मच जाता है। घटना के बाद क्या बोलें कोल्हुई थाना प्रभारी सत्येंद्र राय उन्होंने बताया घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुँच गयी थी।किशोर को बाहर निकलवा कर लक्ष्मीपुर सीएचसी भेजा गया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## आगरा के नए डीएम अरविंद बंगारी मलप्पा ने लिया चार्ज

जन एक्सप्रेस। आगरा

नवागत डीएम अरविंद बंगारी मलप्पा ने रविवार शाम को पदभार ग्रहण कर लिया। वो शाम 6 बजे कोषागार पहुंचे। उन्होंने पर्यटन नगरी आगरा को लेकर अपनी प्राथमिकताएं बताईं। डीएम मुजफ्फरनगर से ट्रांसफर होकर आगरा आए हैं। नवागत डीएम ने कहा कि शासन की जितनी भी योजनाएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ लागू किया जाएगा। शहर के विकास के लिए काम किया जाएगा। आगरा पर्यटन नगरी है, ऐसे में यहां पर आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधा की जाएंगी। सभी को साथ लेकर शहर के विकास के लिए काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुनवाई के लिए वो उपलब्ध हैं। जनता उनसे सीधे मुलाकात कर सकती है। इस दौरान मौजूद अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर एडीएम (प्रशासन), एडीएम (नगर) अनूप कुमार, एडीएम (प्रोटोकॉल) मुख्य कोषाधिकारी रीता सचान सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

# 33 राज्यों में गोरक्षा का आह्वान लेकर जाएंगे ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य

जन एक्सप्रेस। आगरा

22 सितंबर का दिन यूँ तो एक सामान्य सा दिन ही होगा, परंतु इस बार यह तारीख इतिहास में जोड़ी जायेगी या कहें कि ढाई हजार वर्ष पुराना इतिहास स्वयं को दोहराने को तैयार होगा। दीपिका उपाध्याय ने बताया कि ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अयोध्या में परिक्रमा पूर्ण कर गोरक्षा के लिए देशाटन पर निकल जाएंगे। सुनने में तो यह बहुत सामान्य सी सूचना है किंतु इसके पीछे बहुत गहरा अर्थ छुपा है। 22 सितंबर से ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य पूरे भारतवर्ष के 33 राज्यों की 33 राजधानियों में जाएंगे, गोरक्षा के आह्वान के साथ। कहीं-कहीं धर्म ध्वज लहराएंगे, कहीं सभा करेंगे, कहीं उद्बोधन भी देंगे। मायने गहरे हैं। उद्देश्य गो रक्षा का है किंतु कार्य पद्धति आदि शंकर की है। गोरक्षा आंदोलन का मूल करपात्री जी की धरोहर है किंतु जुझारूपन ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी का सा है। कुल मिलाकर यदि इस माह भर की यात्रा को देखा जाए तो शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



आदि शंकराचार्य के बाद संभवतः दूसरे ऐसे शंकराचार्य होंगे जो सनातन धर्म के किसी विचार अथवा कार्य को लेकर इतने कम समय में पूरे भारत की यात्रा करेंगे। 24,663 किलोमीटर की यात्रा 33 दिन में, वह भी सड़क मार्ग द्वारा। सुनने में यह भले ही किसी फिल्म की परिकल्पना लगे, परंतु यह निश्चित ही मजाक का विषय नहीं है। शंकराचार्य जी की दूरदर्शिता ने आज गोरक्षा आंदोलन को सनातनी अस्मिता का प्रतीक बना दिया है।

इस पर उनकी यह 24000 किलोमीटर से अधिक की सतत यात्रा जहां गोरक्षा की ओर सभी सनातनधर्मियों का ध्यान आकर्षित करेगी, वहीं आदि शंकर को एक बार पुनः प्रासंगिक सिद्ध करेगी। शंकराचार्य के आलोचक यह कहकर प्रसन्न हो सकते हैं कि यह यात्रा तो वाहनों द्वारा तय की जा रही है, इसमें त्याग तपस्या कहां है? यह एक औसत बुद्धि का मनुष्य भी जानता है कि प्रतिदिन लगभग 800 किलोमीटर की यात्रा कितनी आसान है? तिस पर भारत जैसे विविध जलवायु वाले देश में शंकराचार्य जी की यह इतने कम समय में की जाने वाली यात्रा स्वयं में एक लंबी एवं सतत तपस्या है। ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती भले ही यह यात्रा गोरक्षा के प्रति अलख जगाने के लिए कर रहे हो किंतु वास्तव में यात्रा न केवल शंकराचार्य को आज के युग में सर्वाधिक प्रासंगिक कर देगी, बल्कि सनातनधर्मियों को एक पृथक विषय देगी। सत्य यही है कि इस समय सनातनी हिंदू सोशल मीडिया के फैलाए भ्रमजाल में फंसकर इतना भ्रमित हो चुका है कि कहीं-कहीं वह सनातन की मुख्य धारा ही छोड़ने को उत्सुक दिखाई पड़ता है। ऐसे में शंकराचार्य जी की का यह गोरक्षा देशाटन कहीं ना कहीं सनातन धर्मियों को मार्ग ही नहीं दिखाएगा बल्कि उनकी आंखें भी खोल देगा। गाय सनातनी संस्कृति का ही नहीं भारत वर्ष की अस्मिता का भी प्रतीक है शंकराचार्य जी गोरक्षा के बहाने भारतीयों को उनके संस्कृति के सनातन स्वरूप से परिचित कर रहे हैं। वह स्वरूप, जिसे मैकाले की शिक्षा पद्धति ने अंधविश्वास कहकर देश निकाला दे दिया था, आज आधुनिकता के अंधकार को त्याग कर पुनः प्रकाशित होने को है जिसे मूल रूप में लाने का श्रेय आज ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को जाता है। परिणाम चाहे जो हो, किंतु शंकराचार्य आज सर्वाधिक प्रासंगिक तो हो ही गए हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### समाजसेवी नीरज मौर्य को 'मानवता दूत' की उपाधि से किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** ग्लोबल फाउंडेशन एवं नव जीवन सोसायटी द्वारा आयोजित रक्तदानी सम्मान समारोह राधारानी गार्डन,बरी चौराहा,फतेहाबाद रोड,फिरोजाबाद में कई राज्यों से आए हुए समाजसेवियों को सम्मानित किया गया..!! निःस्वार्थ मानव सेवा की भावना से समाजसेवी नीरज मौर्य द्वारा जरूरतमंदों व असहायो के लिए रक्तदान कर सराहनीय सेवा कार्य को देखते हुए उत्कर्ष मानव सेवा के लिए समाजसेवी नीरज मौर्य को 卐मानवता दूत卐 की उपाधि से सम्मानित किया गया..!! समाजसेवी नीरज मौर्य ने कहा इस सम्मान के हकदार हमसे जुड़ें सभी रक्तदाता भाई है जो जरूरतमंदों को रक्तदान के लिए हमेशा आगे रहते हैं,आज उनकी बदौलत हम इस मुकाम पर पहुंचे है..!! समाजसेवी नीरज मौर्य ने ग्लोबल फाउंडेशन एवं नवजीवन सोसायटी के अध्यक्ष इंजीनियर भूपेन्द्र निषाद जी एवं पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया

### खारी नदी में बहे 8 पालतू पशु

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** ताज नगरी आगरा की खारी नदी में किसान के आठ पशु खेत पर चरते समय अचानक खारी नदी के तेज बहाव में बह गए। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने ही किसान के परिवार के लोगों के साथ-साथ थाना मलपुरा का पुलिस फोर्स और ब्लॉक बरौली अहीर से डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची। बताया जा रहा कि स्थानीय गोताखोरों ने चार पशुओं को बाहर निकाल लिया। जबकि दो पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो पशु तेज बहाव में बह गए। जिसके चलते किसान परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा। मिली जानकारी के अनुसार, थाना मलपुरा क्षेत्र के गांव कुठावली निवासी जय सिंह अपने खेतों पर अपने 8 पशुओं को लेकर गए थे। बताया जाता है पशु खेतों में चरते समय बराबरी पर बह रही खारी नदी में अचानक पानी पीने चले गए। खारी नदी में तेज बहाव होने के कारण 8 पशु बहने लगे। जिसमें से गांव बिसेहरा के गोताखोरों ने चार पशुओं को बाहर निकाल लिया। वहीं दो पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई। शेष दो पशु लापता हो गए। सूचना मिलते ही थाना मलपुरा का पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंचा। पीड़ित द्वारा जानकारी देने पर क्षेत्र लेखपाल एवं ब्लॉक बरौली अहीर से पशु स्वास्थ्य अधिकारी विनोद भी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने दोनों पशुओं के पोस्टमार्टम के लिए अपने उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया। नदी के तेज बहाव में किसान जय सिंह के पशु बहने से परिवार में कोहराम छा गया है। पूर्व प्रधान चंद्रपाल सिंह ने बताया है कि लगभग ढाई से तीन लाख रुपए का किसान का नुकसान हुआ है। शासन प्रशासन को किसान परिवार की आर्थिक मदद करनी चाहिए।

### महिला से गैंगरेप करके सड़क किनारे फेंका

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आगरा-हाथरस हाईवे पर शनिवार देर रात बदहवास हालत में महिला के मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। महिला ने अपने साथ गैंगरेप की बात कही। सूचना पर पुलिस पहुंची। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने महिला को उसके परिजनों के पास भेज दिया। पीड़ित महिला ने बताया- वह पटना बिहार की रहने वाली है। उसकी शादी टेढ़ी बगिया में हुई है। उसके पांच बच्चे हैं। शनिवार देर शाम 5 लोग पहुंचे और मुझे जबरदस्ती घर से उठा लाए और ट्रक के अंदर गैंगरेप किया। फिर रात में रास्ते में छोड़कर फरार हो गए। किसी तरह यमुना एक्सप्रेस के पुल तक पहुंची। वहां काफी देर रही। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि महिला मानसिक रूप से बीमार है। उसके परिजनों से बात हो गई है। बिना बताए घर से आटो में बैठकर खंदौली आ गई थी। महिला को सुरक्षित उसके घर पहुंचा दिया गया है। हालांकि महिला के आरोप के बाद भी पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई। उसका बिना मेडिकल कराए उसके परिजनों के पास छोड़ आई। जबकि महिला कह रही है कि आरोपियों ने उसे नशे में गोली खिलाई और फिर गलत काम किया। आगरा-हाथरस हाईवे पर शनिवार देर रात बदहवास हालत में महिला के मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। महिला ने अपने साथ गैंगरेप की बात कही। सूचना पर पुलिस पहुंची। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने महिला को उसके परिजनों के पास भेज दिया। पीड़ित महिला ने बताया- वह पटना बिहार की रहने वाली है। उसकी शादी टेढ़ी बगिया में हुई है। उसके पांच बच्चे हैं। शनिवार देर शाम 5 लोग पहुंचे और मुझे जबरदस्ती घर से उठा लाए और ट्रक के अंदर गैंगरेप किया। फिर रात में रास्ते में छोड़कर फरार हो गए। किसी तरह यमुना एक्सप्रेस के पुल तक पहुंची। वहां काफी देर रही। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि महिला मानसिक रूप से बीमार है। उसके परिजनों से बात हो गई है। बिना बताए घर से आटो में बैठकर खंदौली आ गई थी। महिला को सुरक्षित उसके घर पहुंचा दिया गया है। हालांकि महिला के आरोप के बाद भी पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई। उसका बिना मेडिकल कराए उसके परिजनों के पास छोड़ आई। जबकि महिला कह रही है कि आरोपियों ने उसे नशे में गोली खिलाई और फिर गलत काम किया।

### निर्वेश बने समाजवादी लोहिया वाहिनी के महानगर अध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ छात्र नेता और लंबे समय तक समाजवादी छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष रहे निर्वेश शर्मा समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के महानगर अध्यक्ष बनाए गए हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्कृति पर समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रामकरण निर्मल ने निवेश शर्मा को लोहिया वाहिनी महानगर आगरा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। निर्वेश शर्मा काफी लंबे समय से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता रहे हैं सन 2008 में समाजवादी छात्र सभा के जिला सचिव,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश सचिव रहे हैं। 2012 से 2019 तक समाजवादी छात्र सभा आगरा के महानगर अध्यक्ष रहे हैं उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय एवं आगरा शहर में छात्रों एवं युवाओं के लिए कई आंदोलन किये हैं और कई बार युवाओं एवं छात्रों की लड़ाई लड़ते हुए जेल भी गए हैं। निवेश शर्मा ने बताया कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उसकी पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ पूरा करूंगा और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा।

उनके मनोनयन पर पार्टी के पदाधिकारियों ,कार्यकताओं एवं विश्वविद्यालय के छात्र नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### साईं सेवा मित्र मंडल की प्रतियोगिता में 65 लोगों का चयन

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** श्री साई सेवा मित्र मंडल आगरा परिवार द्वारा आयोजित श्री साई- गणेश महोत्सव नवम दिवस 4-8 वर्ष के बच्चों के फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के फाइनल का आयोजन किया गया। समिति सचिव संजय सत्यदेव ने बताया की इस फाइनल प्रतियोगिता के लिए 65 बच्चों का चयन हुआ था। बच्चों ने विभिन्न धार्मिक, समाजिक संदेश देती एवं राष्ट्र भक्ति से प्रेरित पोशाक पहन कर बहुत ही अद्भुत प्रदर्शन किया। नवम दिवस सायंकालीन आरती श्री रामवीर सोबरिया परिवार के द्वारा करी गई।

# ताजमहल में गंगाजल-गोबर ले जा रहे हिंदूवादियों को रोका

जन एक्सप्रेस। आगरा

शनिवार को 2 लोगों ने ताजमहल परिसर में टॉयलेट कर दिया था। इसके बाद रविवार सुबह बड़ी संख्या में हिंदूवादी गंगाजल और गाय का गोबर लेकर पहुंचे। ताजमहल में ले जाने की कोशिश की। उनका कहना है कि ताजमहल शिव मंदिर है। यहां पर टॉयलेट किया गया, उस जगह को गंगाजल से धोकर और गाय के गोबर से लीपकर शुद्ध करेंगे। पुलिस ने सभी को पश्चिमी गेट के बैरियर पर रोक लिया। फिर हिंदूवादियों वहीं पर धरने पर बैठ गए। शनिवार को इन दोनों का वीडियो सामने आया। दोनों ने ताजमहल कैंपस में टॉयलेट किया था। शनिवार को इन दोनों का वीडियो सामने आया।

दोनों ने ताजमहल कैंपस में टॉयलेट किया था। शनिवार को ताजमहल परिसर में दो युवकों के पेशाब करने का वीडियो सामने आया। इसके बाद रविवार सुबह अखिल भारत हिंदूमहासभा के प्रदेश संयोजक गोपाल चाहर और अन्य कार्यकर्ता गंगाजल और गोबर लेकर ताजमहल जा रहे थे। पुलिस ने ताजमहल के पश्चिमी गेट के बैरियर पर उन्हें रोक लिया। प्रदेश संयोजक गोपाल चाहर ने पुलिस से कहा- ताजमहल हिंदुओं की आस्था का प्रतीक है। ये तेजोमहालय शिव मंदिर है। हिंदूवादियों ने कहा- दूषित मानसिकता के कुछ लोगों ने ताजमहल परिसर में टॉयलेट कर दिया है। इससे हमारी भावना आहत हुई है। अरक की





सुरक्षा के बीच कुछ लोग डंके की चोट पर टॉयलेट कर गए। ऐसे में अब वो गंगाजल और गाय का गोबर ले जाकर उस जगह को पवित्र करेंगे। पुलिस ने उन्हें बैरियर पर रोका तो हिंदूवादियों ने कहा- आप लोग कितना भी कर लें, हम गंगाजल और गोबर ले जाकर उस जगह को शुद्ध जरूर करेंगे। पुलिस के रोकने पर हिंदूवादी नेता गोपाल चाहर सहित अन्य लोग बैरियर पर ही धरने पर बैठ गए। वहां पर ही ओम नमः शिवाय का जप किया। गोपाल चाहर ने कहा- पुलिस हम लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजे। फिर हम कोर्ट में ये लड़ाई लड़ेंगे।

## पहाड़ की खान के नाले में मिला शव

जन एक्सप्रेस। आगरा

फतेहपुर सीकरी में पहाड़ों की खान नामक जगह पर नाले में एक बॉडी उतराता हुआ दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। अभी तक बॉडी शिनाख्त नहीं हो पाई है। आपको बता दें, रविवार दोपहर करीब 12 बजे सीकरी स्थित तेहरा दरवाजा के पास, मोहल्ला कंदऊवार से शिवपुरी पहाड़ी की खान में पानी भरा हुआ है। जिसमें तमाम गंदगी जमा है। इधर-उधर निकलने वाले लोगों ने देखा तो पानी के ऊपर शव तैरता दिखाई दिया। ये देख वहां लोगों का जमघट लग गया।

पहले तो लोगों ने दूर से ही बॉडी को पहचानने का प्रयास किया। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद, मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव को पानी से निकलवाकर, जांच-पड़ताल की। वहीं पानी में पड़ी रहने से बॉडी फूल गई है। जांच-पड़ताल के बाद भी बॉडी की कोई पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। वहीं पुलिस शव की शिनाख्त कराने में जुटी हुई है।

## जल जीवन मिशन का उद्देश्य जलजनित बीमारियों से छुटकारा





जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद में जल जीवन मिशन ÷हर घर जल÷ परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत- नगहरा विकास खंड - भीटी, में ग्रामीण क्षेत्रों में जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आई एस ए - मां दुर्गा शिक्षा सेवा संस्थान द्वारा जिला अधिकारी अविनाश सिंह अधिशासी अभियंता जल निगम सूरज वर्मा के कुशल नेतृत्व में एवं सहायक अभियंता पवन के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत नगहरा में ग्रामीण समुदाय के लोगों को शुद्ध जल के बारे में जागरूक किया गया तथा पानी की टंकी के पानी का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया तथा यह जानकारी दी गई की परियोजना के कुशल संचालन के उपरांत हमारे जीवन में जल जनित बीमारियां 80 प्रतिशत से अधिक जो बीमारियां दूषित जल के सेवन करने से हो रही हैं उस से छुटकारा मिलेगा और हमारे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सपनों ÷स्वच्छ भारत÷ ÷स्वस्थ्य भारत÷ ÷विकसित भारत÷ को साकार करेगा द्य इस मौके पर संस्था के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर सुभाष सिंह विजय सिंह एवं सामुदायिक कार्यकर्ता माया सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल की मौत को पत्नी ने बताया साजिश

जन एक्सप्रेस। आगरा

सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल विजय तोमर की जिला जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मामले में बसपा से भाजपा में आए एक नेता पर भी आरोप लगाया गया है। मृतक की पत्नी डॉ. अलका सिंह का आरोप है कि पति की हत्या की गई है। उनके पति को जेल भिजवाने से लेकर जेल में उत्पीड़न के पीछे पूरा षड्यंत्र है। तहरीर की पुलिस जांच कर रही है। डॉ. अलका सिंह ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात की। उन्हें बताया कि इस केस में साजिश की जड़ें बहुत गहरी हैं। कारोबारी लेन-देन के विवाद में बड़े दलालों को मामला निपटाने का ठेका दिया गया। इसके पहले पंचायत में दबाव बनाया गया। जब बात नहीं बनी तो केस दर्ज कराया गया। जो धारा नहीं बनती उसमें गिरफ्तारी कराई। बताया कि जेल में धमकियां दिलवाईं। जब हाईकोर्ट से जमानत हो गई तो जेल से बाहर नहीं आने दिया। जेल में ही उनकी मौत हो गई। आरोप है कि इस पूरे कांड में कई बड़े जूता कारोबारी भी शामिल हैं। पुलिस आयुक्त ने उन्हें जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। व्यापारिक लेनदेन के विवाद में सेवानिवृत्त कर्नल को सिकंदरा थाने से पुलिस ने जुलाई 2024 में जेल भेजा गया था। उनकी जमानत हाईकोर्ट से मंजूर हुई थी। चार दिन पहले रिहाई का परवाना पहुंचने से पहले उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम में मौत की वजह साफ नहीं होने से विसरा सुरक्षित रखा गया है।

## बाढ़ पीड़ितों का हालचाल जानने पहुंचे सांसद पुत्र

जन एक्सप्रेस। आगरा

उटंगन की बाढ से परेशान ग्रामीणों का हालचाल जानने और उनकी समस्याओ के समाधान के लिए सांसद पुत्र बाढ़ग्रस्त इलाकों में पहुंचे । जहां ग्रामीणों की समस्या सुनकर अधिकारियों से बात कर समाधान कराने को कहा है। उटंगन की बाढ से प्रभावित पिनाहट के गांव टोड़ा, सीतापुरा, शाहपुर खालसा में परेशान ग्रामीणों का हालचाल जानने के लिए फतेहपुर सीकरी लोकसभा के सांसद राजकुमार चाहर की पुत्र परमवीर चाहर बाढ़ पीड़ितों का हाल-चाल जानने के लिए मौके पर पहुंचे। जहां बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर उनके जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही उच्च अधिकारियों को फोन पर अवगत करा कर निर्देश दिए कि जल्द ही नुकसान का सर्वे करा कर उनको उचित मुआवजा दिलाया जाए।

# पुलिस की 2 बदमाशों से मुठभेड़

**25 हजार के इनामियों के पैर में लगी गोली, सिपाही को गोली मारने में थे शामिल**

जन एक्सप्रेस। आगरा

सैंया और जगनेर थाना क्षेत्र में रविवार को खनन माफिया से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस ने सिपाही को गोली मारने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार किए गए है। इन पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पैर में गोली लगने से घायल बदमाश को अस्पताल भेजा गया। डीसीपी खेरागढ़ इमरान अहमद ने बताया- जांच के दौरान सिपाही को गोली मारने में देवेंद्र कुमार और विनोद उर्फ मारिया का नाम सामने आया था। दोनों खेरागढ़ के पहाड़ी कलां गांव के रहने वाले हैं। दोनों बदमाशों की मुठभेड़ अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई है। मुखबिर से सूचना मिली कि अभियुक्त देवेंद्र कहीं जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने कागारोल रोड पर चेकिंग शुरू की। इस दौरान आरोपी वहां से निकला तो पुलिस ने रुकने का इशारा किया। इस पर वह एक बार फिर पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, दूसरी मुठभेड़ सैंया थाना क्षेत्र में हुई। एसीपी सैंया ने बताया कि सैंया पुलिस को सूचना मिली थी कि सिपाही को गोली मारने में शामिल एक बदमाश विनोद उर्फ मारिया पुल के पास खड़ा है। पुलिस ने उसकी घेराबंदी की। उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने देवेंद्र और विनोद के पास से अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। बताते चलें कि बीती सात सितंबर को खेरागढ़ कस्बा में खनन माफिया ट्रैक्टरों में बालू लादकर ले जा रहे थे। पुलिस पहुंची तो उन पर माफिया ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसमें सिपाही अजय के कान के पास से गोली निकल गई। वह घायल हो गए। सिपाही को इलाज के लिए ले जाते समय दुस्साहसिक तरीके से पुलिस की गाड़ी में आरोपियों ने फिर से टक्कर मारी। उस समय पुलिस इनका पीछा करने की बजाय थाने की तरफ चली गई। दिनदहाड़े कस्बा में हुई घटना से पुलिस महकमे सहित लोगों में हड़कंप मच गया था। दरोगा बरदानी लाल ने अज्ञात अठारह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

## जैनिथ पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कुछ ऐसे मनाया हिंदी दिवस

जन एक्सप्रेस। खुर्जा।

नगर की नई तहसील के निकट स्थित जैनिथ पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रैनी डे के कारण हुए अवकाश पर शनिवार को अपने ही अंदाज में घर पर रह कर ही न केवल हिंदी दिवस मनाया अपितु हिंदी दिवस की सार्थकता भी बताई। बच्चों ने कवियों की कविताओं पर भाषण देकर अभिनय किया और अपने अंदाज में हिंदी दिवस मनाने के फोटो भी स्कूल प्रबंधन को भेजे। स्कूल प्रबंधन ने ऐसे बच्चों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

शनिवार को बारिश के कारण जिला प्रशासन के निर्देश पर नई तहसील के निकट स्थित जैनिथ पब्लिक स्कूल में अवकाश रहा था। शनिवार को ही समूचा देश हिंदी दिवस मना रहा था। इस पर जैनिथ पब्लिक स्कूल के नर्सरी से कक्षा पांच तक के बच्चों ने घर पर रह कर ही हिंदी दिवस मनाने



की ठानी। और वह वह भी एक अलग अंदाज में। नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने कवियों की कविताओं का अभिनय किया और हिंदी के महत्व पर भाषण दिए। बच्चों ने घर पर रह कर अपने अंदाज में हिंदी दिवस मनाने की तस्वीरों को स्कूल प्रबंधन को साझा किया। नए अंदाज में हिंदी दिवस मनाने की नन्हें विद्यार्थियों द्वारा ऑन लाइन भेजी गईं फोटो देख कर स्कूल के डायरेक्टर राहुल राठी, प्रबंधक नीलम राठी, प्रधानाचार्या गीता डैंग और उपप्रधानाचार्या बबीता शर्मा बेहद खुश हुईं। उन्होंने बच्चों की मुक्त कंठ से सराहना की। स्कूल के डायरेन्टर राहुल राठी ने घर पर रह कर हिंदी दिवस मनाने वाले बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## अनियंत्रण ऑटो ने बाइक सवार को मारी टक्कर

जन एक्सप्रेस। आगरा

कस्बा पिनाहट आगरा रोड पेट्रोल पंप के पास अनियत्रण ऑटो ने बाइक मे टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी वृद्ध महिला हुई गंभीर रूप घायल हो गई। वृद्ध घायल रति देवी पत्नी रामदास उम्र 70 वर्ष निवासी जैतपुर मछरिया जिला धौलपुर अपने पति रामदास और लड़के होरीलाल के साथ अपनी लड़की से मिलने गाँव सेरव थाना पिनाहट जा रही थी तभी पीछे से तेज गति से आ रहे अनियंत्रण ऑटो ने बाइक मे टक्कर मार दी जिससे वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रमीणों के द्वारा घायल को सीएचसी पिनाहट पर भर्ती कराया गया। जहा वृद्ध महिला का उपचार जारी है। ग्रमीणों के द्वारा घायल को सीएचसी पिनाहट पर भर्ती कराया गया। जहा वृद्ध महिला का उपचार जारी है।

# भारत को विश्वगुरु बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों पर

जन एक्सप्रेस। आगरा

आगरा प्रोग्रेसिव टीचर्स एसोसिएशन (आप्टा) की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों को शिक्षक रत्न-2024 सम्मान से दयालबाग स्थित जतिन रेसॉर्ट में आयोजित समारोह में सम्मनित किया गया।

शुभारम्भ अपर आयुक्त पुलिस केशव चौधरी, शंकराचार्य परिषद के अध्यक्ष स्वामी आनंद स्वरूप और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के सदस्य प्रो. अखण्ड प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। मुख्य अतिथि केशव कुमार चौधरी ने कहा कि आदर्श विद्यालय की कल्पना आदर्श शिक्षक के बिना नहीं हो सकती है, क्योंकि विद्यालय की गतिशीलता और सार्थकता आदर्श शिक्षक की कार्यप्रणाली तथा व्यवहार पर ही निर्भर करती है। ऐसे लोगों का



निर्माण करने का दायित्व आप सभी शिक्षकों पर है। हम अपने कार्य का आकलन करें, क्योंकि आपका काम साधारण नहीं असाधारण है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के द्वारा भारत को विश्वगुरु बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों पर होगी। शिक्षकों की जिम्मेदारी अहम है। उन पर भविष्य निर्माण करने की अहम भूमिका है। संयोजक व संस्थापक डॉ. सुनील उपाध्याय ने बताया कि आप्टा ने शिक्षक रत्न 2024 सम्मान से 22 शिक्षकों को सम्मानित किया है जो कि हमारी दस सदस्यीय टीम द्वारा उनके पिछले परिश्रम और बच्चो के प्रति व्यवहार को प्राथमिकता देते हुए चयन किया। पिछले 13 वर्ष से शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य कर रहे शिक्षकों को शिक्षक रत्न से सम्मानित किया जाता है। शिक्षकों ने मंच से लोगो के बीच अपने अनुभव भी साझा किये। धन्यबाद अध्यक्ष डॉ. मोहित दीक्षित ने दिया। इस अवसर महासचिव मुकेश मीरचंदानी, पवन धमार्नी, दीपक धनकानीं, संतोष शर्मा, रितु शर्मा, चंचल शर्मा, मिताली टिन्ना अदि मौजूद रहे।

### इन्हे किया सम्मानित

डॉ. रोहित दीक्षित, अश्वनी कुमार, राजकुमार गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा, उमेश टिन्ना, सत्यवीर सिसोदिया, नितिन शर्मा ,राहुल अग्रवाल, वैभव बंसल, पूनम मीरचंदानी, अनिल राजवानी, अंकुर जैन, नितिन मित्तल, मनोज बघेल, रवि गुप्ता, जितेंद्र सक्सेना, नीरज, अनीता, प्रियंका, अनुष्का, विकास, समीर पुनीत।

# तटवर्ती गांवों में कम हुआ जलस्तर, पटरी पर लौटने लगी जिंदगी

- बिखरी गृहस्थी को समेटते दिखे बाढ प्रभावित परिवार
- कीचड और गंदगी से उठ रही दुर्गंध, साफ सफाई में जुटे ग्रामीण

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



बनबसा बैराज से पानी छोड़ जाने के बाद शारदा नदी में आई बाढ़ का पानी तटवर्ती गांवों में कम होने लगा है।आधा दर्जन गांवों के निचले हिस्से में दो फिट पानी भरा हुआ है।ऊचें स्थानों से पानी निकल चुका है।सुरक्षित ठिकानों पर शरण लिए अधिकांश परिवार घरों को लौटने लगे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव पंहुचकर निरीक्षण किया।

शुक्रवार दोपहर तीन बजे उत्तराखंड के बनबसा बैराज से शारदा नदी में 4.61 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किए जाने से तटवर्ती गांवों में बाढ़ आ गई थी। चंदिया हजारा, राहुल नगर, खिरकिया बरगदिया, ध्रुव कॉलोनी, बैल्हा, राघवपुरी सहित एक दर्जन गांवों में चार से पांच फिट पानी बहने लगा था। प्रभावित परिवारों ने ऊंचे स्थानों पर पहुंचकर शरण ली थी। अधिकांश परिवार पक्के मकान की छतों पर तिरपाल तानकर गुजर बसर कर रहे थे। एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा था। शनिवार रात से जलस्तर कम होने लगा। रविवार सुबह तक चंदिया हजारा के ऊंचे क्षेत्रफल से पानी निकल गया। ऊंचे स्थानों पर शरण लिए अधिकांश परिवार गांव लौटने लगे। रविवार प्रभावित परिवार बाढ़ में तहस नहस हुई गृहस्थी को समेटने में लगे हुए थे। निचले क्षेत्र और फसलों में पानी भरा हुआ है।

खिरकिया बरगदिया, कॉलोनी नंबर छह, ध्रुव कॉलोनी, राहुल नगर के ग्रामीणों को बाढ के पानी से राहत नहीं मिली है। रविवार भी गांव में तीन से चार फीट पानी भरा रहा। प्रभावित परिवार मवेशियों सहित ऊंचे स्थानों पर शरण लिए हुए हैं। मुख्य मार्ग पर पानी का बहाव होने के कारण प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचे हैं। एक छत पर तीन से चार परिवार शरण लिए है।

### खिरकिया बरगदिया मार्ग पर पानी से आवागमन बाधित



शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद खिरकिया बरगदिया के मुख्य मार्ग पर चार से पांच फीट पानी बह रहा है।आधा दर्जन गांव का आवागमन पूरी तरह से बंद है।बाढ़ के बीच फंसे ग्रामीणों तक प्रशासनिक मदद नहीं पहुंच पा रही है।प्रभावित परिवार मवेशियों सहित छत पर शरण लिए हुए हैं।बाढ़ का पानी कम होने के बाद भी ग्रामीणों को राहत नहीं मिली है। बीते तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित है।प्रभावित परिवार अंधेरे में रात गुजार रहे हैं।

### कम्युनिटी किचन से वितरित कराए गए भोजन के पैकेट



गांव में बाढ़ का पानी घुसने के बाद अधिकांश परिवारों की गृहस्थी का सामान भीग गया। घरों में पानी भरा होने के कारण प्रभावित परिवारों के घरों में चूल्हे नहीं जल सके।रविवार ट्रैक्टर ट्राली की मदद से प्रभावित क्षेत्रों में पंहुचकर बाढ़ पीड़ितों को भोजन के पैकेटों का वितरण किया गया। बाढ़ के पानी में घिरे खिरकिया बरगदिया, राहुलनगर, ध्रुव कलोनी नम्बर छह के प्रभावित परिवारों तक प्रशासनिक मदद नहीं पहुंच सकी।

> "चंदिया हजारा पंहुचकर बाढ़ के हालातों का निरीक्षण किया गया।शारदा नदी का जलस्तर लगातार घट रहा है। चंदिया हजारा से पानी निकल चुका है। खिरकिया बरगदिया, राहुलनगर, ध्रुव कलोनी में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। सोमवार तक गांवो से पानी निकलने की संभावना है।
>
> **राजेश कुमार शुक्ला, एसडीएम पूरनपुर।**

# नव निर्वाचित मानसी सिंह ने ली पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख पद की शपथ






- शपथ कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित अन्य ब्लाक प्रमुख रहे मौजूद
- ब्लॉक क्षेत्र में निष्पक्ष विकास कार्य कराने का वादा

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

पूरनपुर से नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह को रविवार को उप जिलाधिकारी राजेश शुक्ला ने पद की शपथ दिलाई।

इस दौरान विधायक सहित तमाम जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। हवन पूजन के बाद कार्यालय में प्रवेश कर कार्य भार संभाला। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव फत्तेपुर निवासी निर्वतमान ब्लॉक प्रमुख कमलेश्वरी दीक्षित का बीमारी के चलते 20 सितंबर 2023 को निधन हो गया था। निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख के निधन के बाद उप जिला अधिकारी को ब्लॉक प्रमुख का प्रशासक नियुक्त किया गया था। माह अगस्त को ब्लाक प्रमुख चुनाव की प्रक्रिया हुई। अपूर्व सिंह की पत्नी मानसी सिंह, निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख कमलेश्वरी दीक्षित की पुत्रवधू पल्लवी दीक्षित और पूर्व ब्लाक प्रमुख अतेंद्र पाल सिंह की पत्नी मनप्रीत कौर ने नामांकन किया था। जांच में पल्लवी दीक्षित और मनप्रीत कौर का नामांकन निरस्त हो गया था। इसके बाद निवर्तमान ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित ने नामांकन प्रक्रिया में मनमानी का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की थी।जिसके बाद मानसी सिंह को निर्विरोध ब्लाक प्रमुख निर्वाचित कर दिया गया था। शुक्रवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन कोतवाली रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में होना था। बरसात के कारण स्थगित हो गया। रविवार को ब्लाक सभागार में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख मानसी सिंह को उपजिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला ने शपथ दिलाई। हवन पूजन के बाद ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह ने कार्यालय में प्रवेश किया। निष्पक्ष विकास कार्य कराने का भरोसा दिया। इस दौरान विधायक बाबूराम पासवान, ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख, नगरपालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, कौशल किशोर बाजपेई, जरनैल सिंह जैली, प्रधान संघ अध्यक्ष नरेशपाल सिंह चौहान, खंड विकास अधिकारी शिरिष वर्मा, नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित ब्लाक प्रमुख के पति निर्विकार सिंह आदि मौजूद रहे।

# किसानों की मांगों को लेकर तहसील परिसर में हुई भाकियू की मासिक पंचायत

- बाढ से हुए फसल नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग
- न्याय पंचायत स्तर पर खोले जाएं सरकारी क्रय केंद

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में भाकियू की मासिक पंचायत आयोजित हुई।बैठक में बाढ़ से प्रभावित परिवारों ,उनकी फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने सहित कई समस्याओं से संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। शीघ्र समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

शनिवार भाकियू के तहसील अध्यक्ष की अगुवाई में मासिक पंचायत की गई। जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि भारी वर्षा और तेज हवाओं से निचले क्षेत्रफल में किसानों की सैकड़ो एकड़ फसलें बर्बाद हो गई है।प्रभावित किसानों का सर्वे करा कर मुआवजा दिलाने की मांग की। ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशु और बंदरों के आतंक से किसान बेहद परेशान हैं।

मंडल उपाध्यक्ष लालू मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है।प्राइवेट दुकानदार किसानों को नकली उर्वरक बिक्री कर रहे है। छापेमारी कर ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।धान खरीद के लिए सरकारी एजेंसियों द्वारा न्याय पंचायत स्तर पर क्रय केंद्र खोले जाएं। धान केंद्र बिचौलियों से मुक्त रखें जाए। पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास, विधवा, विकलांग, वृद्ध जनों को तत्काल पेंशन का लाभ दिलाने की मांग की। बैठक में वेदप्रकाश शर्मा जिलाध्यक्ष, लालू मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष, सर्वेश शुक्ला जिला उपाध्यक्ष, रंगीले खां जिला उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता मीडिया प्रभारी, घासीराम जिला सचिव, बादाम सिंह तहसील अध्यक्ष, रमेश चंद्र मिश्रा, कमलजीत सिंह, पुत्तूलाल, लालू यादव, राम औतार, दिवारी लाल, रघुवर दयाल, साबिर शाह आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने खनका उचसिया गौशाला का किया औचक निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने तहसील बीसलपुर क्षेत्र के अन्तर्गत खनका उचसिया गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निराश्रित गोवंशों हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौशाला में 78 निराश्रित गोवंशों को संरक्षित किया गया। जिलाधिकारी ने गौवंशों की देखरेख हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने गोवंशों के ईयर टेगिंग के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया कि गौशाला में गौवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा व चोकर उपलब्ध हैं। निरीक्षण के दौरान गौशाला की भूमि पर हरा चारा न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सचिव का वेतन रोकने एवं ग्राम प्रधान को नोटिस देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने खाली पड़ी भूमि पर चारा बोने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

## राज्यमंत्री गिरीशचन्द्र यादव के चाचा का निधन



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री गिरीशचन्द्र यादव के चाचा का अकास्मिक निधन हो गया। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। बता दे प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री गिरीशचंद्र यादव के चाचा प्रबंधक एवं पूर्व जिला कमांडेंट समर बहादुर उर्फ राजबहादुर यादव का 85 वर्ष के उम्र मे आकस्मिक निधन हो गया। बता दे कि शनिवार की रात मे घर पर वह उनकी तबीयत खराब हुई, तत्काल उपचार के लिए जिले के प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गए जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। लोग उन्हें उपचार के लिए लखनऊ ले जा रहे थे कि रास्ते में उनका निधन हुआ। जिनके निधन की खबर लगते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई, भारी संख्या में लोगो का घर पर ताता लग गया । घर पहुंच कर विधायक सांसद सभी पार्टियों के नेताओं अधिकारियो ने श्रद्धांजलि देते हुए परिवार को सात्वना दिया। बता दे की भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख करंजाकला के प्रतिनिधी सुनील यादव मम्मन के पिता थे, जो चंद्रजीत पूर्व माध्यमिक विद्यालय जगमलपुर के वर्तमान प्रबंधक थे। राज्यमंत्री गिरीशचंद्र यादव की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार रामघाट पर किया गया। दौरान वहां काफी भीड़ थी, सभी पार्टियों के नेताओं, अधिकारियो का जमघट लगा रहा।

# शराब के नशे में राइफल तानने के मामले में एसडीओ को सौंपी गई जांच

- राहगीरों ने वन दरोगा पर लगाया मारपीट कर राइफल तानने का आरोप
- तीन लोगों के बयान दर्ज, वन दरोगा पर कार्रवाई तय

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

> "प्रसारित वीडियो संज्ञान में आया है। तीन लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। प्रसारित वीडियो की जांच उप प्रभागीय वनाधिकारी को सौंपीं गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **मनीष सिंह, डीएफओ पीटीआर।**

दियोरिया रेंज की टूटा पुल वन चौकी बैरियर पर जाम छलकाने के बाद राहगीरों पर राइफल तानने के मामले में वन दरोगा की मुश्किलें बढ़ गई है। प्रभागीय वनाधिकारी ने मामले की जांच उप प्रभागीय वनाधिकारी को सौंपी है। जांच के बाद दरोगा पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

गुरुवार इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित हुआ। प्रसारित वीडियो में वन्यजीवों की सुरक्षा में तैनात वन दरोगा चौकी बैरियर पर जाम छलका रहे थे।वीडियो दियोरिया रेंज के टूटा पुल वन चौकी बैरियर का बताया जा रहा है। प्रसारित वीडियो में कुछ पुरुष और महिलाएं वन दरोगा पर ड्यूटी के दौरान शराब पीने और मारपीट करने का आरोप लगा रहे हैं।

शराब के नशे में राइफल तानने का भी आरोप लगाया गया।वन दरोगा भी राहगीरों पर कार्रवाई करने की बात रहे है। दोनों तरफ से आरोप प्रत्यारोप लगाकर हंगामा हो रहा है। वीडियो बनाने के दौरान वन दरोगा शराब से भरे गिलास को फेंक रहा है।

पीटीआर प्रभागीय वनधिकारी मनीष सिंह ने इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो का संज्ञान लिया है। पीटीआर एसडीओ रमेश चौहान को वन दरोगा के खिलाफ जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

ड्यूटी के दौरान शराब पीने और राइफल तानने के आरोप की जांच शुरू होने से विभाग में खलबली मची हुई है।

जांच के बाद वन दरोगा के खिलाफ कार्रवाई तय मानी जा रही है।

# वार्षिकी अनुदान के अभाव में जर्जर अवस्था में संचालित है प्रबन्धकीय स्कूल

- प्रदेश सरकार अनदेखी से स्कूलों की हालत बेहद खराब।

**जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित**

> "प्रबंधकीय विद्यालयों के रखरखाव के लिए शासन स्तर से कोई धन नहीं मिलता है फिलहाल मेरी जानकारी में पिछले 8 वर्षों में प्रबंधकीय विद्यालय के रख रखाव हेतु कोई धन आया हो ऐसा मेरी जानकारी नहीं है।
>
> **डा.श्योरखनाथ पटेल**
> **जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला ही नहीं अमूमन समूचे प्रदेश में शासन प्रशासन की अनदेखी के चलते वार्षिक अनुदान के संकट से बेसिक के अधीन प्रबंधकीय स्कूल रख रखाव के लिए तरस रहे हैं। अनदेखी के चलते इनकी दशा दिन प्रतिदिन खराब होती चली जा रही है। दिल्ली सरकार की तर्ज पर प्रदेश में भी भौतिक रुप से बेसिक स्कूलों की दशा सुधारने के प्रयास की कड़ी में कायाकल्प योजना के साथ ही कम्पोजिट ग्राण्ट की योजना संचालित है। कम्पोजिट ग्राण्ट के तहत दिया जाने वाले वार्षिक अनुदान से कम से कम परिषदीय स्कूलों में मरम्मत कार्य से लेकर रंग रोगन तक का कार्य हो जाता है। जहां करोड़ों रुपए पानी की तरह खर्च करके परिषदीय स्कूलों को चमकाने का कार्य शासन प्रशासन द्वारा कराने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं बेसिक के अधीन संचालित प्रबन्धकीय स्कूलों में रख रखाव व विकास के नाम पर आने वाला अनुदान भी बन्द हो गया।

जानकारों की मानें तो उक्त कार्य के लिए जब से परिषदीय स्कूलों में छात्र संख्या के आधार पर रख रखाव के लिए कम्पोजिट ग्राण्ट आना शुरु हुआ तभी से स्कूली विकास व रखरखाव सम्बन्धी आने वाले अन्य ग्राण्ट भी उसी में समाहित हो गए। हालात ऐसे बने कि कम्पोजिट ग्राण्ट केवल परिषदीय स्कूलों तक ही सीमित होकर रह गया। जबकि प्रबन्धकीय स्कूल इस लाभ से अछूते रह गए। मजे की बात निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था लागू होने के बाद जहां इन स्कूलों में शुल्क भी लेना प्रतिबंधित कर दिया गया, वहीं रख रखाव व विकास के नाम पर आने वाला वार्षिक अनुदान भी बन्द कर दिया गया। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि आर्थिक तंगी का दंश झेल रहे प्रबन्धकीय स्कूल अपना कायाकल्प व रख रखाव कैसे करें? यह एक चिन्तनीय विषय हो गया है। जिसके चलते ऐसे स्कूलों की हालत दिन प्रतिदिन बद से बदतर होती चली जा रही है।

## शिक्षक सम्मान सप्ताह के तहत शिक्षकों का हुआ सम्मान

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** सिंगरामऊ। राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में रविवार को शिक्षक सम्मान सप्ताह के अंतर्गत मानव चेतना समिति संस्था द्वारा शिक्षको का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना और उनके समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करना था। इस दौरान कुशल शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षकों को संस्था ने प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिससे एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण का निर्माण हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शांति सिंह,संस्था के अध्यक्ष राममूर्ति पांडेय, रामगुन मिश्र, भारत सिंह, शिरोमणी प्रजापति, बद्री नारायण शास्त्री, ओंकार नाथ, शेष नाथ मिश्र सहित अन्य मौजूद रहे।

# लंबित वरासत का आवेदन तत्काल निस्तारित करें अधिकारी : जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जिलाधिकारी दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार तथा लेखपालों के साथ बैठक की गई।

बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि सभी लेखपाल अपने क्षेत्र के मृतक के घर जाएं, खुली बैठक करें और उनका आवेदन कराते हुए वरासत दर्ज करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए । उन्होंने स्पष्ट रूप से यह भी निर्देशित किया कि जितने भी वरासत के आवेदन लंबित है, तत्काल निस्तारित करते हुए पेंडेंसी शून्य कर ले। जिलाधिकारी ने कहा कि जो लेखपाल सबसे अधिक वरासत दर्ज कराएगा, उन्हें पुरस्कृत करने का कार्य भी किया जाएगा। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में अंश निर्धारण की प्रगति बहुत कम है, जिसे शीघ्र बढ़ाया जाए। जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों को निर्देशित किया कि राजस्व के कार्यों को प्राथमिकता पर निस्तारित करें, जिससे कि गरीब एवं पात्र व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि एग्री स्टेक के कार्य को गंभीरता से किए जाएं। जिलाधिकारी के द्वारा स्वयं किसी भी गाँव मे निरीक्षण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा वर्तमान में संचालित सभी योजनाओं में जनपद को प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कठिनाई आ रही है तो उसके संबंध में अवगत कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राम अक्षयवर चौहान, उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार, केराकत सुनील कुमार, मड़ियाहूं कुणाल गौरव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राज्य मंत्री का हुआ नगर में भव्य स्वागत

**जन एक्सप्रेस । शाहगंज।** नगर विकास शहरी समग्र विकास नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विकास राकेश राठौर गुरु का नगर के डाकघर तिराहे पर भव्य स्वागत किया गया। साहू कल्याण समिति के संयोजक देवेन्द्र साहू शेखर के नेतृत्व में स्वागत समारोह आयोजित हुआ। स्वागत समारोह के दौरान राज्य मंत्री नगर विकास ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहरी और नगरीय विकास कराना हमारा प्रथम उद्देश्य है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के सभी लाभकारी योजनाओं को हर गरीब तबके तक पहुच सके यही हमारा लक्ष्य है। स्वागतोपरांत जौनपुर रवाना हुए। मालूम रहे साहू कल्याण समिति साहू क्लब द्वारा आयोजित 29वां प्रतिभा सम्मान समारोह में हिस्सा लेने मंत्री राकेश राठौर जा रहें थे। इस दौरान देवेन्द्र साहू के आवास पर आयें। शिव कुमार साहू, विशाल, विवेक, महेंद्र साहू , राजू, मोहित, अक्षत अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा का किया औचक निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने तहसील बीसलपुर क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरखेड़ा का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डॉक्टर मौके पर उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टाफ के संबंध में जानकारी ली व अन्य अभिलेखों को चेक किया। इसके साथ ही साधारण प्रसव की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर ने बताया अस्पताल में प्रत्येक माह 150 से 200 प्रसव कराएं जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि डॉक्टर समय पर उपस्थित रहते हुए स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे कि आम जनमानस को असुविधा न हो। अस्पताल में दवाइयां के उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दवाएं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## गाँव रिछोला सबल में ग्राम समाज की भूमि पर दबंग ने किया कब्जा, मौके पर पहुंची राजस्व टीम

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर।** जनपद की तहसील बीसलपुर क्षेत्र के गांव रिछोला सबल में समाज की खाली पड़ी दो एकड़ की भूमि पर गांव के ही एक दबंग ने अवैध कब्जा कर निर्माण करना शुरू कर दिया। जिसको लेकर गांव के जागरूक नागरिकों ने इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से की। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व विभाग के लेखपाल व कानूनगो ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा निर्माण कार्य रुकवाया। इस संबंध में ग्राम प्रधान पति यूनिस द्वारा बताया गया है कि जो अवैध निर्माण हो रहा था उसे रोक दिया गया है तथा वहीं पर ब्रह्म देवी स्थित है उनकी मरम्मत कराई जाएगी और दबंग से ग्राम समाज की भूमि कब्जा मुक्त कराई जाएगी। यह मामला गांव में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को तत्काल निस्तारण करने का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह के द्वारा जनसुनवाई कक्ष में जनहित गारंटी अंतर्गत जनसामान्य को दी जाने वाली सेवाएँ यथा आय, जाति, निवास, उत्तराधिकार/वरासत की तहसीलवार स्थिति तथा [illegible] पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों की स्थिति विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान उन्होंने पाया कि उत्तराधिकार/वरासत के आवेदन लेखपाल स्तर पर 164 मामले समय सीमा के उपरांत तथा 64 मामले राजस्व निरीक्षक स्तर पर समय सीमा के उपरांत निस्तारण हेतु लंबित है, जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा तत्काल निस्तारण करने के निर्देश समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को दिया गया। उन्होंने कहा कि उत्तराधिकार/वरासत रिपोर्ट अंतर्गत अपनी तहसील से सम्बंधित कालम न0 07(लेखपाल स्तर) तथा कालम न0 15(आर0आई0) में लंबित आवेदनों का अवलोकन करें तथा उनका निस्तारण शीघ्र कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में लापरवाही बरतने वाले उपजिलाधिकारी और तहसीलदार के प्रति विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राम अक्षयवर चौहान को निर्देशित किया कि उपरोक्त संदर्भों की प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह, एसडीएम सदर पवन कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** बीते बृहस्पतिवार को स्कूल से घर लौट रही छात्रा का अपहरण कर उससे दुष्कर्म करने के आरोपी के विरुद्ध शनिवार को पीड़िता की मां के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने बंधक बनाकर दुष्कर्म तथा पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि बांधगांव निवासी अरेंद्र उर्फ हरेंदर ने 11वीं में पढ़ने वाली उसकी नाबालिग पुत्री को अगवा कर लिया। इसके बाद कोई नशीला पदार्थ सुंघाकर किसी अनजान जगह ले जाकर कमरे में बंद कर पूरी रात उसके साथ दुष्कर्म किया। दूसरे दिन सुबह जब उसकी पुत्री को होश आया और उसने अपने माता पिता से बात करने की बात कही तो उसे ले जाकर स्कूल के गेट पर छोड़कर भाग गया। प्रधानाचार्य द्वारा मिली सूचना पर वे स्कूल गए और पुत्री को साथ घर लाए। घर आने पर उसने अपने साथ घटी आपबीती बताई। इस संबंध में थानाध्यक्ष सरपतहां ने बताया कि आरोपित को रविवार को गुड़बड़ी चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# डकैतों के गिरोह से पुलिस की मुठभेड़

**सरगना को लगी गोली अस्पताल में भर्ती, दो अन्य भी गिरफ्तार**

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



कन्नौज जिले में पुलिस की डकैतों के गिरोह से मुठभेड़ के दौरान सरगना को पैर में गोली लगी है। वहीं, उसके दो साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रात करीब दो बजे चेकिंग के दौरान रोके जाने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। जवाबी कार्रवाई में सरगना पुलिस की गोली से घायल हुआ है।

ठठिया थाना क्षेत्र के खैर नगर रोड पर ठठिया थाना प्रभारी अरुण कुमार चौधरी पुलिस टीम के साथ वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे। रात करीब दो बजे एक बाइक आती दिखाई थी। बाइक पर तीन लोग सवार थे।

पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया तो रोकने पर बाइक नही रुकी और बदमाशो ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

इस पर पुलिस की ओर से भी जवाबी फायरिंग की गई। जिसमे एक बदमाश विवेक को पैर में गोली लगी है। बदमाश हरदोई का रहने वाला है। इसके साथ ही हरदोई के ही रहने वाले उसके दो साथी कृष्णा व अंशु को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### पहले भी पुलिस दो आरोपियों को भेज चुकी है जेल

एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि पकड़े गए बदमाश बीती तीन सितंबर को बस्ता व फतुआपुर में परिवारों को बंधक बनाकर डकैती में शामिल थे, जिसका सरगना विवेक उर्फ पिंकू है। विवेक पर पहले से ही करीब 18 मुकदमे दर्ज हैं। इन पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस ने बदमाशों के पास से 13000 रुपये व अंगूठी व मंगलसूत्र बरामद किए हैं। बता दें कि डकैती के मामले में इससे पहले भी पुलिस दो आरोपियों को जेल भेज चुकी है।

## लेखपाल की कार्यशैली पर मंत्री ने लेखपाल को लगाई फटकार



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

कन्नौज जिले में जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र के फरिकापुर ग्राम पंचायत के मजरा जगतपुर में बीते दिनों तेज हवा व बरसात में हुए नुकसान का शनिवार को समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने निरीक्षण किया। गांव में कच्चे गिरे मकान देखने के बाद बिजली की समस्या के बारे में भी जानकारी ली। किसानों से उनकी बर्बाद हुई फसल के बारे में पूछा तो सभी ग्रामीणों ने क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा अभद्रता करने की भी शिकायत की।

इस पर मंत्री ने लेखपाल को बुलाकर फटकार लगाई और भाषाशैली में सुधार करने के निर्देश दिए। ग्रामीण दिव्यांग लल्ला बाबू ने मंत्री को बताया कि जब उन्होंने लेखपाल से मुआवजे की मांग की तो लेखपाल रामाधार वर्मा ने उनसे कहा कि अगर वह टिनशेड में दबकर हादसे में मर गये होते तो मुआवजा दिला देते। इस पर राज्यमंत्री ने लेखपाल को जमकर फटकार लगाई।लेखपाल की इस तरह की कार्यशैली से नायब तहसीलदार सतीश कुमार भी असहज हो गए और उसे फटकारते हुए अपनी कार्यशैली सुधारने की हिदायत दी। ग्रामीण आमोद कुमार ने बताया कि पहले तो उन्होंने लेखपाल को फोन करके अपनी बर्बाद फसल की जानकारी दी, लेकिन उन्होंने फोन काट दिया और फिर रिसीव नहीं किया।

### मकानों व फसलों का सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश

वहीं, ग्रामीण नरेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने लेखपाल को सड़क पर रोककर पास में ही बर्बाद फसल दिखाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने बाइक नहीं रोकी और गांव से बिना सर्वे किए चले गए। इस पर राज्य मंत्री का पारा चढ़ गया और तुरंत ही गांव में कच्चे गिरे हुए मकानों व फसलों का सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिया।

### फोन कर लाइनमैन संजू को हटाने की बात कही

लोगों ने बिजली विभाग के लाइनमैन द्वारा गांव में टूटे खंभे लगाने के बाद लाइन ठीक कराने के लिए 1600 रुपये लिए जाने की शिकायत की। इस पर आरएस कठेरिया ने एक्सईएन से फोन पर वार्ता करके लाइनमैन संजू को हटाने की बात कही। राज्य मंत्री के निरीक्षण के समय साथ में विधायक प्रतिनिधि विवेक पाठक, मंडल अध्यक्ष पुष्कर मिश्रा, मंडल मंत्री आदित्य नंदन, अनुपम बाजपेई, आकाश सिंह सहित जगतपुर के ग्रामीण मौजूद रहे।

## रोडवेज बसों की मोबाइल पर मिलेगी लोकेशन

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

रोडवेज बसों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। परिवहन विभाग ने रोडवेज की 61 बसों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लगाई है। इससे यात्रियों को मोबाइल पर बसों की लोकेशन मिलेगी। इससे यात्रियों को घंटों सड़क पर खड़े रहकर बस का इंतजार नहीं करना होगा। शहर के स्थित डिपो में 61 बसें अनुबंधित हैं।

इनमें इस समस्या को देखते हुए परिवहन विभाग ने बसों में ट्रैकिंग डिवाइस लगाने की योजना बनाई। इसके लिए पूर्व में सर्वे कराया गया। सर्वे के बाद प्रदेश के कई जनपदों की डिपो की गाड़ियों में यह डिवाइस लगाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। सके लिए परिवहन विभाग का जल्द ही सुगम एप लांच किया जाएगा। यात्री इस एप को मोबाइल में डाउनलोड कर बसों की लोकेशन देख सकेंगे। ट्रेन की तरह बस यात्री घर से बस आने के समय पर डिपो व स्टैंड पर पहुंच सकेंगे। इससे उनके समय की बचत होगी और बस स्टैंड पर लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## हाईवे पर गलत दिशा से जा रही कार ट्रक में घुसी

**दो की मौत, एक युवक की हालत गंभीर**

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



कन्नौज में जीटी रोड के पूर्वी बाईपास पर शनिवार देर रात गलत दिशा से जा रही कार सामने से आ रहे ट्रक में भिड़ गई। हादसे में कार सवार तीन युवकों में दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक की हालत गंभीर है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक शहर के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया है, जबकि चालक मौके से भाग निकलाशनिवार रात 11 बजे के करीब जीटी रोड पर पूर्वी बाईपास के निकट जलालपुर सरवन गांव के सामने तेज रफ्तार से गलत दिशा से जा रही एक ब्रीजा कार सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गई। कार में सवार मोहल्ला देविन टोला सरायमीरा निवासी रंजू ठाकुर (35) व अंशुल सिन्हा (32) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तिवारी मोहल्ला निवासी गोविंद राठौर (30) गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि कार हाईवे पर दिल्ली की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही थी। ग्रामीणों की सूचना पर सदर कोतवाल कपिल दुबे मौके पर पहुंचे और तीनों को कार से बाहर निकाला। एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पंहुचाया। यहां डॉक्टर ने रंजू और अंशुल को मृत घोषित कर दिया, जबकि गोविंद को भर्ती कर लिया।

हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। हादसे की जानकारी पर परिजनों समेत कई लोग जिला अस्पताल पहुंच गए। कोतवाल ने बताया कार के गलत दिशा से जाने के कारण हादसा हुआ है। तीनों युवक जीटी रोड के किनारे एक ढाबे से खाना खाकर आ रहे थे। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

## युवक को चोर समझकर खंभे से बांधकर पीटा

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महमूदाबाद।** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह संदिग्ध हालात में घूम रहे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। उसे चोर समझकर लोगों ने पीटना शुरू कर दिया। खंभे से बांधकर रॉड से पीटा गया। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे लोगों से बचाया और कोतवाली ले आई। मोहल्ला नई बाजार उत्तरी स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर के पास शनिवार को एक युवक संदिग्ध हालात में घूमता दिखा। उसके पास एक बैग भी था। किसी ने मोहल्ले में चोर के घूमने की अफवाह उड़ा दी। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने चोर समझकर जमकर पिटाई शुरू कर दी।

उसे मंदिर के पास लग खंभे में बांध कर जमकर पीटा।

## खूंखार लकडबग्घों के झुंड ने पशुबाड़े में घुसकर 25 भेड़ों एवं 10-15 भेड़ो के बच्चो को अपना निवाला बनाया

जनएक्सप्रेस । रवीन्द्र कुमार भारतवंशी



**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर के ग्राम पाटनपुर में खूंखार लकड्बग्घो के झुंड ने 25 भेड़ो सहित 10 से 15 नवजात भेड़ो के बच्चो को बनाया अपना शिकार। बता दे की ग्राम पाटनपुर में रामनारायण पाल की भेदे विश्वनाथ बाबा भोले नाथ के मंदिर के पास बनी सब्जी मंडी में एक कच्ची झोपडी में सकडो भेदे बंधी थी जिसमे रात्रि खूंखार लकड्बग्घो के झुण्ड ने भेड़ो पर हमला कर दिया जिसमे 25 भेड़ों की मौके में मौत हो गई और 10 से 15 भेड़ो के बच्चे लापता है। खूंखार लकड्बग्घो का हमारा इतना भयावह था की बहुत से भेड़ो के गर्भ में पल रहे भेड़ो के बच्चो को पेट फाड़ कर ले गये, जिसकी जानकारी सुबह रामनारायण पाल को चली तो भेड़ो की हालत देख भेड़ो के मालिक का हाल बुरा हो गया उनसे ग्रामीणों की मदद से वन विभाग व डायल 112 को सुचना दी जिसमे वन विभाग व क्षेत्रीय पुलिस मौके में पहुची एवं मौके का जायजा लेते उच्य अधिकारियो को सुचना दी जिसमे बाद जिला महकमा के सहित मण्डल के अधिकारियो के पैर फूल गये और आनन फानन में जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक, के साथ मण्डल से कमिश्नर एवं डीआईजी साहब पहुचे जिसमे ग्रामीणों को इन खूंखार जंगली जानवरों से सतर्क रहने को कहा गया, एवं उच्य अधिकारियो ने तत्काल प्रभाव से वन विभाग को आदेशित करते इस प्रकार के खूंखार जानवरों की तलाश के लिए टीम गठित करने के आदेश जारी किये। वंही इस हमारे से रामनारायण पाल का लगभग ढाई से तीन लाख का नुकशान होना बताया जा रहा है।

# शॉर्ट सर्किट से जली दालमोठ फैक्टरी



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

शहर कोतवाली क्षेत्र में रिहायशी इलाके में संचालित दालमोठ फैक्टरी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटों को देखते हुए यातायात को डायवर्ट कर दिया गया। साथ ही एक लेन का ट्रैफिक पूरी तरह से रोक दिया गया। दमकल विभाग की टीम को आग पर काबू पाने के लिए करीब दो घंटे से अधिक का समय लग गया। हालांकि, इस दौरान दमकल विभाग की टीम शाम चार बजे तक पानी की बौछार आग की राख पर करती रही। फैक्टरी में आग लगने से कितने रुपये का नुकसान हुआ है इसका आकलन किया जा रहा है। शहर कोतवाली क्षेत्र के चुंगी चौराहे से कांशीराम मार्ग पर नारायण टॉकीज के ठीक सामने एक दालमोठ फैक्टरी संचालित है। यह फैक्टरी मेसर्स एसआर इंटरप्राइजेज फर्म के नाम से संचालित है। यहां सुबह करीब 10:30 बजे आग लग गई। बताया गया कि फैक्टरी के जिस हिस्से में आग लगी, वहां चार मजदूर काम कर रहे थे। उन लोगों ने एक वॉल्व खोला था। तभी चिंगारी निकली, जो पास ही रखे खाद्य तेल के टैंक पर गिर गई। इससे खाद्य तेल ने आग पकड़ ली और प्लास्टिक की झिल्लियों (रैपर) ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग के गुबार के साथ चारों ओर काला धुंआ छा गया। इससे यातायात बाधित होने लगा। इसी बीच 10:54 बजे दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू तो मात्र दो घंटे में पा लिया गया। हालांकि, एहतियातन दमकल की टीम शाम चार बजे तक पानी की बौछार करती रही।

### बॉयलर फटने की रही चर्चा, दमकल विभाग ने किया खारिज

फैक्टरी के कर्मचारियों ने बताया कि लोग बॉयलर फटने की वजह से आग लगने की बात कह रहे हैं, लेकिन बॉयलर सुरक्षित है। आग लगने से हर तरफ अफरा-तफरी मच गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुभाष सिंह ने बताया कि बॉयलर सुरक्षित है। शार्ट सर्किट से ही आग लगने की बात सामने आई है। खाद्य तेल और दालमोठ पैक करने वाले रैपर की वजह से आग बुझाने वाले कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### 50 कर्मचारियों और आठ वाहनों ने पाया काबू

दमलक विभाग के आठ वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। इसमें पांच हजार लीटर क्षमता के तीन, ढाई हजार लीटर क्षमता के चार वाहन और एक 700 लीटर का विशेष वाहन लगाया गया था। 50 कर्मचारियों ने विशेष सुरक्षा इंतजामों के साथ आग पर काबू पाया। मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी मौजूद रहे। लगातार वाहन पानी लाने की कवायद करते रहे।

### रिहायशी इलाके में चल रही है फैक्टरी, नहीं हैं सुरक्षा के इंतजाम

दमकल विभाग की मानें तो यह फैक्टरी रिहायशी इलाके में चल रही है। फैक्टरी परिसर करीब 10 हजार स्कवॉयर फीट में स्थापित है। परिसर में फैक्टरी मालिक का परिवार भी मकान बनाकर रह रहा था। परिवार ऊपरी हिस्से में रहता है। नीचे फैक्टरी चलती है। गनीमत रही कि आग लगने के दौरान किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। दमकल विभाग की मानें तो आग बुझाने के नाम पर भी वहां कोई पुख्ता इंतजाम नहीं थे। सिर्फ कुछ अग्निशमन सिलिंडर ही थे, जो आग बुझाने के लिए नाकाफी थे।

### बॉयलर या प्रेशर टैंक फटने से होता है भारी नुकसान

जनवरी माह में रामकोट की एक चीनी मिल में प्रेशर टैंक फट गया था। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी। मामले का संज्ञान सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिया था। ऐसा तब हुआ था। जब वहां काम नहीं हो रहा था। यहां तो फैक्टरी में काम जारी था। ऐसा कोई हादसा यहां होता तो आसपास के कई घर और लोग इसकी चपेट में आ जाते।

## बलराम धर्मशाला के पास विस्थापित होंगी दुकानें

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**नैमिषारण्य।** पर्यटकों की सुविधा के लिए क्षेत्र में कॉरिडोर प्रस्तावित है। स्थानीय प्रशासन ने इसकी कवायद शुरू कर दी है। शनिवार को एसडीएम मिश्रिख पंकज सक्सेना के नेतृत्व में तहसील कर्मियों व पुलिस बल ने निरीक्षण किया।

इस दौरान ललिता देवी मंदिर से लेकर चक्रतीर्थ तक सड़क किनारे लगी दुकानों को मंगलवार तक हटाने का निर्देश दिया। एसडीएम ने कहा कि किसी भी दुकानदार को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

जिन दुकानदारों को हटाया जाएगा, उन्हें बलराम धर्मशाला के पास और उत्तराधि मठ के पास विस्थापित किया जाएगा।

गौरतलब है कि ललिता देवी मंदिर से लेकर चक्रतीर्थ तक कॉरिडोर प्रस्तावित है।

जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद लगाई जा रही है। ललिता देवी मंदिर परिसर के पास पंचमुखी हनुमत प्लाजा का निर्माण होना है। चक्रतीर्थ के मुख्य द्वार के सामने इंट्रेंस प्लाजा प्रस्तावित है।

## पुरानी रंजिश में युवक पर जानालेवा हमला

**तीन युवकों ने लाठी-रॉड और कुल्हाड़ी से मारा, रिपोर्ट दर्ज**

जनएक्सप्रेस । हमीरपुर



हमीरपुर जिले के बिवांर थाना क्षेत्र में शनिवार शाम लगभग चार बजे बस स्टैंड में ठेले पर मोमोज खा रहे युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। पुरानी रंजिश में तीन युवकों ने लाठी, लोहे की रॉड व कुल्हाड़ी से जमकर पीटा। लहूलुहान हालत में युवक को पुलिस ने एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

कस्बा बिवांर निवासी लवकुश पुत्र तुलसीराम यादव ने थाना बिवांर में कस्बा के ही तीन युवकों राघव सिंह पुत्र राजू सिंह, गौरव सिंह पुत्र राजा सिंह व दीपक द्विवेदी पुत्र विनय कुमार के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि वह शनिवार शाम मुस्करा से लौटकर बिवांर बसस्टैंड में पानी की टंकी के पास ठेले पर फिंगर और मोमोज खा रहा था।

इसी दौरान तीनों आरोपी आए और अचानक हमला कर दिया और पीट पीटकर अधमरा कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन उसे थाना उठाकर लाए, जिसके बाद पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ और भी शिकायतें हैं, बख्शा नहीं जाएगा।

## मासूम की हत्या की साजिश रचने वाला पांचवां आरोपी हत्थे चढ़ा



**पूछताछ में पता चला कि अनुज शुक्ला एक मेडिकल कंपनी से जुड़ा है। वह मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव है।**

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

सकरन। सिरकिंडा गांव निवासी शिव्यांश की हत्या करने वाले मुख्य साजिशकर्ता को 10 दिन बाद पुलिस ने शनिवार को दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक इस पूरे हत्याकांड की साजिश अनुज ने ही रची थी। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

सिरकिंडा गांव निवासी शिव्यांश (11) का तीन सितंबर की शाम पांच बजे कुछ लोगों ने चकलेबाबा मंदिर के पास से अपहरण कर लिया था। बाद में उसका शव लखीमपुर खीरी जिले में नहर से बरामद हुआ। इस हत्याकांड में शामिल चार आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

शनिवार को इस पूरे घटनाक्रम का मास्टरमाइंड लहरपुर कोतवाली क्षेत्र का निवासी अनुज शुक्ला पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसे जेल भेजा है। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि अनुज ने ही अपने साथियों के साथ पहले तो किशोर को लात-घूसों से मारापीटा था।

उसके बाद चलती कार में ही उसका गला दबाकर हत्या कर दी थी। हत्यारों ने साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव के हाथ पैर बांध कर उसे लखीमपुर खीरी जिले में नहर में फेंक दिया था। इस मामले में पुलिस ने अंकुर त्रिवेदी, पुनीत शुक्ला, रिंकू मिश्रा, अभिषेक कुमार उर्फ राज को पूर्व में ही जेल भेजा है।

थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि अनुज को सकरन थाना क्षेत्र के उमरकलां मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि अनुज शुक्ला एक मेडिकल कंपनी से जुड़ा है। वह मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव है। इस पूरे हत्याकांड का अनुज ही सूत्रधार है।

## 1850 पात्रों को स्वीकृत किए पीएम आवास

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

2,345 जरूरतमंद परिवारों को इस साल आवास की सुविधा दी जानी है। इन सभी को प्रधानमंत्री की ओर से प्रथम किस्त एक साथ भेजी जानी है। इनमें से 1850 पात्रों का चयन शनिवार तक हो गया। 2024-25 में 2,345 लाभार्थियों को आवास बनाने के लिए तीन किस्तों में एक लाख 20 हजार रुपये दिए जाएंगे। पहली किस्त पीएम की ओर से 17 सितंबर को भेजी जाएगी। इसके लिए आवास स्वीकृति और एफटीओ जनरेट किया जा रहा है। 1850 पात्रों को आवास स्वीकृत कर दिए गए हैं। इसके सापेक्ष पहली किस्त भेजने के लिए 818 पात्रों का आदेश सीट जनरेट की गई है। साथ ही एफटीओ जनरेट किए गए हैं। पहले शासन ने 15 सितंबर को पीएम की ओर से पहली किस्त भेजने की सूचना दी थी। इसे परिवर्तित कर दिया गया है। आयुक्त ग्राम्य विकास ने सीडीओ को पत्र भेजकर निर्देश दिए हैं कि पीएम की अध्यक्षता में 17 सितंबर को मुख्य कार्यक्रम उड़ीसा में आयोजित किया जाएगा। जिले में यह कार्यक्रम जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा। सीडीओ निधि बंसल ने सभी बीडीओ को इसके तैयारी के निर्देश दिए हैं। आवास स्वीकृत करने में पांच ब्लॉक अव्वल तय लक्ष्य की तुलना में आवास स्वीकृत करने में पांच ब्लॉक अव्वल रहे हैं। इसकी ओर से सौ फीसदी आवास स्वीकृत किए गए हैं।

## दफन शवों को निकालकर खा गया जंगली जानवर

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




**लहरपुर।** कोतवाली क्षेत्र में अब जंगली जानवर मुर्दों को भी नहीं छोड़ रहा है। जानवर कब्र से दो शवों को निकालकर खा लिया। इसके साथ ही एक बकरी को भी निवाला बनाया है। मौके पर पहुंची वनविभाग की टीम ने जांच की है।

शेखूपुर गांव में शनिवार को गांव के निकट कब्रिस्तान में एक बच्ची का सिर कब्र के बाहर पड़ा दिखाई दिया। सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीण कब्रिस्तान में इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि अमीर की आठ माह की पुत्री की मौत हो गई थी। 15 दिन पहले कब्रिस्तान में दफनाया गया था। वहीं मोइन की दुधमुंही बच्ची को भी कुछ दिन पूर्व ही दफनाया गया था। शुक्रवार रात जंगली जानवर ने कब्र से खोदकर शव खा लिया। एक बच्ची का सिर कब्रिस्तान में पड़ा मिला। जिसे परिजनों ने दोबारा से दफन कर दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि एक जंगली जानवर ने मुनीम की बकरी को भी जंगली जानवर ने हमला करके निवाला बनाया है। इसके अलावा एक और बकरी पर भी हमला किया था। जिसे ग्रामीणों ने बचा लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को उन्होंने एक जानवर को गांव में घुसते वक्त देखा था। शोर मचाने पर वह जानवर वापस गांव के पास गन्ने के खेत में घुस गया। ग्रामीणों ने बताया कि कोई भी वन कर्मी घटना के बाद भी मौके पर नहीं आया है। वन दरोगा राजकुमार वर्मा ने बताया कि शवों को बिज्जू जानवर ने खाया है। बकरी का शिकार सियार ने किया। सियार के पगचिह्न मिले हैं। कॉम्बिंग की जा रही है।

## केन और बेतवा का पानी सरीला और कुरारा के गांवों में घुसा

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

**कुरारा।** बीते दिनों से लगातार बढ़ रहा यमुना व बेतवा नदियों को जलस्तर शनिवार सुबह से घटने लगा। वहीं, केन नदी का जलस्तर बढ़ने से मौदहा तहसील के गढ़ा गांव पानी से घिर गया।

इसी प्रकार बेतवा के पानी से सरीला के कुपरा गांव व कुरारा के पारा कंडौर गांव में आवागमन बाधित हो गया। लोगों को नाव से काम करना पड़ा। वहीं मुख्यालय से सटे सिड़रा गांव में आठ दस घरों तक पानी पहुंच गया। उधर, सुमेरपुर विकास खंड के मौहर कैथी के मध्य सड़क में पानी भर जाने से दो माह पूर्व बनी सड़क क्षतिग्रस्त होने से आवागमन ठप हो गया है। इसके अलावा कही बस्ती में पानी घुसने की सूचना नहीं है। यमुना, बेतवा व केन नदी में बाढ़ के चलते जिले के चार गांवों को आने-जाने का रास्ता प्रभावित हुआ।

लोगों को इसके लिए नाव का उपयोग करना पड़ा। बीते दिनों माताटीला व लहचूरा बांध से बेतवा व धौलपुर से यमुना में छोड़े गए पानी के चलते जिले में नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा था। इसका क्रम शुक्रवार रात थम गया। बेतवा रात 11 बजे 103.45 मीटर पर पहुंच थम गई और यमुना शनिवार सुबह 103.93 मीटर तक पहुंची।

इसके बाद 11 बजे तक यह 103.90 मीटर पर पहुंच स्थिर हो गई। बेतवा एक सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से घटने के साथ बीच में थम जाती है। शनिवार शाम चार बजे बेतवा का जलस्तर 103.28 मीटर दर्ज किया गया।

### केन के खतरे के निशान पर पहुंचने से 13 से ज्यादा पंचायतों में फसलें जलमग्न

बेतवा यमुना केन के खतरे के निशान पर पहुंचने से ब्लॉक की 13 से ज्यादा पंचायतों में तबाही शुरू हो गई है। सैकड़ों किसानों की ज्वार, उरद, मूंग, तिल आदि की फसलें जलमग्न होकर सड़ने लगी हैं।

बेतवा का जलस्तर बढ़ने से मोराकांदर, कुम्हऊपुर, पौथिया, बरदहा, सहजना, कलौलीतीर, हेलापुर, अमिरता, चंदौखी, टिकरौली, पाराओझी, बड़ागांव, दरियापुर, कुंडौरा आदि के किसानों की फसलें प्रभावित हुईं है। यमुना नदी को बाढ़ से पत्योरा, सुरौली बुजुर्ग, बड़ा कछार, बरुआ, भौंरा में किसानों की फसलें जलमग्न हो गईं।

### माताटीला से 93 हजार व लहचूरा से 26 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा

मौदहा बांध के सहायक अभियंता सर्वजीत वर्मा ने बताया कि शनिवार सुबह बेतवा नदी में माताटीला बांध से 93 हजार व लहचूरा से 26 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसे यहां तक पहुंचने में 20 से 24 घंटे का समय लगेगा। इसके रविवार सुबह तक मुख्यालय पहुंचने की संभावना है। तब तक इसका जलस्तर कम हो जाएगा।

इससे आने वाले पानी का असर ज्यादा नहीं रहेगा। वहीं धौलपुर से यमुना में छोड़ा गया पानी निकल चुका है। फिलहाल खतरे जैसी कोई बात नहीं है। वहीं कुछेछा स्थित राहत शिविर का एडीएम विजय शंकर तिवारी ने जायजा लिया है।

# हूती विद्रोहियों ने इस्राइल पर दागी मिसाइल

**पीएम नेतन्याहू ने दी जवाबी कार्रवाई की चेतावनी**



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

यमन के ईरान-समर्थित हूती विद्रोहियों ने रविवार की सुबह इस्राइल के मध्य क्षेत्र में एक मिसाइल दागी। यह मिसाइल इस्राइल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक खुले इलाके में गिरी। इसके बाद सायरन बजने लगे। गाजा में जारी युद्ध के बीच यह ताजा हमला है। इस्राइल ने इस पर जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इस्राइली मीडिया में लोगों को लोगों को शेल्टर की ओर दौड़ते देखा गया। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने बताया कि हमले के हवाई अड्डे का संचालन कुछ देर बाद ही सामान्य रूप से शुरू हुआ।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस्राइल के एक ग्रामीण इलाके में आग लगी। एक ट्रेन स्टेशन पर इंटरसेप्टर मिसाइल का टुकड़ा भी मिला। इस्राइल की सेना ने मिसाइल को इंटरसेप्ट करने के कई प्रयास किए। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं है कि इसमें उसे कोई सफलता मिली या नहीं। सेना ने कहा कि मिसाइल हवा में ही टुकड़ों में टूट गई थी और घटना की जांच जारी है।

हूती विद्रोहियों ने गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से इस्राइल की ओर कई ड्रोन और मिसाइलें दागी हैं। जुलाई में एक ईरान-निर्मित ड्रोन से तेल अवीव में हमला किया गया था। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और दस अन्य घायल हो गए थे। इस्राइल भी यमन में हूती नियंत्रित क्षेत्रों पर कई हवाई हमले कर चुका है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस हमले के बाद एक मंत्रिमंडल की बैठक की। जिसमें उन्होंने जवाबी कार्रवाई के संकेत दिए। उन्होंने कहा, हूती विद्रोहियों को अब समझ लेना चाहिए कि हम पर किसी भी हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ती है। लेबनान ने रविवार को करीब 40 रॉकेट दागे, जिनमें से अधिकांश को या तो इंटरसेप्ट कर लिया गया या वे खुले इलाकों में गिरे। वहीं, एक अलग घटना में इस्राइल ने लेबनान के अल-वजजानी इलाके में पर्चे गिराए, जिसमें वहां के निवासियों से इलाके को खाली करने की अपील की गई। हालांकि, बाद में इसे स्थानीय कमाडंर की गलती बताया गया है और कहा गया कि इलाके को खाली करने का कोई आदेश नहीं दिया गया।

इस्राइल ने हाल ही में गाजा की सीमा पर खोजी गई सुरंगों की जानकारी दी है, जिनमें केवल नौ सुरंगे मिस्र में प्रवेश के लिए थीं। सभी सुरंगों को बंद कर दिया गया है। मिस्र ने पहले ही अपनी तरफ की सुरंगों को बंद कर दिया था। युद्ध की वजह से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों ने कई बार इस्राइल के लिए उड़ानें रद्द की हैं, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव बढ़ा है। ताजा मिसाइल हमले ने इस्राइल और हूती विद्रोहियों के बीच जारी संघर्षों को और बढ़ा दिया है। इससे यह भी स्पष्ट हो गया है कि क्षेत्र में तनाव में कोई कमी नहीं आई हैं और स्थिति अभी भी काफी तनावपूर्ण बनी हुई है।

# शहबाज सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने फजल-उर-रहमान से की मुलाकात

**संविधान संशोधन विधेयक पर समर्थन मांगा**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद**





पाकिस्तान सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को प्रमुख धर्मगुरु और दक्षिणपंथी राजनीतिक नेता मौलाना फजल-उर-रहमान से मुलाकात की और विवादास्पद संविधान संशोधन विधेयक पर उनका समर्थन मांगा। इस विवादास्पद विधेयक का मकसद न्यायपालिका से संबंधित कानूनों में बदलाव लाना है। संशोधनों का विवरण अब भी राज है क्योंकि सरकार ने आधिकारिक तौर पर इसे मीडिया के साथ साझा नहीं किया है और ना ही सार्वजनिक रूप से इस पर चर्चा की है। अब तक जो रिपोर्ट मिली है, उससे पता चलता है कि सरकार न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने और उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश का कार्यकाल तय करने की योजना बना रही है।

सरकार संविधान संशोधन के जरिए से एक संवैधानिक अदालत का गठन करना चाहती है तथा संविधान के अनुच्छेद 63-ए में संशोधन करना चाहती है - जो सांसदों के दलबदल से संबंधित है। सरकार के पास संविधान में संशोधन के लिए दो तिहाई बहुमत नहीं है और उसे मौलाना रहमान के समर्थन की जरूरत है। उनकी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) के नेशनल असेंबली (संसद) में आठ सदस्य और पांच सीनेटर हैं। उनकी पार्टी संसद में निर्णायक भूमिका निभाने की स्थिति में है।

पूरे दिन उनपर नजरें टिकी रहीं क्योंकि सरकार और विपक्षी दल पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रतिनिधिमंडल ने आज उनसे मुलाकात की। सरकार के प्रतिनिधिमंडल में उप प्रधानमंत्री इसहाक डार, गृह मंत्री मोहसिन नकवी और आजम नज़ीर तरार शामिल थे।

सूत्रों ने बताया कि मौलाना सैद्धांतिक रूप से संशोधनों का समर्थन करते हैं, लेकिन पूरी योजना का नहीं। वह यह भी चाहते हैं कि इस बाबत आम सहमति बनाने के लिए पीटीआई को भी भरोसे में लिया जाना चाहिए। सूचना मंत्री अत्ता तरार ने शाम को मीडिया को बताया कि संविधान संशोधन को पेश करने में देरी हो रही है क्योंकि आम सहमति बनाने के लिए विचार-विमर्श जारी है।

# अपने तीसरे विमानवाहक पोत पर स्टेल्थ फाइटर जेट का परीक्षण कर रहा चीन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बीजिंग**

चीन अपने तीसरे विमानवाहक पोत 'फुजियान' पर तैनात करने के लिए जे-35 नामक एक नए स्टेल्थ लड़ाकू विमान का परीक्षण कर रहा है। यह विमानवाहक पोत अन्य दो पोतों की तुलना में एक अलग प्रकार की तकनीक से लैस है। फुजियान में इलेक्टोमैग्नेटिक कैटापल्ट प्रणाली है।

ग्लोबल टाइम्स ने सरकारी प्रसारक सीसीटीवी के हवाले से बताया कि जे-35 का परीक्षण पहले इस साल चीनी की पीपुल्स लिबरेश आर्मी (पीएलए) नौसेना के पहले विमानवाहक पोत लियाओनिंग पर किया गया था। यह नया विमान चीन के अगली पीढी का स्टेल्थ लड़ाकू विमान हो सकता है।

### फुजियान' का वजन 80 हजार टन

चीन के पास वर्तमान में दो विमानवाहक पोत हैं। इनमें सोवियत युग के जहाज 'लियाओनिंग' को पुनर्निर्मित किया गया है तथा 'शांदोंग' स्वदेश निर्मित दूसरा विमानवाहक पोत है जिसे 2019 में सेवा में शामिल किया गया था। इसका तीसरा विमानवाहक पोत 'फुजियान' दोनों पोतों से बड़ा है तथा वर्तमान में इसका परीक्षण किया जा रहा है। इसका वजन 80 हजार टन है। यह पहला पूरी तरह से स्वदेशी रूप से विकसित और निर्मित विमानवाहक पोत है और इसमें अमेरिकी पोत यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड की तरह एक इलेक्ट्रोमैग्नेटिक एयरक्राफ्ट लॉन्च प्रणाली (ईएमएएलएस) है।

### साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट

अखबार ने कहा कि जे-35 को 'शेनयांग एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन' द्वारा जे-20 के बाद पांचवीं पीढ़ी के चीन के दूसरे लड़ाकू विमान के रूप में विकसित किया जा रहा है। सिंगापुर के एस. राजारत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के विशेषज्ञ कॉलिन कोह ने कहा, लियाओनिंग विमानवाहक पोत को पीएलए की क्षमताओं की जांच के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। अब जे-35 को एक उपयुक्त लड़ाकू विमान के रूप में इसका परीक्षण किया जा रहा है।

# बांग्लादेश को 20 करोड़ डॉलर की सहायता मुहैया करेगा अमेरिका

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका**



बांग्लादेश को विकास संबंधी परियोजनाओं, युवाओं को सशक्त बनाने, लोकतंत्र को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने और देश में लोगों के लिए व्यापार एवं आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका करीब 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता मुहैया करेगा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आर्थिक संबंध प्रभाग के अतिरिक्त सचिव एकेएम शहाबुद्दीन और यूएसएआईडी (यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट) के मिशन निदेशक रीड जे. एस्क्लिमन ने अपने-अपने देश की सरकारों की ओर से ढाका में 'द डेवलपमेंट ऑब्जेक्टिव ग्रांट एग्रीमेंट (डीओएजी)' के छठे संशोधन पर हस्ताक्षर किए। सरकारी स्वामित्व वाली 'बीएसएस' समाचार एजेंसी ने बताया कि समझौते के तहत, यूएसएआईडी सुशासन, सामाजिक, मानवीय और आर्थिक क्षेत्रों में अवसरों को बढ़ावा देने के लिए बांग्लादेश को 20.22 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुदान प्रदान करेगा। यूएसएआईडी-बांग्लादेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यूएसएआईडी ने विकास संबंधी कार्यों, युवाओं को सशक्त बनाने, लोकतंत्र और शासन को मजबूत करने, स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार और पूरे देश में लोगों के लिए व्यापार एवं आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए बांग्लादेश सरकार के साथ 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक के समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे पहले रविवार को, अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने एक उच्च- स्तरीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर बांग्लादेश के पुनर्निर्माण, महत्वपूर्ण सुधारों को पूरा करने के संबंध में अमेरिका से सहयोग का आग्रह किया।

# इंग्लिश चैनल पार करते वक्त नाव पलटने से आठ लोगों की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तरी फ्रांस से ब्रिटेन में घुसने की कोशिश करते समय इंग्लिश चैनल पार करते वक्त नाव पलटने से आठ लोगों की मौत हो गई। फ्रांसीसी अधिकारियों के मुताबिक जानकारी मिलने पर बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। जबकि हादसे में बचे लोगों को फ्रांस के एम्बलेट्यूज के खेल हॉल में रखा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि दो सप्ताह पहले भी प्रवासियों को उत्तरी फ्रांस से लेकर ब्रिटेन जा रही एक नाव इंग्लिश चैनल में पलट गई थी। इस हादसे में नाव सवार 13 लोगों की मौत हो गई थी। चैनल के अधिकारियों ने बताया कि फ्रांसीसी तटरक्षक और नौसेना के जहाजों ने पास-डी कैलाइस क्षेत्र से 200 लोगों को बचाया है। शनिवार को फ्रांस से 18 बार ब्रिटेन के लिए नावें रवाना हुईं। अधिकारियों का कहना है कि इस साल फ्रांस से ब्रिटेन में प्रवेश करने के लिए इंग्लिश चैनल पार करने के प्रयास में 43 प्रवासियों की मौत हो चुकी है। जबकि कई लापता हो गए हैं। इससे पहले जुलाई में नाव पलटने से चार, अप्रैल में एक बच्चे समेत पांच और जनवरी में पांच लोगों की मौत हो चुकी है।

ब्रिटेन इंग्लिश चैनल के जरिये घुसपैठ पर लगाम लगाने की तैयारी कर रहा है। ब्रिटेन के गृह सचिव यवेट कूपर ने कहा था कि 100 नए खुफिया अधिकारी राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) में तैनात किए जाएंगे।

एनसीए वर्तमान में लोगों की तस्करी में शामिल बड़े नेटवर्क को तलाश रहा है। इसके लिए एनसीए द्वारा लगभग 70 जांच अभियान चल रहे हैं।

# मालदीव और भारत के बीच सुलझाई गईं गलतफहमियां

**द्वीप राष्ट्र के विदेश मंत्री का दावा**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। माले**



मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने माना है कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली सरकार के शुरुआती दिनों में मालदीव-भारत संबंधों में खटास आई। लेकिन अब दोनों देशों ने गलतफहमियां सुलझा ली हैं। जमीर ने यह टिप्पणी शुक्रवार को श्रीलंका यात्रा के दौरान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। इस दौरान उन्होंने प्रमुख सहयोगियों, खासकर चीन और भारत के साथ द्वीप राष्ट्र के संबंधों के महत्व पर जोर दिया।

जमीर ने कहा कि मुइज्जू के नेतृत्व वाली सरकार के शुरुआती दिनों में दोनों देशों के संबंधों में खटाई आई थी। खासकर तब जब राष्ट्रपति मुइज्जू ने भारतीय सैनिकों मालदीव से हटाने की मांग की थी। जिससे समस्याएं बढ़ गईं थीं। उन्होंने कहा, भारतीय सैनिकों की मालदीव से वापसी के बाद दोनों देशों के बीच गलतफहमियों को दूर कर लिया गया है।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार के शुरुआती समय में कुछ समस्याएं थीं। लेकिन अब भारत और चीन दोनों के साथ हमारे अच्छे रिश्ते हैं और दोनों देश मालदीव का समर्थन कर रहे हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू के चीन समर्थक दृष्टिकोण के चलते मालदीव के भारत के साथ रिश्ते तनावपूर्ण हो गए थे। मुइज्जू ने पद संभालते ही भारत से तीन विमानन प्लेटफॉर्म पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने की मांग की थी। बातचीत के बाद भारतीय सैनिकों को नागरिकों से बदल दिया गया था।

इसके अलावा, मालदीव के कुछ मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों से विवाद पैदा हो गया था। हालांकि, मालदीव के विदेश मंत्रालय ने इन टिप्पणियों से अपना पल्ला झाड़ लिया था और इन मंत्रियों को निलंबित किया गया था। मुइज्जू ने अपने पद ग्रहण के बाद नई दिल्ली के बजाय तुर्की और चीन की यात्रा की थी। उन्होंने नौ जून को प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए नई दिल्ली का दौरा किया था।

जमीर ने यह भी स्पष्ट किया कि मालदीव अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से किसी भी आर्थिक मदद लेने की योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा आर्थिक समस्याएं अस्थायी हैं और सरकार अपनी आर्थिक समस्याओं का समाधान बगैर आईएमएफ की मदद के करने के लिए आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि सरकार टैक्स प्रणाली में सुधार और सरकारी उपक्रमों में लागत में कटौती के उपायों पर काम कर रही है।

उन्होंने चीन और भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की बात की और कहा कि दोनों देशों ने मालदीव का हमेशा समर्थन किया है।

### अब शिक्षा व्यवस्था को लेकर पाकिस्तान की किरकिरी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद।** खराब शिक्षा प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए वित्तीय सहायता मांगने गए पाकिस्तान को एशियन विकास बैंक ने बड़ी नसीहत दी है। बैंक ने सिफारिश की है कि अपनी शिक्षा प्रणाली को सुधारने और लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए पाकिस्तान भारत की उल्लास योजना को अपनाए। मनीला की एशियन विकास बैंक ने पाकिस्तान से कहा है कि सरकार एक रणनीतिक और बहु-हितधारक परामर्शी दृष्टिकोण अपनाए। यह भारत सरकार की नई योजना उल्लास जैसा हो सकता है। बैंक ने कहा कि उल्लास योजना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संघीय और प्रांतीय दोनों सरकारों के सहयोग पर जोर देती है। पाकिस्तान भी ऐसी योजना अपनाकर शिक्षा क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकता है। एडीबी की सिफारिश एडीबी अध्यक्ष मासत्सुगु असाकावा की पाकिस्तान यात्रा से कुछ दिन पहले आई है। दरअसल, योजना आयोग की एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में शिक्षा प्रणाली खराब हो गई है।

# दशकों तक अपने ही घर में सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुई पीड़िता

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पेरिस**

फ्रांस में एक महिला दशकों तक अपने ही घर में सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुई। अब महिला ने अपने ऊपर हुए अत्याचार के खिलाफ मुखरता से आवाज उठाई है और वह महिला दुनियाभर में महिला अधिकारों की मुखर आवाज बनकर उभरी है। पीड़िता का उसके पति ने ही अन्य लोगों के साथ मिलकर दशकों तक शारीरिक शोषण किया।

### पति ने ही किया शोषण

71 वर्षीय गिसेल पेलीकोट को साल 2020 में पता चला कि उनके पति ने ही वर्षों तक गोपनीय तरीके से कई अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपी पति गिसेल को बेहोशी की दवाई देकर सुला देता था और फिर कई लोगों के साथ उसका शारीरिक शोषण करता रहा। अब इस खुलासे के बाद गिसेल ने अपने साथ हुए अत्याचार पर चुप रहने के बजाय उसके खिलाफ आवाज उठाने का फैसला किया। गिसेल ने अपने पति से तलाक ले लिया है और उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मुकदमा दायर किया है।

# इमरान खान ने याह्या खान के दौर से की सरकार की तुलना



**कहा- शहबाज शरीफ को PM कहने का कोई मतलब नहीं**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मौजूदा सरकार और देश की संस्थाओं की आलोचना की है। उन्होंने मौजूदा हालात की तुलना सैन्य शासक याह्या खान के दौरे से की और आरोप लगाया कि देश की संस्थाओं को तबाह किया जा रहा है।

### देश की संस्थाओं को तबाह कर रहा याह्या खान पार्ट-2

इमरान ने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की भी आलोचना की और मौजूदा सरकार को याह्या खान पार्ट-2 करार दिया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, देश एक बार फिर याह्या खान के शासन को महसूस कर रहा है। याह्या खान ने देश की सबसे बड़ी सियासी पार्टी के खिलाफ ऑपरेशन चलाया था। यह याह्या खान पार्ट-2 वहीं कर रहा है और देश की संस्थाओं को नष्ट कर रहा है।

### फैसला सुनाने वाले जज को दी करोड़ों की जमीन

पीटीआई के संस्थापक ने यह भी आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार जजों को गलत फैसले लेने पर मजबूर कर रही है। उन्होंने कहा, याह्या खान पार्ट-2 की सरकार ने जज हुमायूं दिलावर को करोड़ों रुपये की जमीन और अवैध अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दी, जिससे मेरे खिलाफ फैसला सुनाया गया। याह्या खान पाकिस्तान के तीसरे राष्ट्रपति थे और उनके शासन के दौरान पूर्व पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) ने आजादी हासिल की थी। उन्होंने चुनाव के नतीजों को स्वीकार नहीं किया था, जिससे देश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए था और 1971 का युद्ध हुआ था।

### शहबाज को प्रधानमंत्री कहने का कोई मतलब नहीं

उन्होंने मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर भी निशाना साधा। इमरान खान ने कहा, शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री कहने का कोई मतलब नहीं है। वे केवल एक मोहरे हैं, जिनके फैसले प्रतिष्ठान की मंजूरी पर निर्भर हैं। हगो सकता है कि इस मोहरे को कल जबरन गायब कर दिया जाए।

### पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति को लेकर साधा निशाना

इसके साथ ही, इमरान ने पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा, सिंगापुर कराची से भी कम आबादी वाला देश है और पाकिस्तान से ज्यादा निवेश आकर्षित कर रहा है। सिंगापुर में निवेशक अरबों डॉलर ला रहे हैं। जबकि पाकिस्तान दुनिया का पांचवां सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, उसका विदेशी निवेश अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। निवेश केवल उन्हीं देशों में होते हैं, जहां कानून का राज हो।

### रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं इमरान खान

क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान फिलहाल रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं और उनके खिलाफ कई मामले चल रहे हैं। जेल में रहते हुए भी वे अपने सोशल मीडिया खाते पर नियमित रूप से संदेश पोस्ट कर रहे हैं, जो अक्सर विवाद का कारण बन जाते हैं। पीटीआई ने हाल ही में एक विशाल रैली का आयोजन किया था और इमरान की रिहाई की मांग की थी। पार्टी ने आरोप लगाया था कि उनके नेताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई और उन पर गोलीबारी भी की गई।

### खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की निंदा की

इसके अलावा, इमरान खान ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर की गिरफ्तारी की भी निंदा की और कहा कि यह स्थिति बेहद भयावह है। उन्होंने यह भी कहा, जब भी सिकंदर सुल्तान राजा (मुख्य चुनाव आयुक्त) गेंदबाजी करते हैं, काजी फैज ईसा (पाकिस्तान के चीफ जस्टिस) स्लिप में होते हैं, जबकि आमिर फारूक (इस्लामाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस) दूसरे स्लिप में होते हैं। यह एक फिक्स मैच है और इसके सभी पात्र बेईमान हैं।

### शेख हसीना समेत 59 लोगों पर नया मामला दर्ज

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका।** शेख हसीना के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया गया है। हसीना के साथ अन्य 58 लोगों पर हिंसक झड़पों के दौरान एक छात्र की हत्या के प्रयास का आरोप लगा है। यह मामला 22 वर्षीय फहीम फैसल ने दर्ज कराया था। फैसल ने बताया कि उसे चार अगस्त को दिनाजपुर में गैर सरकारी प्रदर्शन के दौरान गोली मारी गई थी, जिसमें वह घायल हो गया था। इसके साथ ही हसीना के खिलाफ अबतक 155 मामले दर्ज किए गए, जिसमें 136 मामले हत्या के और मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार के सात मामले शामिल हैं। इसके अलावा तीन अपहरण के मामले, आठ हत्या के प्रयास के लिए और एक बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के जुलूस पर हमले करने का मामला भी दर्ज है। मामले के अनुसार, प्रदर्शनकारियों पर हथियारों से हमला किया गया था, जिसमें फैसल को कई चोटें आईं। दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में उसका इलाज किया गया। फिलहाल वह ठीक है। शेख हसीना के अलावा पूर्व व्हिप इकबालुर रहीम और दिनाजपुर सदर उपजिला अध्यक्ष इमदाद सरकार के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि पिछले महीने पांच अगस्त को शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत आ गई थीं।

### बाइडन व स्टारमर ने पुतिन की धमकियों को किया नजरअंदाज

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन व ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर ने वाशिंगटन में मिलकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की धमकियों को नजरअंदाज किया। पीएम स्टामर से पूछा गया कि क्या उन्होंने रूस के अंदर लंबी दूरी तक मार करने वाली स्टॉर्म शैडो मिसाइल के इस्तेमाल की यूक्रेन को मंजूरी देने को लेकर बाइडन को सहमत कराया है। इस पर उन्होंने कहा, इस पर कोई अंतिम फैसला नहीं हो पाया। जब उनसे पुतिन की धमकी के संबंध में राय व्यक्त करने को कहा गया तो उन्होंने इसे नरअंदाज कर दिया।

### पश्चिम ने रूस पर हमले का मन बनाया: मॉस्को

रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव का दावा है कि कि यूक्रेन को रूस पर लंबी दूरी की मिसाइलों से हमला करने की अनुमति देने का मन बना लिया है। यदि ऐसा हुआ तो रूस जवाब देगा।

### जी-20 देश दुष्प्रचार से लड़ने व एआई दिशानिर्देशों पर सहमत

जी-20 समूह नेताओं ने दुष्प्रचार से लड़ने और एआई पर एक एजेंडा स्थापित करने को लेकर सहमति जताई है। उन्होंने डिजिटल प्लेटफार्मों को पारदर्शी

# मुहम्मद यूनुस से वार्ता के लिए बांग्लादेश पहुंचे अमेरिकी राजनयिक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका**

अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रमुख राजनयिक मुख्य सलाहकार शनिवार को बांग्लादेश पहुंचे। यहां वह मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के साथ मुख्य रूप से वित्तीय और व्यापार मामलों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक सचिव डोनाल्ड लू ढाका में एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं,

जिसमें दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रैंडन लिंच भी हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा के लिए यूनुस से मिलने के अलावा, प्रतिनिधिमंडल वित्त और वाणिज्य सलाहकार सालेहुद्दीन अहमद से भी मुलाकात करेगा। विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि चर्चा मुख्य रूप से वित्तीय और व्यापार मामलों पर केंद्रित होगी।

### भारत में नए कानून के चलते एनजीओ को दान में मुश्किलें

अमेरिकी डेमोक्रेटिक नेता एवं वरिष्ठ सांसद टिम केन ने कहा है कि भारत के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के कारण वहां संचालित एनजीओ के लिए अन्य देशों से दान प्राप्त करना 'बहुत कठिन' हो गया है। उन्होंने कहा, एमनेस्टी और अन्य संगठनों को भारत में सेवाएं या तो सीमित करनी पड़ीं अथवा बंद करनी पड़ी हैं, क्योंकि उनका संचालन दान से जुटाए धन पर निर्भर है। केन ने सीनेट की विदेश संबंध समिति द्वारा आयोजित 'एनजीओ विरोधी कानून और लोकतांत्रिक दमन के अन्य तरीकों' पर संसद में चर्चा के दौरान यह बयानबाजी की।

### मिस्र में यात्री ट्रेनों की टक्कर में दो की मौत, 29 घायल

मिस्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि उत्तर-पूर्व काहिरा के शार्किया गवर्नरेट के जगाजिग शहर में दो यात्री ट्रेनों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि 29 अन्य घायल हो गए। मंत्रालय ने कहा, घायलों को अस्पतालों में ले जाया गया और बचाव अभियान जारी है। रेलवे प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि एक ट्रेन जगाजिग शहर से इस्माइलिया शहर की ओर जा रही थी, जबकि दूसरी मंसूरा शहर से जगाजिग शहर की ओर जा रही थी।

### मालदीव-चीन ने रक्षा सहयोग मजबूत करने के तरीकों पर की चर्चा

मालदीव और चीन ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रक्षा मंत्री घासन मौमून ने 11वें बीजिंग जियांगशान फोरम के मौके पर अपने चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जून से मुलाकात की। चर्चा के विवरण का खुलासा किए बिना कहा, बैठक के दौरान, दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। चीन में मालदीव के राजदूत डॉ. फजील नजीब भी बैठक के दौरान मौजूद थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)